सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
15.11.2024
नगर संस्करण। पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
khabarmantralive.com
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12। अंक : 123



झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस आज



प्रकाश पर्व
कार्तिक पूर्णिमा

12 खुदरा महंगाई बढ़ने से शेयर बाजार में हाहाकार

## न्यूज डायरी

### झारखंड का आज 24वां स्थापना दिवस समारोह

रांची। शुक्रवार को झारखंड अपना 24वां स्थापना दिवस मनायेगा। साल 2000 में इसी दिन बिहार से अलग करके झारखंड राज्य बनाया गया था। इस अवसर पर राज्यभर में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। राज्यपाल संतोष गंगवार ने झारखंड के स्थापना दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### मंईयां सम्मान योजना जारी रहेगा, याचिका खारिज

रांची। झारखंड सरकार द्वारा चलायी जा रही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर रोक के लिए झारखंड हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। अदालत ने इस योजना पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। कोर्ट में इसके खिलाफ दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि चुनाव से पहले सरकार ने मतदाताओं को लुभाने के लिए इस तरह की योजना शुरू की है।

### कार की स्टेपनी से 25 लाख बरामद

गिरिडीह। विधानसभा चुनाव के दौरान जिला प्रशासन ने 25 लाख रुपए बरामद किये हैं। झारखंड बिहार सीमा पर बुधवाडीह (सरौन) चेकपोस्ट पर गुरुवार को एसएसटी ने ये रकम बरामद की। 25 लाख रुपए के साथ कार (स्विफ्ट डिजायर) को भी जब्त किया गया है। सभी रुपये कार की स्टेपनी के अंदर छिपकर रखा हुआ था।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 70900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 92000 रु./प्रति किलो |

## गिरिडीह, डुमरी, बेरमो में बोले शाह, लूट का पाई-पाई वसूलेंगे

# झारखंड को एटीएम बना रखा है

- घुसपैठियों को बसाने में लगी है झारखंड सरकार
- भाजपा की डबल इंजन सरकार ही समृद्ध झारखंड बनायेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को गिरिडीह, गांडेय और डुमरी में आयोजित चुनावी जनसभा ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झमुमो, कांग्रेस, राजद झारखंड को एटीएम समझ रही है। हेमंत सरकार केंद्र की योजना लागू करने की बजाये घुसपैठियों को बसाने में जुटी है। घुसपैठिये झारखंड में आकर बच्चियों से दूसरी, तीसरी शादी करके उनकी जमीन हड़प लेते हैं। झारखंड में डबल इंजन सरकार बनते ही विकास की रफ्तार पकड़ लेगी। घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकाला जायेगा। श्री शाह ने कहा कि पहले चरण में ही झामुमो का सूपड़ा साफ हो गया है। भाजपा की सरकार भारी मतों से आ रही है। कमल फूल की सरकार बना दो, यहां इंसान क्या परिंदा भी पैर नहीं मार पायेगा। हम ऐसा कानून लेकर आयेंगे कि आदिवासियों की जमीन हड़पी है, वो वापस करनी पड़ेगी।

**झारखंड को समृद्ध बनायेंगे** श्री शाह ने कहा कि झारखंड देश को कोयले से बिजली देता है, लेकिन राज्य की जनता गरीबी में जी रही है। यह सब गठबंधन सरकार की लूटखसोट के नतीजों का परिणाम है। इन लोगों ने झारखंड को एटीएम समझ लिया है। उन्होंने दावा किया कि सता में आने बाद भाजपा झारखंड को पांच साल में देश का सबसे समृद्ध राज्य बना देगी। गठबंधन के नेताओं के भ्रष्टाचार की जांच के लिए एसआईटी गठित की जायेगी और उन्हें जेल में डाला जायेगा। उन्होंने कहा, झामुमो-कांग्रेस नेताओं द्वारा लूटा गया एक-एक पैसा राजकोष में वापस डाला जायेगा। कांग्रेस सांसद और आलमगीर आलम के घर के मिले पैसों पर कहा कि चिंता मत करो, कमल फूल की सरकार ला दो। इन भ्रष्टाचारियों से एक-एक पाई वसूलेंगे।

**वक्फ कानून बदल देंगे:** श्री शाह ने कहा कि वक्फ बोर्ड को जमीन हड़पने की आदत है। कर्नाटक में, उन्होंने पूरे गांवों की संपत्ति, 500 साल पुराने मंदिरों को हड़प लिया है। उन्होंने कृषि भूमि हड़प ली। मुझे बतायें कि वक्फ बोर्ड में बदलाव की जरूरत है या नहीं। हेमंत-बाबू और राहुल गांधी इसका विरोध करते हैं, उन्हें इसका विरोध करने दें। भाजपा वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन के लिए संसद में विधेयक पारित करेगी और इसे कोई नहीं रोक सकता है।

**21वीं लांचिंग भी फेल होगी:** श्री शाह ने कहा, सोनिया जी को अपने बेटे को लांच करने का शौक है। वह 20 बार राहुल विमान को लांच करने का प्रयास कर चुकी हैं, हर विफल रही हैं। यह 20 बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है। यह देवघर हवाई अड्डे पर 21वीं बार दुर्घटनाग्रस्त होने वाला है।

# पूरे देश का चिड़िमार यहां घूम रहा है : हेमंत

### अगले पांच साल भी सत्ता के लिए भाजपा छटपटाती रहेगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका/सारठ।** दूसरे चरण के चुनाव प्रचार ने गति पकड़ ली है। सीएम हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को दुमका और सारठ विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित कर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा पूरे देश का चिड़ीमार, विधायक और सांसद की चोरी करने वाले चोर झारखंड में घूम रहा है। इनका कई राज्यों के सीएम, खुद पीएम और गृह मंत्री यहां डेरा डाले हुए है। पिछले पांच साल ये लोग एक आदिवासी के पीछे पड़े हुए हैं, लेकिन बाल भी बांका नहीं कर सकें हैं। सत्ता के बगैर भाजपा बिन पानी के मछली के समान तड़प रही है। सत्ता पाने के लिए वे लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं। पिछले पांच वर्षों से हमलोगों ने भाजपा को सत्ता से दूर रखा, अगले पांच साल भी यही हाल करेंगे। समाज में जहर घोलना चाहती है भाजपा, उनके पास विकास का कोई मुद्दा नहीं है।

**भाजपा को आदिवासियों की चिंता नहीं**

सीएम ने कहा कि भाजपावालों को राज्य की जानता के सुख दुःख की चिंता नही। इन्हें युवा, महिला, किसान , आदिवासी, दलित और गरीबों से कोई मतलब नहीं है। एक आदिवासी के पीछे हाथ धो कर पड़े हैं। यहां के आदिवासी मूलवासी को घुसपैठिये बोलता है। अजीब स्थिति है। आज एक आदिवासी मुख्यमंत्री बना है तो यह उनके आंखों में चुभ रहा है। 20 नवंबर को चुनाव के दिन सभी तीर धनुष छाप पर वोट डालकर आपके अपने चहेते विधायक बसंत सोरेन को जीताने का काम करें। ऐसे लोगों को बोरा में बंद कर गुजरात में फेंक देना है। इनके राज्य में आदिवासी महिलाओं का चीर हरण हो रहा है और ये मौन तमाशा देख रहें हैं।

### झारखंड का सीएम बनना चाहते हैं हिमंता

सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा को घेरा और कहा, वे झारखंड के सीएम बनना चाहते हैं। एक साल से वे यहां डेरा डाले हुए हैं। यही नहीं वे सुपारी लेकर पिछले कई साल से हमारी सरकार को गिराने में लगे हुए थे।

## डबल इंजन ने लूटा, हेमंत ने विकास किया

- पूरे झारखंड में *एक ही नारा, हेमंत सोरेन दोबारा* : कल्पना सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने जामताड़ा में कांग्रेस के इरफान अंसारी, पाकुड़ में लिट्टीपाड़ा के झामुमो प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू के पक्ष में चुनावी सभाओं में भाजपा पर जम कर बरसीं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने अपने काल में झारखंड को दोनों हाथों से लूटा। राज्य का हालत बदतर कर दी। वही जब से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी झारखंड विकास की राह पर बढ़ चला। कल्पना सोरेन ने चुनावी सभा में फिर से महागठबंधन की सरकार बनाने और हेमंत सोरेन को फिर से मुख्यमंत्री बनाने के नारे लगाये। उन्होंने नारा दिया कि एक ही नारा, हेमंत सोरेन दोबारा। उन्होंने आम लोगों से झारखंड के हित के लिए महागठबंधन की सरकार बनाने और हेमंत सोरेन को फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट करने की अपील की। (शेष 11 पर)

## घुसपैठ से झारखंड का अस्तित्व खतरे में : योगी


- आ रही डबल इंजन सरकार, लव जिहाद को उखाड़ फेकेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को बसने की इजाजत देकर झामुमो सरकार ने राज्य के अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। रोहिंग्या मुसलमानों को लैंड जिहाद, लव जिहाद के जरिये झारखंड में घुसाने का काम किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार बनते ही लव जिहाद को उखाड़ फेकेंगे। झारखंड में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। झारखंड की योजनाओं पर सिर्फ राज्य के लोगों का अधिकार है घुसपैठियों का। नहीं। योगी गुरुवार को निरसा, बोकारो और बेरमो में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी जनसभाओं में बोल रहे थे। उन्होंने सभी एकजुट रहने की अपील की। साथ ही कहा, जिस प्रकार पहले हिंदू बंट गये थे तो देश बंट गया था। उस दौरान हिंदू मारे भी गये थे लेकिन आज हमें एकजुट रहना है, क्योंकि अगर एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। याद रखें बंटेंगे तो कटेंगे। (शेष 11 पर)

SRI GURU NANAK PUBLIC SCHOOL
RAMGARH
10+2, Co-Educational Institute, Affiliated to C.B.S.E., New Delhi.



श्री गुरु नानक देव जी की 556 वें जयंती पर सभी रामगढ़ जिलावासियों को गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा कमेटी, श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल कमेटी, श्री गुरु नानक नर्सरी स्कूल कमेटी एवं श्री गुरु गोविन्द सिंह ऑडिटोरियम कमेटी एवं रामगढ़ की सभी सिक्ख सात् - संगत कीओर से लख लख बधाइयां।



कर्म भूमि पर फल के लिए श्रम सबको करना पडता है,
रब सिर्फ लकीरें देता है रंग हमको भरना पड़ताहै |




सरदार परमदीप सिंह कालरा
अध्यक्ष
गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, रामगढ़

सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा
चेयरमैन
स्कूल प्रबंधन कमेटी

सरदार मनमोहन सिंह लांबा
डिप्टी चेयर मैन-सह-मैनेजर
स्कूल प्रबंधन कमेटी

vedanta
transforming for good
ESL STEEL LIMITED

एकता में विकास

झारखंड के भविष्य के प्रति वेदांता ईएसएल की प्रतिबद्धता नंद घर के माध्यम से झलकती है, जहां वह नन्हीं जिंदगियों को संवारने, महिलाओं को सशक्त बनाने और समुदायों में उम्मीद की किरण जगाने का कार्य कर रही है।

#BehtarJharkhand



# झारखंड के वोटर भय और भ्रष्टाचार से मुक्त एनडीए सरकार बनाने को तैयार : अनुराग

**भाजपा के मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को निशाने पर लिया**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि झारखंड के वोटर्स भय, भ्रष्टाचार से मुक्त एनडीए सरकार बनाने को तैयार है। श्री ठाकुर गुरूवार को मारू टॉवर स्थित भाजपा के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड को भाजपा ने बनाया, वही संवारेगी भी। पिछले पांच सालों में यहां झामुमो-कांग्रेस-राजद की सरकार ने लव जिहाद, लैंड जिहाद को बढ़ावा दिया। जनसंख्या, जमीन के संतुलन को बिगाड़ा। उन्होंने कहा कि आदिवासी भाई बहनों को बहला फुसलाकर उनकी जमीन, उनके अधिकार छीने गयेण सबों को ठगा गया। जल, जंगल, जमीन, कोयला, लोहा, बालू सबकी लूट होती रही। गरीब आदिवासियों की जमीन और अस्मिता को भी लूटा गया। पर यहां बदलाव होगा। यहां के युवा वोट से चोट करके सरकार बदलेंगे।

उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार घुसपैठ को बढावा और संरक्षण देती रही। ऐसा उसने क्या राहुल गांधी के कहने पर किया है। हर साल पांच लाख लोगों को नौकरी देने का वादा था। पांच सालों में मात्र 11422 युवाओं को ही नौकरी मिली। बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया गया था लेकिन एक को भी नहीं दिया। विधवा, वृद्ध महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह नहीं मिले। नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को नहीं दिया गया। वादा पूरा करने में फिसड्डी साबित हो रही है कांग्रेस सरकार। सरकारी कर्मियों को पेंशन तनख्वाह पर भी आफत है। मौके पर कर्नाटक के नेता प्रतिपक्ष नारायण स्वामी, राष्ट्रीय नेता संजय मल्लिक, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और सह मीडिया प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह भी मौजूद थे।

**भाजपा पर सीमा सुरक्षा में लगे जवानों का मनोबल तोड़ने का लगाया आरोप**

# झारखंड के लोगों को अपमानित करना बंद करे भाजपा, यहां का हर व्यक्ति झारखंडी : बीके हरि




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा झारखंड वासियों को घुसपैठिया बता रही है। यह झारखंड वासियों का अपमान है। बगैर किसी सूची और चिन्हित किए बिना किसी को भी घुसपैठियों नहीं कहा जा सकता। केंद्र अपना कर्तव्य निभाये। भाजपा झारखंड वासियों को अपमानित करना बंद करें। झारखंड में जो भी है वह झारखंडी है। झारखंड से कोई अंतरराष्ट्रीय सीमा नहीं लगती है, जिससे घुसपैठ हो और घुसपैठियों की बात कर सीमा सुरक्षा में लगे जवानों का मनोबल तोड़ने की कोशिश भाजपा कर रही है। अगर घुसपैठियों की सूची केंद्र सरकार के पास है तो केंद्र सरकार सूची जारी करे। ऐसी कोई सूची नहीं है। नरेंद्र मोदी झूठ बोलते हैं। झारखंड में घुसपैठ के नाम पर भाजपा डर पैदा कर रही है। असम में 30 लाख घुसपैठियों की सूची भाजपा सरकार ने दिया था, लेकिन 3 लाख भी नहीं निकले। यह बातें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा झारखंड के लिए नियुक्त सीनियर को ऑर्डिनेटर बीके हरिप्रसाद ने भाजपा द्वारा लगातार घुसपैठ को उछाले जाने पर संवाददाता सम्मेलन में कही।

**मोदी जी ने 23 उद्योगों को बेच दिया :** नरेंद्र मोदी विकास और जनता के मुद्दों पर बात नहीं करते। आजादी के बाद पंडित नेहरू ने सार्वजनिक उद्यम लगाए थे, जिसमें से 23 उद्योगों को बेच दिया गया और बाकी को बेचने की तैयारी है। एचईसी के बारे में मोदी जी कुछ नहीं कहते। मोदी जी को रोजगार, महिला सुरक्षा पर बात करनी चाहिए। नरेंद्र मोदी हमेशा चुनाव के समय डर का माहौल पैदा कर वोट लेना चाहते हैं।

## सरना धर्मकोड और पिछड़ों के आरक्षण के मुद्दे पर भाग रही है भाजपा

बीके हरि प्रसार ने कहा कि भाजपा सरना धर्मकोड,पिछड़ों के आरक्षण के मुद्दे पर भाग रही है। पिछड़ा वर्ग को विभिन्न राज्यों में तय सीमा में आरक्षण मिलता है। लेकिन झारखंड में भाजपा ने अपने शासनकाल में आरक्षण सीमा को घटा दिया जो सबसे कम है। 2015 में बिहार चुनाव के समय मोहन भागवत ने आरक्षण को समाप्त करने की बात की थी, जिसका मुंह तोड़ जवाब बिहार की जनता ने दिया था। आरक्षण के संबंध में राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा है कि आरक्षण की सीमा को 75 प्रतिशत तक ले जाएंगे। नरेंद्र मोदी ने इस बारे में स्पष्ट रूप से आज तक कुछ नहीं कहा है, उन्हें जवाब देना चाहिए। आरक्षण इस देश में समानता लागू करने के लिए है हमारा संविधान सभी को समान अवसर और अधिकार देने की बात कहता है। हम संविधान के अनुसार देश चलाना चाहते हैं। राहुल गांधी के बयान को तोड़ मरोड़कर का पेश किया गया है। भाजपा आरएसएस का छुपा एजेंडा है। संविधान बदलने का जिसका हम मौका नहीं देंगे। हमने चुनाव में जो सात गारंटी दिया है। वह सभी झारखंड वासियों को मिलेगा।

# भाजपा के मुद्दे को नकार चुकी है राज्य की जनता : लाल किशोर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि बीजेपी झारखंड विधानसभा चुनाव में घुसपैठियों ,हिंदू -मुसलमान के मुद्दे से बाहर नहीं निकल पा रही है। पहले चरण के 43 विधानसभा क्षेत्र के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। राज्य की जनता ने भाजपा के मुद्दे को नकार चुकी है। भाजपा के धार्मिक ध्रुवीकरण के मुद्दे को खारिज कर दिया और राज्य की जनता ने फैसला लिया कि हम सामाजिक सौहार्द के साथ विकास चाहते हैं।

श्री शाहदेव ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर अपने चुनावी संबोधन में कह रहे हैं कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की सरकार अपने कल्याणकारी योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं करती। हमने मंइयां सम्मान योजना सभी जाति,धर्म और संप्रदाय के लोगों को दिया। इसी तरह सर्वजन पेंशन योजना सभी को मिल रहा है। गैस का सिलेंडर भी सभी को 450 में दिया जाएगा। श्री शाहदेव ने कहा कि भाजपा पहले चरण के चुनाव में पूरी तरह मात खा चुकी है। अब दूसरे चरण के चुनाव की बारी है भाजपा 20 नवंबर तक अपना चुनावी एजेंडा नहीं सेट नहीं कर पा रही है। राज्य की जनता को उनके द्वारा किए गए वादों पर भरोसा नहीं है क्योंकि भाजपा ने हमेशा वादा कर वादाखिलाफी की है।

# तीन लेयर में है स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, बीएसएफ एसएसबी, जैप और जिला पुलिस की टीम तैनात

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पहले चरण के चुनाव के बाद पंडरा स्थित मतगणना केंद्र में कड़ी सुरक्षा है। मतगणना केंद्र में बने स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए तीन लेयर में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। इसमें बीएसएफ के जवान, जिला पुलिसकर्मी, एसएसबी, जैप के जवान हथियारों के साथ सुरक्षा में मुस्तैद हैं। मतगणना केंद्र में लोगों का प्रवेश बंद कर दिया गया है। सिर्फ पार्टियों और प्रत्याशियों के अधिकृत लोग ही प्रवेश कर सकेंगे। उससे पहले स्ट्रांग रूम को सभी उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रशासन ने सील कराया। प्रशासन की तरफ से दर्जनों सीसीटीवी लगाए गए हैं। स्ट्रांग रूम के अंदर के फुटेज के लिए भी परिसर में एलईडी स्क्रीन लगाई गई है।

**तीन शिफ्ट में होगी निगरानी :** मतगणना केंद्र स्थित स्ट्रांग रूम में तीन शिफ्ट में सुरक्षाकर्मियों को निगरानी में लगाया गया है। निगरानी के अलावा सभी पार्टियों के अलग अलग प्रतिनिधि स्ट्रांग रूम की निगरानी में लगे रहेंगे। उन्हें दिक्कत न हो इसके लिए प्रशासन की तरफ से टेंट और शौचालय की व्यवस्था अलग से की गई है। वहीं खाने पीने के लिए आजीविका दीदी के स्टॉल भी अंदर लगाए गए हैं ताकि लोगों को उसके लिए भी बाहर नहीं जाना पड़े। साथ ही इन केंद्रों में सस्ते दरों में खाना उपलब्ध कराया जाएगा।

**सुरक्षा चाक चौबंद करने के लगी रही प्रशासन की टीम :** व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए गुरुवार को प्रशासन की टीम पूरी तरह लगी रही। बैरिकेडिंग के बाद आने वाले लोगों से पास की मांग की जा रही थी। जिनके पास यह नहीं था, उन्हें अंदर आने नहीं दिया गया। इसके अलावा टेंटों में गंदगी न पसरी रहे और यहां रहने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए सफाई कर्मी भी अपने अपने काम में जुटे रहे।

## रांची जिले की विस सीटों की मतगणना सात हॉल में 138 टेबल पर

**रांची।** रांची जिले की विधानसभा सीटों के चुनाव की मतगणना की व्यवस्था अंतिम चरण में है। मतों की गिनती सात हॉल में कुल 138 टेबल पर की जाएगी। विधानसभावार अलग-अलग हॉल है। अधिकतम 23 और न्यूनतम 18 राउंड में वोटों की गिनती होगी। सभी विधानसभा सीटों के मतों की अलग-अलग गिनती होगी। जिस विधानसभा का राउंड सबसे कम होगा, वहां का परिणाम पहले आएगा। इसके अनुसार सिल्ली विधानसभा का परिणाम सबसे पहले आएगा। सिल्ली में 279 मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती 16 टेबलों पर 18 राउंड में पूरी कर ली जाएगी। यहां आखिरी राउंड में सिर्फ सात टेबलों पर ही गिनती होगी। हटिया विधानसभा का परिणाम देर से आयेगा। यहां के वोटों की गिनती के लिए 22 टेबल लगाए जाएंगे। इसकी 23 राउंड में गिनती होगी। तमाड़ विधानसभा के मतों की गिनती के लिए 16 टेबल लगाए जाएंगे और 19 राउंड में मतगणना पूरी होगी। खिजरी विधानसभा के 413 मतदान केंद्रों के लिए 20 टेबल लगेंगे और 21 राउंड में गिनती पूरी होगी। रांची मतदान केंद्रों के लिए 20 टेबल लगेंगे और 19 राउंड में गिनती पूरी होगी। कांके के 482 मतदान केंद्रों के लिए 22 टेबल लगेंगे और 22 राउंड में गिनती पूरी होगी। मांडर विधानसभा के 430 मतदान केंद्रों के लिए 22 टेबल लगाए जाएंगे। यहां 20 राउंड में गिनती पूरी होगी।

**खबर एक नजर में**

### मतदान केंद्र के पास कांग्रेस प्रत्याशी का लगा था पोस्टर, केस

**रांची।** हटिया विधानसभा क्षेत्र के डीएवी कपिलदेव स्कूल स्थित मतदान केंद्र के पास कांग्रेस प्रत्याशी अजयनाथ शाहदेव का पोस्टर लगा हुआ था। इसको लेकर दंडाधिकारी हेरेंज कुंदन ने कांग्रेस प्रत्याशी अजयनाथ शाहदेव के खिलाफ अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दंडाधिकारी की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि बुधवार को मतदान के दिन अजयनाथ शाहदेव का पोस्टर केंद्र के पास लगा हुआ था। यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

### रक्षा राज्य मंत्री और भाजपा प्रत्याशी समेत 50 लोगों पर आदर्श आचार संहिता का केस दर्ज

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह समेत 50 नेताओं पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगा है। इस संबंध में दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त ग्रामीण विकास विभाग के सहायक अभियंता जय प्रकाश सिंह ने चुटिया थाने में रक्षा राज्य मंत्री, भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह समेत 50 नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। सहायक अभियंता दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 11 नवंबर को चुटिया के गोसाई टोली और कृष्णापुरी रोड नंबर-10 में प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद भाजपा प्रत्याशी के द्वारा बैठक की गई थी। इसमें रांची विधानसभा सीट के प्रत्याशी सीपी सिंह के पक्ष में लोगों से वोट अपील की गई थी। इसका वीडियो प्राप्त होने के बाद जांच की गई। जांच में आरोप सही पाया गया। इसके बाद सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### नगर निगम ने झारखंड स्थापना दिवस की तैयारी की

**रांची।** 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुण्डा जयंती एवं झारखण्ड स्थापना दिवस है। इस मौके पर कई गणमान्य और विशिष्ट लोग धरती आबा बिरसा मुंडा और झारखंड के महानायकों को स्मरण करेंगे। ऐसे में इस अवसर को देखते रांची नगर निगम के द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत बिरसा चौक तथा कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति की सफाई की गयी है। चौक-चौराहों पर अवस्थित सभी महापुरूषों की मूर्तियों की भी सफाई के साथ-साथ कूड़े का उठाव, मुख्य मार्गों पर झाड़ू, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव इत्यादि का कार्य किया गया।

### हाई कोर्ट ने रांची उपायुक्त और निगम से मांगी कोर्ट के आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने जल स्रोतों के संरक्षण के संबंध में रांची नगर निगम एवं रांची डीसी से कोर्ट के 20 सितंबर के आदेश के अनुपालन को लेकर शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा पानी की समस्या पर गठित की गई टास्क फोर्स की बैठक में लिये गए निर्णय पर भी जानकारी मांगी है। इससे पहले रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि हिनू नदी में अतिक्रमण को लेकर वर्ष 2021 से लंबित केस पर 1 अक्टूबर 2024 को रांची नगर निगम ने आदेश पारित कर दिया। अब एक माह के भीतर अतिक्रमण करने वाले आरआरडीए ट्रिब्यूनल से राहत नहीं पाते हैं तो उनके अतिक्रमण को हटाने को लेकर कार्रवाई की जायेगी। रांची के बड़ा तालाब में दिवाली और छठ पर्व को लेकर कुछ गंदगी हुई है उसे साफ कराया जाएगा। गुरुवार को खंडपीठ ने जल स्रोतों के संरक्षण एवं डैम की साफ-सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने वाली याचिका की सुनवाई की।

# डिस्पैच में अनुपस्थित पीठासीन पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को शो-कॉज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में डिस्पैच के दिन बिना अनुमति अनुपस्थित रहनेवाले पीठासीन पदाधिकारियों/ मतदान कर्मियों को शो-कॉज जारी किया गया है। 12 नवंबर को कुल 273 पीठासीन पदाधिकारियों/ मतदान कर्मियों की बिना अनुमति अनुपस्थिति को जिला प्रशासन ने कारण पृच्छा समर्पित करने का आदेश जारी किया गया है।

**स्वीकार्य योग्य स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर होगी एफआईआर**

पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच के दिन अनुपस्थित रहने वाले पीठासीन पदाधिकारियों/मतदान कर्मियों द्वारा स्वीकार्य योग्य स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में इनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहनेवाले पीठासीन पदाधिकारियों/ मतदान कर्मियों को दिनांक 15.11.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक स्पष्टीकरण समर्पित करने का आदेश दिया गया है।

**113 संस्थानों के कुल 273 पीठासीन पदाधिकारियों/मतदान कर्मियों को शोकॉज :** विधानसभा चुनाव 2024 के निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिए केन्द्र सरकार/ राज्य सरकार के कार्यालय/ प्रतिष्ठान/ निकाय/शैक्षणिक संस्थान में सेवारत पदाधिकारी/ कर्मचारी की नियुक्ति पीठासीन/ मतदान पदाधिकारी के रुप में दायित्व निर्वहन के लिए की गयी थी। निर्गत नियुक्ति पत्र पर सभी पीठासीन पदाधिकारियों/ मतदान कर्मियों को स्पष्ट निदेश दिया गया था कि वे दिनांक 12.11.2024 को पूर्वाह्न 06:00 बजे बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में आवंटित विधानसभा काउंटर में अपना योगदान देना सुनिश्चित करेंगे, लेकिन 113 संस्थानों के 273 पीठासीन पदाधिकारियों/मतदान कर्मियों ने अपना योगदान नहीं दिया।

**113 में से प्रमुख संस्थान और उनके अनुपस्थित पीठासीन**

1. रोहिणी प्रोजेक्ट रोहिणी कोलियरी एनके एरिया, अनुपस्थित -16
2. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जोनल ऑफिस अनुपस्थित - 09
3. बैंक ऑफ इंडिया जोनल ऑफिस अनुपस्थित - 11
4. सीसीएल एनके एरिया, डकरा खलारी रांची, अनुपस्थित - 17
5. एग्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर सेल (सीईटी) अनुपस्थित - 10

# झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ मामले के चार आरोपियों को भेजा गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** घुसपैठ मामले में गिरफ्तार दो बांग्लादेशी नागरिक समेत चार आरोपियों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया गया है। इसमें एक महिला आरोपी भी शामिल है। इससे पूर्व कोलकाता से गिरफ्तार दो बांग्लदेशी रॉनी मंडल और समीर चौधरी के साथ भारतीय नागरिक पिंटू हलधर एवं पिंकी बासु मुखर्जी को ईडी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में गुरुवार को पेश किया। पेशी के साथ ईडी ने 7 दिनों का पुलिस रिमांड का आवेदन दिया। रिमांड आवेदन पर शनिवार को सुनवाई होगी। अदालत ने चारों आरोपियों को 28 नवंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में लेते हुये जेल भेज दिया है। उधर आरोपियों की ओर से कोलकाता से पहुंचे अधिवक्ता ने जमानत याचिका दाखिल कर जमानत की गुहार अदालत से लगाई। इसे अदालत ने इनकार किया। ईडी ने चारों आरोपियों के खिलाफ ईसीआईआर 6-2024 दर्ज किया है। मालूम हो कि ईडी ने घुसपैठ पर प्रहार करते हुये बुधवार को कोलकाता से चारों को गिरफ्तार किया है।

# गुरुनानक सत्संग सभा ने भव्य दीवान सजाया,भव्य नगर कीर्तन निकाला





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड स्थित गुरुद्वारा मैदान में गुरुवार को भव्य दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत से पहले सुबह नौ बजे गुरुद्वारा साहिब से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पुष्प पालकी में विराजमान कर शबद गायन करते हुए प्रभातफेरी की शक्ल में गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह की अगुवाई में दीवान में सुशोभित किया गया। रास्ते भर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी पर पुष्प वर्षा की गई। विशेष दीवान की शुरूआत सुबह 10 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा हल्ले यारा हल्ले यारा खुशखबरी ... शबद गायन से हुई। गुरुद्वारा के हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने कल तारण गुर नानक आया...... शबद गायन किया। इसके बाद हेड ग्रन्थी ज्ञानी जिवेंदर सिंह जी ने कथा वाचन कर गुरु नानक देव जी की जीवनी से जुड़े प्रसंगों को सुनाते हुए साध संगत को बताया कि गुरुनानक जी ने चार उदासियां (यात्राएं) विश्व में अज्ञानता के अंधेरे को दूर करने के लिए की थी। प्रकाश पर्व में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे विश्व विख्यात सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई जगतार सिंह जी जम्मू वाले ने सतगुर नानक परगट्या मिट्टी धुंध जग चानन होआ...... एवं गुरु बिन घोर अंधार गुर बिन समझ ना आवै.... शबद गायन कर माहौल को नानकमय बना दिया। पंद्रह हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री गुरुग्रंथ साहिब जी को माथा टेका। श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुकुम नामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दोपहर 2.30 बजे विशेष दीवान की समाप्ति हुई।

## गुरुद्वारा मैदान से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया

दीवान की समाप्ति के बाद दोपहर 2.35 बजे गुरुद्वारा मैदान से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन से पहले पुष्प सवारी पर श्री गुरुग्रंथ साहिब जी को विराजमान किया गया तत्प्रात पांच निशानची और पांच प्यारों की अगुआई में नगर कीर्तन गुरुद्वारा मैदान से आरंभ होकर मेट्रो गली, रातू रोड, प्यादा टोली, महावीर चौक,गांधी चौक,शहीद चौक,शास्त्री मार्केट,सर्जना चौक,डेली मार्केट,चर्च कॉम्प्लेक्स एवं लाला लाजपत राय चौक होते हुए रात आठ बजे पी.पी कंपाउंड स्थित गुरुनानक स्कूल परिसर पहुंचकर अरदास के साथ समाप्त हो गया। मौके पर गुरु सिंह सभा मेन रोड गुरुद्वारा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया गया।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

इस मौके पर गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा गुरुनानक ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में छह महिला समेत कुल 52 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। जत्था द्वारा सभी ब्लड डोनर्स को प्रोत्साहन स्वरूप सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। डॉ अजय छाबड़ा की टीम ने शिविर लगाकर 750 लोगों की निःशुल्क शुगर, ब्लड प्रेशर, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल तथा एचबी एवन सी जांच की तथा डाइट काउंसलिंग की। कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा मैदान परिसर में शिविर लगाकर श्री राधाकृष्ण मंदिर कमिटी द्वारा चाय-बिस्किट, बहावलपुरी पंजाबी समाज द्वारा स्वच्छ पेय जल, श्री श्री शिव बारात समिति द्वारा बिस्किट और फ्रूट जूस की सेवा की गई।

## कई लोगों ने लिया शोभायात्रा में भाग



मौके पर सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, अजय मारू, वरुण साहू, संजीव विजयवर्गीय, नंदकिशोर अरोड़ा, अशोक यादव, मनोज कुमार ने माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल एवं सचिव अर्जुन देव मिढ़ा द्वारा सभी अतिथियों को गुरु घर का सरोपा देकर सम्मानित किया।

## नगर कीर्तन का स्वागत

भाजपा रांची महानगर, आरआर स्पोर्टिंग क्लब, स्व किशोरी यादव मंच, श्री श्री काली पूजा समिति, श्री महावीर मंडल, सूरज संगम, रामनवमी श्रृंगार समिति, थोक वस्त्र विक्रेता संघ, कुंजलाल स्ट्रीट एसो., गांधी चौक दुकानदार संघ, शास्त्री मार्केट एसो., चडरी सरना समिति, पंजाबी हिंदू बिरादरी, विश्व हिंदू परिषद, चंद्रशेखर आजाद समिति, डेली मार्केट एसो., अंजुमन इस्लामिया कमिटी, चर्च कॉम्प्लेक्स दुकानदार समिति, सिंधी पंचायत सभा, रोशपा टावर एसो., श्री रविदास सभा, रांची मोटर डीलर्स एसो.।



## बीआइटी मेसरा का 34वां दीक्षांत समारोह कल, बंटेगी 2715 डिग्रियां

# राज्यपाल संतोष गंगवार और पद्मभूषण डॉ बीएन सुरेश के हाथों विद्यार्थियों को दी जायेगी डिग्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा (बीआईटी) का 34वां दीक्षांत समारोह शनिवार को होगा। इस समारोह में कुल 2715 डिग्रियां (यूजी, पीजी, डॉक्टरेट) दी जायेंगी। बीआइटी मेसरा के लालपुर कैंपस में गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रोफेसर डॉक्टर संदीप दास (चेयरमैन, समिति कान्वेंक्शन कमिटी और डीन ऑफ एडमिशन) और एग्जामिनेशन कंट्रोलर, बीआईटी मेसरा प्रो रितेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से देते बताया कि यह महत्वपूर्ण आयोजन कठोर शैक्षणिक प्रयासों की परिणति और स्नातक छात्रों के लिए नए सफर की शुरूआत का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि 16 नवंबर को दो भागों में चलने वाले कार्यक्रम में राज्यपाल और बीआईटी मेसरा के कुलाधिपति, संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि होंगे। अंतरिक्ष वैज्ञानिक और पद्?मभूषण डॉ बीएन सुरेश, भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुवनंतपुरम के संस्थापक निदेशक और कुलपति, भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियरिंग अकादमी के पूर्व अध्यक्ष, प्रतिष्ठित बिजनेसमैन सीके बिडला और बीआईटी मेसरा के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया कि दीक्षात समारोह में स्नातक के 1824, स्नातकोत्तर के 636, डॉक्टरेट के 103 और डिप्लोमा प्रोग्राम के लिए 152 डिग्रियां प्रदान की जानी हैं। 17 अगस्त 2023 से 8 अक्टूबर 2024 के बीच अलग अलग सेंटर्स से अलग अलग कोर्सेज में पासआउट स्टूडेंट्स इनमें शामिल हैं। 2715 डिग्रियों में से बीआइटी मेसरा के 1300, पटना सेंटर के 267, देवघर के 146, लालपुर के 481, नोएडा के 149, जयपुर के 195 और यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की 177 डिग्रियां शामिल हैं। मौके पर बीआइटी मेसरा के मृणाल पाठक, प्रीति माला सहित अन्य भी मौजूद थे।

# नेहरू की जयंती मनी, कांग्रेसियों ने कहा-उन्हें देश के गरीबों से प्रेम था

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित जवाहर लाल नहेरू की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में मनायी गयी। जयंती समारोह में वक्ताओं ने स्व. नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने पूरे विश्व में भारत को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज हम उनके इस योगदान को कभी भुला नहीं सकते। पंडित जवाहर लाल नेहरू को देश के गरीबों से प्रेम था, बच्चों से प्रेम था और सबसे बड़ी बात यह थी कि वो हमेशा देश के विकास के प्रति चिंतित रहते थे। इसी मनोभाव ने उन्हें महानता की उपाधि दी।

उन्होंने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे बल्कि वे आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उनके पदचिन्हों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। वक्ताओं ने कहा कि आज हम एक ऐसे व्यक्ति का जन्म दिवस मना रहें हैं जो कि पूरे हिन्दुस्तान में खास करके सृजन के क्षेत्र में क्रमबद्धता के साथ कार्य किया तथा बोकारो एवं एचइसी इन्हीं की देन है।

श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में बीके हरि प्रसाद, अभिलाष साहू, राकेश सिन्हा, जगदीश साहू, राजन वर्मा, केके गिरी, सलीम खान, नेली नाथन, प्रभात कुमार, महेश साहू, जगरनाथ साहू, उमेश गुप्ता, दिनेश लाल सिन्हा, भानु प्रताप बराइक, राजीव प्रकाश चौधरी, साहिद अंसारी, अजय कुमार आदि शामिल थे।

# पंच मंदिर हरमू के आसपास मांस और मछली की दुकान हटाने की कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने निगम से मांगी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हरमू स्थित पंच मंदिर के आसपास मीट एवं फिश शॉप को हटाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने पंच मंदिर के आसपास से मीट एवं फिश शॉप को हटाने के संबंध में कंप्लायंस स्टेटस रिपोर्ट रांची नगर निगम से मांगी है।

इससे पहले रांची नगर निगम की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि पंच मंदिर के करीब 100 मीटर के दायरे में मीट एवं फिश शॉप को हटाने के संबंध में रांची नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है, आसपास के मीट एवं फिश शॉप दुकानदारों को हटाने के लिए नोटिस चिपका दिया गया है, अगर वे अपना शॉप में नहीं हटते हैं तो उन्हें जबरदस्ती हटाने की कार्रवाई निगम द्वारा की जाएगी। इससे पहले खंडपीठ ने रांची नगर निगम से पूछा की पंच मंदिर के निकट मीट एवं फिश शॉप को हटाने को लेकर म्युनिसिपल एक्ट के सेक्शन 423 के तहत रांची नगर निगम में क्या एक्शन लिया है?

रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हरमू का यह इलाका झारखंड स्टेट हाउसिंग बोर्ड के तहत आता है, हाउसिंग बोर्ड ने वेजिटेबल वेंडर्स सहित फुटपाथ दुकानदारों के लिए जगह चिन्हित किए हैं। ऐसे में रांची नगर निगम इस विषय को नहीं देखता है। बता दें कि हिमांशु शेखर ने हरमू के पंच मंदिर के निकट मीट, मछली के दुकान लगने का विरोध करते हुए इसे हटाने का आग्रह किया है। खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 21 नवंबर निर्धारित की है।

# जनजातीय गौरव दिवस आज

**रांची।** वनवासी कल्याण केंद्र के तत्वावधान में जनजातीय गौरव दिवस आज 3:00 से वृंदावन कॉलोनी, चिरौंदी, रांची स्थित प्रांतीय मुख्यालय, वनश्री भवन में मनाया जाएगा। जनजाति नायकों के योगदान को सम्मान देने और जनजाति गौरव की राष्ट्रीय चेतना विकसित करने के लिए संपूर्ण देश के साथ वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा भी अपने सभी प्रकल्प स्थानों पर भगवान बिरसा मुंडा के जन्म जयंती के शुभ अवसर पर 'राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस' को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। यह जानकारी प्रचार प्रमुख सुनील सिंह ने दी।

# निर्मला कॉन्वेंट हाइ स्कूल में बाल दिवस पर बच्चों ने मचायी धूम

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**रांची।** निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल एदलहातु में गुरुवार को बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ चाचा नेहरू के चित्र पर विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा तथा नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं के द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा दशम तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस उत्सव में विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जो उपस्थित अभिभावको को मंत्र मुग्ध कर दिया। हर्षोल्लास के मौके पर संस्कार एवं संस्कृति पर आधारित प्रतियोगिता भी करवाया गया। विद्यार्थियों ने नृत्य एवं के संगीत के माध्यम से उपस्थित अतिथियों व श्रोताओं को समोहित कर लिया।

विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बाल दिवस के अवसर पर सभी छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित होने को कहा। श्री शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में आत्मबल का विकास होता है तथा इससे सभी छात्र-छात्राओं में चाचा नेहरू की तरह नेतृत्व करने की प्रेरणा मिलती है। वहीं, स्कूल की सचिव सीमा शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को बाल दिवस की हार्दिक बधाई दी तथा विद्यालय परिवार का शानदार आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका किरण कुमारी, अनामिका छेत्री, निधि कुमारी, मोनी बाला शर्मा, आशुतोष कुमार, सुधीर कुमार, सुरेश कुमार इत्यादि सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनी बिरसा मुण्डा जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिग कॉलेज के सभागार में धूमधाम से बिरसा जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। साथ ही बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया गया। प्राचार्य डॉ रामकेश पाण्डेय ने इस अवसर पर भगवान बिरसा मुण्डा की वीरता पर प्रकाश डाला। भगवान बिरसा के जीवन के आदर्शों का पालन करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। झारखंड में गरीबी का मुख्य कारण अशिक्षा और नशाखोरी है, इसे समाप्त कर ही झारखंड आगे बढ़ेगा। इसी क्रम में प्राचार्य ने टाना भगतों के योगदान को भी याद किया। इस अवसर पर बी.एड. सत्र 24-26 के विद्यार्थियों में जेबा, सुमित, सपना, कंचन, शिखा, सुप्रिया, रंजिता, चंचल एवं उनके साथियों ने भाषण, झांकी, नृत्य एवं कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच का संचालन छात्राध्यापिका नीधि एवं शिल्पी ने किया ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की आयोजिका एवं प्राध्यापिका शुभा शमा ने किया।

# ग्लोबल कॉन्वेंट स्कूल ने मनाया बाल दिवस, प्रतियोगिता आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ग्लोबल कॉन्वेंट स्कूल, इलाही नगर में बाल-दिवस मनाया गुरूवार को मनाया गया। इस मौके पर क्विज कंपटीशन, ड्राइंग, कैलिग्राफी, एस्से राइटिंग, डिबेट आदि का आयोजन किया। इस मौके पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के निदेशक मिस्बाह उल हक इसका परिणाम घोषित करेंगे और विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट दे कर सममानित किया जायेगा।

# रिम्स में सीएबीजी विधि से हार्ट बायपास का सफल सर्जरी

## ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में सुधार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स के सीटीवीएस विभाग के चिकित्सकों द्वारा हाल ही में सफल बीटिंग हार्ट कोरोनरी आर्टरी बायपास सर्जरी किया गया। बिहार के औरंगाबाद जिले के मरीज को सीने में दर्द की परेशानी को लेकर कार्डियक इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। जांच में तीव्र हृदयघात (एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम) का पता चला। कोरोनरी एंजियोग्राम करने पर ट्रिपल वेसल कोरोनरी आर्टरी बीमारी की जानकारी प्राप्त हुई। मरीज की स्तिथि को देखते हुए पहले दवाओं के माध्यम से उसे स्थिर किया गया और सीएबीजी (कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग) की योजना बनाई गयी। इसके बाद मरीज का सफलतापूर्वक बीटिंग हार्ट बायपास सर्जरी किया गया।

इस सर्जरी के दौरान हृदय शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त भेजना जारी रखता है। पारंपरिक बाईपास सर्जरी में दिल की धड़कन को रोका जाता है, ताकि दिल न हिले और खून से भरा हुआ हो। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में सुधार है और गुरुवार को उसे आईसीयू से रिकवरी वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। यह सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क की गयी है एवं सर्जरी के लिए आवश्यक सामग्री अमृत फामेर्सी से उपलब्ध कराई गयी थी। सर्जरी टीम का नेतृत्व सीटीवीएस विभाग के डॉ राकेश चौधरी ने किया। वहीं टीम में सीटीवीएस विभाग के डॉ अंशुल कुमार, नि›तना विभाग से प्रो (डॉ) शिव प्रिय, डॉ नितीश कुमार, अन्य रेजिडेंट चिकित्सक, ओटी असिस्टेंट राजेंद्र और खुशबू भी शामिल थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में गुरूवार को बाल दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। दिन की शुरूआत एक विशेष सभा से हुई। इसके बाद बच्चों के मनोरंजन के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों ने एक एनिमेटेड फिल्म का आनंद लिया। इसके बाद, वे बाहर जाकर मजेदार खेलों में शामिल हुए, जिससे उनकी टीम भावना, खुशी और शारीरिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा मिला। छोटे बच्चों ने टम्बल टॉसर में खेलते हुए मस्ती की और संगीत की धुनों पर थिरकते हुए खुशियाँ मनाईं। समारोह का समापन प्राचार्या के प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ। उन्होंने बच्चों को इस विशेष अवसर पर शुभकामनाएँ दीं और उन्हें हमेशा सीखते रहने व आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने उन्हें अपने अंदर के बच्चे को जीवित रखने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के 106वां स्थापना दिवस में कार्यक्रम आयोजित

**मुख्य अतिथि पद्मश्री छुटनी महतो ने कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्वलन कर की**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अंचल एवं क्षेत्रीय कार्यालय, द्वारा संयुक्त रूप से गुरुवार को द कार्निवल में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की 106वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बैंक के स्टाफ सदस्य, सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यगण, ग्राहकगण तथा परिवार के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत अंचल प्रमुख, क्षेत्र प्रमुख, उप अंचल प्रमुख तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री छुटनी महतो द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बैंक की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ मणि मैखलई ने उक्त समारोह को ऑनलाइन संबोधित कर सभी स्टेकहोल्डर्स, ग्राहकों, स्टाफ सदस्यों एवं यूनियन स्टाफ परिवार के सदस्यों एवं सेवा निवृत स्टाफ सदस्यों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दीं एवं अपना संदेश दिया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इस वर्ष का थीम पर्यावरण का ख्याल, उन्नति बेमिसाल रखा गया है। इस अवसर पर सम्मानित समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी पद्मश्री चामी मुर्मु द्वारा भी सभी यूनियनाइट्स को यूनियन बैंक के 106 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी गई।

# मिथिला का प्रसिद्ध लोक पर्व सामा चकेबा की तैयारी जोर-शोर से

**रांची।** झारखण्ड मैथिली मंच के तत्वावधान में मिथिला का प्रसिद्ध लोक पर्व सामा चकेबा की तैयारी जोर-शोर से चल रहा है। बाबा विद्यापति दलान के सहित सामने वाले छठ तालाब के उपर खाली मैदान में मंच बन रहा है। मैदान में रंगारंग आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। अध्यक्ष विनय कुमार झा ने समस्त मैथिली भाषी एवं मैथिली प्रेमी माताओं-बहनों से विशेष रूप से आग्रह है कि अपने-अपने सामा चकेबा से सुसज्जित डाला लेकर बाबा विद्यापति दलान पर संध्या समय जल्द से जल्द पहुंचने का प्रयास करें। कार्यकम संध्या 6 बजे प्रारंभ होगा। समस्त कार्यक्रम मंच के बहिना प्रकोष्ठ के देख रेख में सम्पन्न होगा।

# बच्चों को बाल श्रम और प्रोजेक्ट सहयोग तथा वात्सल्य के बारे में दी गयी जानकारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय मांडर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता, शिवानी सिंह सुमन ठाकुर, पुष्पलता देवी, सुनीता देवी, पुनम देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसी अधिवक्ता ने कहा कि हर साल भारत में 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती या जन्मदिवस 14 नवंबर को होता है, जिसे देश में बाल दिवस के तौर पर जाना जाता है। इसके अलावा सुश्री सिंह ने बाल विवाह, बाल श्रम, पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, डायन प्रथा झालसा एवं डालसा के द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

# एंटरप्रेन्योरशिप के लिए क्रिटिकल थिंकिंग जरूरी: रमेश यादव

**रिसोर्स पर्सन के रूप में यूएसए बेस्ड उद्यमी और बीआईटी सिंदरी के एल्युमिनाई रमेश यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित किया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में गुरुवार को विद्यार्थियों में एंटरप्रेन्योरशिप की योग्यता को विकसित करने के उद्देश्य से जेयूटी द्वारा चलाए जा रहे पाठ्यक्रम के तहत एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर एक दिवसीय एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन के रूप में यूएसए बेस्ड उद्यमी और बीआईटी सिंदरी के एल्युमिनाई रमेश यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। मौके पर जेयूटी के निदेशक (पाठ्यक्रम) डॉ स्नेह कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। बताते चलें कि जेयूटी के कुलपति डॉ डी.के सिंह के निर्देश पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरटीसी इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया। अपने संबोधन में रमेश यादव ने कहा कि एंटरप्रेन्योरशिप के लिए क्रिटिकल थिंकिंग, इफेक्टिव कम्युनिकेशन, लीडरशीप एंड मैनेजमेंट ये आवश्यक तत्व है।

उन्होंने प्रेजेंटेशन स्किल्स, हाउ टू प्रमोट योर प्रोडक्ट्स आदि विषयों पर भी आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान एक्सपर्ट रमेश यादव ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिये। मौके पर उपस्थित जेयूटी के निदेशक (पाठ्यक्रम) डॉ स्नेह कुमार ने कहा कि एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए विवि द्वारा एंटरप्रेन्योरशिप विषय को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। इसकी ऑनलाइन क्लासेज ली जा रही है। साथ ही फैकल्टीज को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे अपने संस्थानों में इसकी नियमित कक्षा का आयोजन कर सकें। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, उप प्राचार्य प्रो. रसिका नवनीत सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, डॉ नवीन सिंहा, डॉ विजय शंकर सिंह, प्रो अरशद उस्मानी, प्रो दीपक कुमार, प्रो अंकित कुमार सिंह के अलावे सभी संकायों के शिक्षक मौजूद थे।

# साइबरपीस 'ग्रीन एनर्जी मिशन में स्टार्टअप्स और साइबर सुरक्षा की भूमिका' पर पैनल की मेजबानी करने के लिए तैयार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** साइबरपीस, इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियर्स संस्थान और झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सहयोग से, 'ग्रीन एनर्जी मिशन में स्टार्टअप और साइबर सुरक्षा की भूमिका' पर एक पैनल चर्चा की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। साइबरपीस द्वारा बीएनआर चाणक्य में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य साइबर सुरक्षा और हरित ऊर्जा के बीच के अंतर को उजागर करना, नवाचार को बढ़ावा देना और हरित ऊर्जा मिशन के भीतर बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को संबोधित करना है, साथ ही विशेषज्ञों, नवप्रवर्तकों और नेताओं को सुरक्षित, लचीली हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की बढ़ती आवश्यकता को संबोधित करने के लिए एक साथ लाना है।

पैनल मे इन बातों पर हुई चर्चा

हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में सुरक्षा चुनौतियाँ-नवीकरणीय ऊर्जा में साइबर सुरक्षा खतरों की पहचान करना और उनका समाधान करना, जैसे स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा उत्पादन और भंडारण प्रणालियों में कमजोरियाँ। स्टार्टअप्स द्वारा अभिनव साइबर सुरक्षा समाधान यह दशार्ता है कि किस प्रकार स्टार्टअप्स हरित ऊर्जा अवसंरचना की सुरक्षा के लिए एन्क्रिप्शन, घुसपैठ का पता लगाने और ब्लॉकचेन जैसी प्रौद्योगिकियों का लाभ उठा रहे हैं। जोखिम प्रबंधन और अनुपालन-हरित ऊर्जा क्षेत्र के लिए विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु रणनीतियों की जांच करना। सहयोगात्मक अनुसंधान और विकास-सुरक्षित, टिकाऊ ऊर्जा समाधानों को आगे बढ़ाने में शिक्षा, उद्योग और सरकार के बीच साझेदारी पर चर्चा करना। सुरक्षित ऊर्जा भविष्य को बढ़ावा देना-हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए पूवार्नुमानित सुरक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के उपयोग की जांच करना। इस अवसर पर वक्ताओं में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ डीके सिंह, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के डिजिटलीकरण और 4.0 के प्रमुख वेद प्रकाश, इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियर्स संस्थान के अध्यक्ष उमेश प्रसाद साह, साइबरपीस फाउंडेशन के संस्थापक और वैश्विक अध्यक्ष मेजर विनीत कुमार और फ्लोकार्ड के सीईओ अमितेश आनंद शामिल होंगे। इस

स्पीड न्यूज

## बाल दिवस पर याद किये गये जवाहर लाल नेहरू

**● रातू के शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रमों की रही धूम, चित्र पर किया गया माल्यार्पण**



**रातू।** प्रखंड में बुधवार को बाल दिवस पर प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 135 वीं जयंती मनायी गयी। स्कूल, कॉलेज व शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रमों की धूम रही। बच्चों ने दुलारे चाचा की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाषण व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। शिक्षकों ने पंडित नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश की वर्तमान स्थिति और नेहरूजी के विचार व कार्यों का जिक्र करते हुये विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। इधर, हुरहुरी स्थित लॉरेंस हाई स्कूल व इंटर कॉलेज तथा डीएवी मौर्या पब्लिक स्कूल, मुरचू में भी चाचा नेहरू श्रद्धा से याद किये गये। बच्चों ने गीत-नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। प्राचार्य इंतखाब आलम उर्फ सोनू व अरुण कुमार ने उनका हौसला बढ़ाया।

## जैविक उद्यान पार्किंग में मिली संदिग्ध लवारिश बाइक




**ओरमांझी।** बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी के पार्किंग में पिछले चार दिन से एक संदिग्ध लवारिष बाइक खड़ी है। काला रंग का टीवीएस बाइक जेएच03एएम-5007 के जैविक उद्यान में लवारिष पड़े होने से विभिन्न प्राकर की आषंका जाताई जा रही है। कंही चोरी की बाइक तो नही, जो विधानसभा चुनाव को लेकर हो रही चेकिंग में पकड़े जाने के डर से बाइक पार्किंग में खड़ी कर भाग गया, या कोई बाइक लेकर उद्यान घुमने आया और अंदर जाने के बाद कंही किसी हादषे का षिकर न हो गया हो। इस संबंध में पुछे जाने पर जैविक उद्यान के वन्यक्षेत्र पदाधिकरी राम बाबू ने कहा आज ही ओरमांझी थाना को बाइक सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा इसकी जांच की जा रही है।

## न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल में मना बाल दिवस

**ठाकुरगांव।** न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बूढ़ीबागी में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जयंती पर बाल दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्रथम प्रधानमंत्री के चित्र पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं उप प्रधानाध्यापक ने पुष्पअर्पण कर किया। बाल दिवस के मौके पर पहले विद्यालय के वर्ग की दसवीं की छात्रा शासन प्रवीण ने स्वागत भाषण देकर किया इस अवसर पर बच्चों के रुचि को ध्यान में रखकर विद्यार्थियों के लिए शिक्षकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत हास्य गीत हास्य वार्ता कविता प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण बातें शिक्षकों के द्वारा संबोधन में बताया गया सभी कार्यक्रम में बच्चों के मनोरंजन हेतु शिक्षकों के द्वारा आयोजन किया गया ' विद्यालय के प्रधान अध्यापक रशीद अंसारी ने अपने संबोधन में सबसे पहले बच्चों के लिए एक हाथ से जीत के साथ पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवनी बताते हुए कहा कि सही शिक्षा सही समाज को बेहतर व्यवस्था का निर्माण किया जा सकता है।

# नि:स्वार्थ सेवा दिलाती है विशेष पहचान

## मांउट कार्मेल स्कूल निदेषक का विदाई समारोह

### फादर मैथ्यू को मिले झारखंड आइकॉन एवार्ड के लिए बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** बाल दिवस पर मांउट कार्मेल स्कूल ओरमांझी में गुरूवार को एक समोराह आयोजित कर स्कूल के निदेषक फादर मैथ्यू का बिदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नृत्य व सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्हे बच्चों के साथ विद्यालय की षिक्षिकाओं द्वारा भी आकर्षक नृत्य प्रस्तुत की गई। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप जला व फादर मैथ्यू द्वारा चाचा नेहरू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। फादर मैथ्यू को षिक्षा व समाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार व केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ द्वारा झारखंड आईकॉन एवार्ड मिल चूका है। इसके लिए कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा बधाई दी गई। वहीं विद्यालय की ओर से उन्हे मिले सम्मान की तस्वीर (फ्रेमिंग) प्रदान किया गया। फादर मैथ्यू ने ओरमांझी से मिले स्नेह व प्रेम को याद किया, और मिले सम्मान के प्रति अभार जताते हुए कहा निस्वार्थ सेवा व समाजिक कार्य करने वाले को विषेष पहचान व सम्मान मिलती है। उन्हें नये निदेषक फादर दीपक को भी उसी प्रकार स्नेह, सहयोग व समर्थन देने की अपील किया, और कहा वे भी ओरमांझी प्रखंड के लोगों की उम्मीदों का पूरा करेगें।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिति स्कूली बच्चों के साथ शिक्षकगण।

**कार्यक्रम में थे मौजूद**

मुख्य अतिथि एमआइसीए ग्रुप के निदेषक डा. संजय जैन, माउंट कार्मेल के अध्यक्ष फादर मैथ्यू एरागत, निदेषक फादर दीपक, फादर मारकूस, फादर डेरिक, फादर पीटर, प्राचार्या सिस्टर ब्रिजीट, विमला हरिहर के उपनिदेषक डा. राजन पांडेय, बैंक ऑफ बरोदा के प्रबंधक स्नेहलता, आइसीआइसीआइ बैंक प्रबंधक अजय कुमार, सिस्टर ब्रिजीट व डा. रिया सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर फादर जस्टीन, फादर पीटर, फादर मारकूस, फादर डेरिक, फिरोज अंसारी, सहित षिक्षक व छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थें।

# कार्तिक उरांव की 100वीं जयंती आज तैयारी पूरी

## पद्मश्री अशोक भगत होंगे खास मेहमान



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के संस्थापक अध्यक्ष स्व कार्तिक उरांव की शुक्रवार को 100वीं जयंती मनायी जायेगी। आदिवासी बाल विकास विद्यालय में आयोजित समारोह में विकास भारती, विशुनपुर के सचिव पद्मश्री डॉ अशोक भगत खास मेहमान होंगे। श्री भगत पंखराज साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देंगे। उनकी स्मृति में पौधरोपण के बाद समारोह का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन व ट्राईबल इंडिया नामक पुस्तक का भी विमोचन करेंगे। इससे पूर्व सरना प्रार्थना सभा व पाहन सुकरा उरांव की ओर से पूजा-अर्चना की जायेगी। यह जानकारी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ लक्ष्मण उरांव ने पत्रकारों को दी।

**चलेगा गीत-नृत्य का दौर**

डॉ उरांव ने बताया कि परिषद की ओर से संचालित स्कूलों और कॉलेज के बच्चे-बच्चियां गीत-नृत्य प्रस्तुत करेंगे। वहीं, सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विभिन्न गांव की खोड़हा मंडली कला की छटा बिखरेंगी। परिषद उन्हें पुरस्कृत करेगा। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में भाग लेकर सफल बनाने की अपील की है।

# आज के बच्चे कल के भविष्य हैं : कैलाश

## डीएवी स्कूल में बाल दिवस मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता




**बेड़ो।** बिनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया।स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार एवं शिक्षकों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद शिक्षकों ने बच्चों के लिए कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों के बीच कुछ खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा बाल दिवस देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। देश की आजादी के लिए वे कई बार जेल भी गए। वे बच्चों से बहुत प्यार करते थे इसीलिए आजादी के बाद उन्होंने अपने जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मानने के लिए कहा। और इसीलिए प्रतिवर्ष उनके जन्मदिवस पर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज के बच्चे कल के भविष्य हैं और नई पुरानी पीढ़ी से अधिक बुद्धिमान होती है इसका श्रेय शिक्षकों को जाता है हमें अपने शिक्षकों का आदर करना चाहिए। उन्होंने बच्चों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करो और अपने क्षेत्र परिवार और देश का नाम रोशन करें। सभी बच्चे खास होते हैं उनमें कुछ न कुछ प्रतिभा छिपी होती है जो अपने में अनोखा होता है। हमें भी बच्चों से सीखना चाहिए बिना कारण खुश रहना, ईर्ष्या द्वेष की भावना का न होना, हमेशा मासूमियत और सबसे प्यार करना। जो कि सभी बच्चों में होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा।

# झारखंड पब्लिक स्कूल, मोहन नगर में बाल दिवस मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल,मोहन नगर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री चाचा जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस सह बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों के साथ सभी शिक्षकों के द्वारा केक काट गया। विद्यालय में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक सभी बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अथवा उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक चौहान ने बच्चों को चाचा नेहरू के आदर्शों पर चलने की बात कही, उनका प्रसिद्ध वाक्य ₹आराम हराम है₹ से अपनी बातों का अंत किया। मौके पर विद्यालय की शिक्षिक किरण देवी, फरीदा खातून,आकांक्षा, साजिया परवीन, पूजा मंडल, किरण कुमारी, प्रिया कुमारी,नाजिया परवीन, गीता कुमारी,गणेश महतो, रमेश महतो, मनोज यादव, राजेंद्र कुमार, जीतेन्द्र चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।



## एक नजर में

### मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज में मना बाल दिवस



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज परिसर में बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य मनोज कुमार शर्मा पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर के अंश पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने पंडित नेहरू का जीवन परिचय दिया. इस अवसर पर बच्चों के बीच म्यूजिकल चेयर, मेंढक, दौड़, स्लो साइकिल रेस अन्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। म्यूजिकल चेयर बालिका वर्ग में राधिका कुमारी, बालक वर्ग में चंदन कुमार को प्रथम स्थान मिला. स्पून व मार्बल गेम में प्रथम विनय कुमार, बालिका वर्ग में चंचल कुमारी को विजेता घोषित किया गया। डक - डक गुज खेल में प्रथम पुरस्कार खुशी कुमारी व अंजू कुमारी को मिला. मौके पर कॉलेज के शिक्षक मुकेश विश्वकर्मा, राहुल सिंह, रॉबर्ट डेनी, बासुकीनाग नाथ, रामानन्द आर्या, रेणु सिंह, रिया मेहता, सुचिता मिंज, पंकज कुमार, स्वेता प्रजापति, विक्रम आनंद, आशा देवी मौजूद थे।

### इटकी की जुमरा मैदान में कार्तिक उरांव जयंती आज

**इटकी।** इटकी के तरगड़ी गांव स्थित जुमरा मैदान मे 15 नवंबर शुक्रवार को स्व कार्तिक उरांव जयंती सह जतरा समारोह का आयोजन किया गया है। जतरा संचालन समिति के संयोजक मंटु केरकेट्टा ने यह जानकारी दी। उन्होंने पड़हा राजा, महतो पहान, दीवान, कोटवार, पाइनभरा से हजारों की संख्या में ढोल,नगाड़ा, मांदर व खोड़हा दल के साथ जतरा में शामिल होने का आह्वान किया है।

### कलिंदर महतो स्मृति दिवस समारोह की तैयारी पूरी

**इटकी।** दरहाटांड में कल शुकवार को होने वाले स्व कलिंदर महतो कि 40वीं स्मृति दिवस समारोह कि तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में श्रद्धांजलि के साथ महिलाओं द्वारा प्रतियोगिता और स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी कलिंदर महतो तदर्थ समिति के सदस्य देवेंद्र महतो ने दी।

### सिकिदिरी में पोल से टकराई बाइक, नबालिग समेत युवक की मौत

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के भूसूर मड़ई के समीप एक बाइक बिजली के पोल खम्भे से जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक में सवार एक नबालिग समेत एक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना गुरुवार दिन के करीब तीन बजे की है। दोनों रिश्ते में चचेरे भाई है। दोनों मृतक की पहचान ओरमांझी थाना क्षेत्र के पिपराबंडा निवासीअजित मुंडा (15) पिता कृष्णनंद मुंडा और प्रदीप मुंडा (25) पिता मदन मुंडा के रूप में की गई है। अजित अपने पिता का एकलौता पुत्र था। वह एसएस उच्च विद्यालय ओरमांझी का नौवीं कक्षा का छात्र था। दोनों मृतक के पिता किसान है। बाइक में सवार दोनों लड़कों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। घटना के संबंध में बताया गया कि दोनों मृतक अपने बाइक संख्या (जेएच 02बीसी 3146) से रिश्ते में बहन को उसके ससुराल अनगड़ा के बीसा गांव से छोड़कर अपने घर ओरमांझी लौट रहे थे। सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के भूसूर मड़ई के समीप मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गये।

# ओरमांझी में लगे देवोत्थान मेला में रंगारंग कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सदमा में गुरूवार को देवउठान मेला का आयोजन हुआ। पूरा मेला क्षेत्र मिठाई व खिलौने से पटे थें। वहीं विभिन्न प्रकार के बच्चों के झुले लगें थें। बच्चे मिठाइ, खिलौने व झुले का लुफ्त उठा रहे थें। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसे देखने आसपास क्षेत्र से काफी संख्या में लोग पहुंचे थें। पूर्व सासंद रामटल चैधरी ने कहा श्री भगवान विष्णु के चिरनिंद्रा में जाने व चार माह कार्तिक माह शुक्ल पक्ष पर चिरनिंद्रा से उठने की खुषी में प्रत्येक वर्ष देवउठान मेला लगाने का परंपरा रही है। पूर्वजों का समय से माना जाता गया है, जब भगवान श्रीविष्णु चिरनिंद्रा में होते हैं तो पूजा व कोई भी शुभकार्य नही किया जाता है। मेला लगाने का उदेष्य श्री भगवान विष्णु के उठने व सभी शुभकार्य करने की जानाकरी देना रहा है। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खिजरी विधानसभा के भाजपा प्रत्यासी पूर्व विधाकय रामकुमार पाहन ने लोगों को देवउठान मेला की बधाई दी। मेला में मुख्य रूप से मुखिया सुनील उरांव, जीतनाथ बेदिया, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समिति के बलराम महतो, सुरेंद्र महतो व अन्य पदाधिकरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थें।

# विद्यासागर स्कूल में बाल दिवस पर कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बाल दिवस के अवसर पर गुरुवार को विद्यासागर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह व मिडिया प्रभारी मनोज साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में बच्चों ने चंद्रयान 3, न्यूक्लियर पावर प्लांट , स्मार्ट विलेज, स्मार्ट सिटी,अर्थ लेयर सहित कला के अंतर्गत सोहराय पेंटिंग, राजस्थानी म्यूजिशियन, मछली पालन इत्यादि सहित कई मॉडल प्रस्तुत किये। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि विद्यासागर पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के संपूर्ण विकास का भी ध्यान रख रहा है तथा बाल दिवस के अवसर पर ऐसे कार्यक्रम कराकर बच्चोंको अवसर देने का काम किया है जिससे बच्चे प्रोत्साहित हो रहे हैं। वहीं विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने कहा कि विद्यासागर पब्लिक स्कूल हमेशा ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहा है।आज के दौर में जहां बच्चे मोबाइल में लगे रहते हैं वहीं बच्चों को पुरस्कार में खेल सामग्री देकर खेलने हेतु प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार न्यूक्लियर पावर प्लांट एवं चंद्रयान को सामूहिक रूप से मिला जिसके लिए सोनम खेस, रुद्रनाथ, किशु सोनी एवं अंशू खालखो ने सामूहिक रूप से पुरस्कार ग्रहण किया। द्वितीय स्थान पर स्मार्ट विलेज एवं स्मार्ट सिटी रहा जिसके लिए मानसी कुमारी, स्वाति रंजन, सुहानी कुमारी तथा खुशबू कुमारी को सामूहिक रूप से पुरस्कृत किया गया ।तथा तृतीय स्थान पर अर्थ लेयर रहा जिसके लिए आदर्श कुमार को पुरस्कृत किया गया। साथ ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।



# ऐतिहासिक बरौदी मेला में जुटे कई जिले के लोग, उठाया लुफ्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड का ऐतिहासिक बरौदी मेला गुरुवार को संपन्न हो गया। देवोत्थान के अवसर पर लगने वाले मेला में बुढ़मू, कांके,रातु, मांडर, चान्हो,खलारी, लोहरदगा, रामगढ़, चतरा, खूंटी, लातेहार, हजारीबाग के हजारों मेलार्थी शामिल हुए। मेलार्थियों ने सर्कस, मौत का कुंआ, झूला समेत विभिन्न खेल तमासों का जमकर लुत्फ उठाया। क्षेत्र में मान्यता है कि शादी के लिए बरौदी मेला में लड़का व लड़की देखने की परंपरा अभी भी निभाई जाती है।

### खूब बिके घरेलू उपकरण

बरौदी मेला में मिठाई, ईख, कृषि उपकरण, घरेलू सामानों की खूब बिक्री हुई। मेला में विधि व्यवस्था की कमान खलारी डीएसपी पी के चौधरी, थाना प्रभारी विनित कुमार सुरक्षा बलों के साथ संभाले हुए थे। मेला के सफल आयोजन में समिति के रामजतन पाहन,युगेश महतो,छतीश्वर महतो,जहरुद्दीन अंसारी,जावेद इरफान, शिवशंकर महतो, छुन्नूलाल महतो, मुखिया दशरथ उरांव आदि की सराहनीय भूमिका रही।



### ऐतिहासिक देवोत्थान मेला में उमड़ा जनसैलाब

## बूटी के ऐतिहासिक देवोत्थान मेलन में पहुंचे लोग, खोड़हा नृत्य ने बांधा समां

**रांची।** ऐतिहासिक बुटी देवोत्थान मेला में पारंपरिक वेशभूषा एवं ढोल नगाड़ा के साथ हजारों की तादाद में दूर दराज से लोग आए और मेला का लुत्फ उठाया। मेला का उद्घाटन रवि पाहन ने बूढ़ा महादेव का पूजा पाठ करके मेला का शुभारंभ किया।बूटी देवोत्थान मेला में बुटी, खिजुर टोला बुटी, किशुनपुर बुटी, एवं बड़ागांई मेला समिति द्वारा मंच लगाया गया और मेला समिति के सदस्यों ने विधि व्यवस्था बनाने का काम किया। मेला में ईख, मीठाई, झुला एवं खिलौना आकर्षण का केंद्र रहा। गाड़ी गांव, खिजुर टोला बुटी के आदिवासी मूलवासी खोड़ा नृत्य से लोगों का मन मोह लिया। वहीं खिजुर टोला बुटी द्वारा संस्कृत कार्यक्रम रखा गया था, जिसका लोगों ने काफी मनोरंजन किया एवं बड़े छोटे भाई बहन नाचते नजर आए। बूटी मंच में भी लड़कों ने नाच गान करके पूरा मनोरंजन किया एवं किशनपुर बूटी द्वारा आदिवासी नृत्य किया गया जो लोगों का मन मोह लिया।



बूटी देवोत्थान मेला के मुख्य अतिथि रामटहल चौधरी पूर्व सांसद रहे। बुटी, बड़ागाई देवोत्थान मेला समिति के अध्यक्ष नेपाल महतो ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट करके किया। मौके पर रुद्र नारायण महतो, संजय महतो, विराट महतो, जितेंद्र महतो, श्रवण कुमार महतो, सुरेंद्र पाहन, राजेंद्र करमाली, सुजीत महतो, महेंद्र, महतो, योगेश कुमार, महेश नायक, सन्नी तिग्गा, महावीर मुंडा, अजीत महतो, मीनू महतो, कर्मदेव बैठा, मोहनलाल महतो, प्रमेश्वर प्रसाद, गणेश महतो, बालकिशोर महतो, तुलसी महतो, बबलू महतो, प्रमोद कुमार, कुणाल कुमार, आशीत ओहदार, राम ओहदार, पवन ओहदार, अमर महतो, अर्जुन महतो, शिवम ओहदार, अशरफ अंसारी, रामेश्वर प्रसाद आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए।

# उम्मीद ना-उम्मीद

झारखंड राज्य विकास के मुद्दें पर बना। राज्य के निमार्ण से आज तक सभी दलों को राज्य में शासन करने का अवसर मिला। लेकिन राज्य उन दोनों से राज्यों से पिछड़ा हुआ दिखता है जो इसके साथ बने थे। छत्तीसगढ़ और उतराखंड के विकास और राजनीतिक स्थिरता की तुलना में झारखंड का विकास नहीं हो सका और राजनीतिक स्थिरता भी प्राप्त नहीं हुई। राज्य के विकास के लिये जो विजन और रोड मैप होनाचाहिए था वह नहीं दिखा। आधारभूत संरचना का तेज विकास, उद्योगों में निवेश, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में अपनी पहचान बनाने में झारखंड बुरी तरह असफल रहा। इसका प्रभाव राज्य की गरीब और गांव में रहने वाले ग्रामीणों पर बहुत अधिक पड़ा। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा से दूर उनका विकास रुक गया। उपर से नक्सल गतिविधियों के कारण पलायन की पीड़ा झेलते रहे। बिहार से 46 प्रतिशत भूमि और देश का सर्वाधिक खनिज संसाधन लेकर भी आज झारखंड के युवा पूरे देश में मजदूरी करने जाने को विवश हैं। मानव तस्कर के गिरोह सक्रिय हैं। धुसपैठियों ने समाजिक संरचना को चोट पहुंचाई है। भूमि सुधार न हो पाने के कारण भूमाफिया राज्य के भोले-भाले आम लोगों की जमीन हड़प रहें हैं यहां तक की सेना और सरकार की जमीन भी सुरक्षित नहीं है। जिस राज्य से विकास के लिये अलग हुए आज उस राज्य के विकास की तुलना में भी झारखंड पिछड़ता दिख रहा है। गुड गर्वेमेंस की चाह में राज्य की जनता सभी दलों को परख रही है। किसान, युवा, महिला और व्यापार से जुड़ा वर्ग निराशा के गर्त में जा रहा है। क्या झारखंड इस कारण बना था कि इस राज्य की चर्चा नक्सल और करप्सन के लिये हो? वर्तमान दौर पर पिछड़ कर फिर आगे आना वर्ष दर वर्ष कठिन होता जा रहा है। कुछ उम्मीद की किरण है तो उसे मशाल बनाने का प्रयास हो।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

**मकर :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# झारखंड बनने के बाद भी एसटी महिलाओं की समस्या बरकरार



**आज** राज्य का स्थापना दिवस है। आदिवासी महिलाओं की आर्थिक भूमिका महत्वपूर्ण है और वे आदिवासी अर्थव्यवस्था में प्रमुख योगदानकर्ता हैं (नरेश, 2014)। आदिवासी महिलाएं फलों, फूलों, जड़ी-बूटियों और जड़ों जैसे लघु वन उपज (एमएफपी) के संग्रह से संबंधित अधिकांश कार्यों में लगी हुई हैं। इन एमएफपी में औषधीय गुण होते हैं और इन्हें दवाओं के रूप में उपयोग किया जाता है। महिलाएं कृषि में मुख्य योगदानकर्ता बन जाती हैं क्योंकि वे घरेलू काम के साथ-साथ कृषि कार्य में भी लगी रहती हैं।

महिलाओं की भागीदारी की प्रकृति और सीमा पारिवारिक भूमि स्वामित्व के साथ बदलती रहती है। उनकी भूमिकाएँ प्रबंधकों से लेकर भूमिहीन मजदूरों तक भिन्न-भिन्न होती हैं। आदिवासी कृषक महिलाएं छोटे और मध्यम आकार के खेतों में कृषि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे लगभग 90 प्रतिशत कृषि गतिविधियों में लगे हुए हैं, खासकर ग्रामीण इलाकों में जहां पुरुष बेहतर और सुरक्षित रोजगार के अवसरों की तलाश में शहरी केंद्रों की ओर पलायन करते हैं।

विभिन्न शोध अध्ययन कृषि क्षेत्र में आदिवासी महिलाओं की उच्च भागीदारी को दशार्ते हैं । औद्योगीकरण और वैश्वीकरण की ताकतों के कारण शहरी और मेट्रो शहरों के विस्तार के कारण, अनौपचारिक कार्यबल में आदिवासी महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। वे अनौपचारिक क्षेत्र में निर्माण मजदूरों और शहरी केंद्रों में घरेलू कामगारों के रूप में काम करते हैं।बहुत कम प्रतिशत आदिवासी महिलाएँ शिक्षित हैं और शहरी केंद्रों में सफेदपोश या निजी क्षेत्र की नौकरियों में लगी हुई हैं।

आर्थिक गतिविधि को किसी भी गतिविधि के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें राष्ट्रीय उत्पाद में शामिल वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन शामिल है। किसी भी आर्थिक गतिविधि में संलग्न होना कार्य माना जाता है (जनजातीय मामलों का मंत्रालय, 2013)। भारत की जनगणना कार्यबल भागीदारी दर (डब्ल्यूपीआर) को कुल जनसंख्या में कुल श्रमिकों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित करती है। 2001 की तुलना में 2011 में एसटी में कृषकों का प्रतिशत कम हो गया, जबकि खेतिहर मजदूरों का प्रतिशत बढ़ गया (जनजातीय मामलों का मंत्रालय, 2013)। 2011 और 2001 की जनगणना के आंकड़ों की तुलना करते समय, यह देखा गया कि 43.5% एसटी पुरुष मुख्य कार्यकर्ता थे, और केवल 23.9% महिलाएँ मुख्य कार्यकर्ता थीं (वही)।

**आदिवासी महिलाओं की प्रमुख आर्थिक समस्या1.** वनों की कटाई और भूमि हस्तांतरण की समस्याः- लघु वन उपज (एमएफपी) का संग्रह कई आदिवासी समुदायों के लिए आय का एक प्रमुख स्रोत के रूप में कार्य करता है, जिसमें महिलाएं और बच्चे एमएफपी के संग्रह, भंडारण और प्रसंस्करण में शामिल होते हैं. बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण के कारण महिलाओं की आर्थिक भूमिका कम हो गई है।



- डॉ उषा किरण

> औद्योगीकरण और वैश्वीकरण की ताकतों के कारण शहरी और मेट्रो शहरों के विस्तार के कारण, अनौपचारिक कार्यबल में आदिवासी महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। वे अनौपचारिक क्षेत्र में निर्माण मजदूरों और शहरी केंद्रों में घरेलू कामगारों के रूप में काम करते हैं।बहुत कम प्रतिशत आदिवासी महिलाएँ शिक्षित हैं और शहरी केंद्रों में सफेदपोश या निजी क्षेत्र की नौकरियों में लगी हुई हैं।

2. आदिवासी बहुल इलाकों में जंगलों पर सरकारी नियंत्रण बढ़ने से महिलाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। जंगलों पर सरकारी नियंत्रण के कारण अनुष्ठान के रूप में शिकार प्रथाओं में भी गिरावट आई है। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में वनों की कटाई और बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई ने आदिवासी महिलाओं पर तनाव बढ़ा दिया है क्योंकि अब उन्हें ईंधन की लकड़ी और अन्य वन-आधारित उत्पादों की खरीद के लिए अधिक समय संघर्ष करना पड़ता है। जनजातीय क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर भूमि हस्तांतरण ने जनजातीय महिलाओं की समस्याओं को बढ़ा दिया है क्योंकि यह पहले से स्वतंत्र महिलाओं को बाहरी लोगों और साहूकारों पर निर्भर और अधीनस्थ बना देता है।

2. प्रवास की समस्याः- रोजगार के अवसरों की तलाश में आदिवासी महिलाओं का अपने आदिवासी अंदरूनी इलाकों से शहरी और महानगरों की ओर प्रवासन भारतीय संदर्भ में एक व्यापक घटना है। प्रवासन की प्रक्रिया में योगदान देने वाले विभिन्न धक्का और खिंचाव कारक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कम मजदूरी, भूमि अलगाव, गरीबी, ऋणग्रस्तता और बेरोजगारी विभिन्न प्रेरक कारक हैं जो आदिवासी महिलाओं और लड़कियों को बेहतर भविष्य की तलाश में शहरी केंद्रों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर करते हैं। प्रवासी आदिवासी महिलाओं को शहरों में प्रवास के तुरंत बाद बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जैसे संचार, आवासीय और आवास, रोजगार और कम आय, सामाजिक संपर्कों की कमी आदि की समस्याएं। बिचौलियों, ठेकेदारों और यहां तक कि अपने नियोक्ताओं के हाथों उनके आर्थिक और यौन शोषण के कारण उन्हें बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है.एकअध्ययन में बताया है कि महिला आदिवासी प्रवासन से महिलाओं की तस्करी, यौन शोषण और बीमारियाँ होती हैं।

3. असमान वेतन की समस्याः- कृषि के अलावा, महिलाएँ खदानों जैसे औद्योगिक कार्यबल में भी योगदान देती हैं। वहाँ एक भिन्न वेतन संरचना प्रचलित है, जो आदिवासी महिलाओं को इस संबंध में आर्थिक नुकसान में डालती है। पुरुष और महिला मजदूरों को दी जाने वाली मजदूरी में यह अंतर पूरे देश में प्रचलित है। महिलाओं के सस्ते श्रम का शोषण निर्माण-संबंधी कार्यों और तेंदू पत्तों के संग्रहण के मामले में देखा जा सकता है। ये उदाहरण उस कड़वी सच्चाई को उजागर करते हैं जिसमें व्यावसायीकरण और औद्योगीकरण की ताकतों के तहत महिलाओं का अंधाधुंध वेतन शोषण होता है।

4. कार्यस्थल पर शोषण की समस्याः आदिवासी महिलाओं का अक्सर एजेंटों, ठेकेदारों या बिचौलियों और साथी पुरुष सहकर्मियों द्वारा यौन शोषण किया जाता है। आदिवासी महिलाएं सबसे अधिक पीड़ित हैं, जिन्हें शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण का सामना करना पड़ता है, सिर्फ इसलिए नहीं कि वे आदिवासी समुदायों से हैं, बल्कि इसलिए भी कि केवल 'महिला' होना ही काफी है। प्रसाद (1988) ने बताया कि छोटा नागपुर क्षेत्र की आदिवासी महिला मजदूरों रेजास से थोड़े से पैसे के लिए लंबी अवधि तक काम कराया जाता था। इस प्रकार, हम देखते हैं कि औद्योगीकरण ने आदिवासी महिलाओं के शोषण को बढ़ावा दिया है।

आदिवासी महिलाओं को बहुत सारे मुद्दों और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और रोजगार के अवसरों तक सीमित पहुंच का सामना करने के अलावा, उन्हें घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और अन्य प्रकार के भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। इनमें से कई महिलाओं को समर्थन और सुरक्षा पाने के लिए कानूनी जागरूकता नहीं है। ये सभी मुद्दे और समस्याएं आपस में जुड़ी हुई हैं। भारतीय संदर्भ में आदिवासी महिलाओं की स्थिति में सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक, आर्थिक और राजनीतिक सुधार लाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

(विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग विमेंस कॉलेज रांची)

## लेटर टू एडिटर

### समाज की हालत

**विभिन्न** राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

### अपराध की राह

**आजकल** बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए । अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी। **– प्रकाश सिंह, रांची**

## ट्वीट

**देवघर,** झारखंड में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में सहभागिता कर उपस्थित नागरिकों से संवाद किया।आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश का चहुँमुखी विकास हो रहा है, लेकिन हेमंत सोरेन सरकार की नाकामी के कारण झारखंड इस विकास यात्रा में पीछे छूट गया है।

**– शिवराज सिंह चौहान केन्द्रीय मंत्री**

हमने झारखण्ड के पिछड़ों का अधिकार बढ़ाने और सरना धर्म कोड लागू करने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा, ताकि हमारी पहचान को मान्यता मिले और हर झारखण्डवासी को उसका हक मिल सके।

**-कल्पना मुर्मू सोरेन ,विधायक**

# अब मैं युवा झारखंड हूं, आज मेरा जन्म दिन है

**एन के मुरलीधर**

## सामयिक

मैं झारखंड हूं। 15 नवंबर 2000 को मेरा जन्म हुआ। मैं अस्तित्व में आया। मेरा जन्म दिन उल्लास और खुशी के साथ विरोध के शब्दों के बीच हुआ। मैं आंदोलन से जन्म लेने वाला राज्य हूं। आज जब मैं युवा हो चुका हूं और मैं यह नहीं कह सकता कि मेरी योग्यता नहीं थी कि मैं विकसित राज्य न बन सकूं। मेरे अदंर पूरे देश को ऊर्जा देने के लायक कोयला है, मैंने निजी क्षेत्र की दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में एक टाटा उद्योग समूह को पनपने और बढ़ने का धरातल तैयार किया है, एशिया का सबसे बड़ा लोहा उद्योग बोकारो प्लांट विकसित किया है,मदर इंड्रस्टीज के नाम से विश्व विख्यात हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन, सिंदरी का खाद कारखाना, जादूगोड़ा के यूरेनियम सहित पूरे देश का सबसे अधिक खनिज वाला राज्य हूं।

वर्ष 2000 के पहले मेरे पास एक राजनैतिक कारण था जब मैं कहता था कि बिहार राज्य का हिस्सा होने के कारण मेरे साथ अन्याय हो रहा है। राजनीति की क्षुद्र धारा में प्रवाहित होना मेरी मजबूरी थी, हर सुविधा से मोहताज था ऐसा पूरी तरह से नहीं था लेकिन आंशिक तौर पर सही भी था। राजनीतिक कारणों से मेरा जन्म हुआ और मैंने उम्मीद कि की अब मेरी सभी समस्यायें दूर हो जाएगी। मैं जंगलो से भरा, प्राकृतिक जल धाराओं की ध्वनि से प्रफुफलित होता, वन्य जीवों के साथ उद्योग का सामंजस्य वैठाये आर्थिक रुप से एक संपन्न राज्य था। मेरा पहला बजट लाभ कारी था। पूरे देश ही नहीं विश्व का ध्यान मेरी संसाधनों पर था और मैं भी सीना ताने देश के अन्य राज्यों के तरह विकसित राज्य कहलाना चाहता था। आखिर हमारे बच्चें भी उच्च स्तरीय शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ राष्ट्रीय अतंरराष्ट्रीय पटल पर छाने की योग्यता रखते हैं। चाहे वह हॉकी की टीम हो या तीरदांजी की, चाहे क्रिकेट हो या फुटबाल खेल भावना और विश्व स्तरीय मेघा हमारे रक्त में भरा है। हमारा चरित्र सरलता और सहजता के साथ अदभुत संतोषभाव से जुड़ा है जिसकी आज की दुनिया को आवश्यकता है। मैं कभी पलायन कभी नक्सली हिंसा से प्रभावित था लेकिन अब सहज हो रहा हूं। मेरा स्वभाव ही नहीं है कि किसी अतिरेक क्रिया के प्रतिप्रतिक्रिया से जबाव दूं।

हमारे शहरों और कस्बों को ध्यान से देखिये हर शहर देश ही नहीं दुनिया को आकर्षित करने की खासियत रखता है। रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, हजारीबाग, देवघर,मेदिनीनगर, दुमका,सरायकेला-खरसांवा, सिमडेगा,गुमला सहित हर छोटे-बड़ें स्थानों से राष्ट्रीय और अतंरराष्ट्रीय हस्ताक्षर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। बेतला के दुनिया के पहले टाईगर प्रोजेक्ट से चैतन्य महाप्रभु और आदि शंकराचार्य के मलूटी और छिन्न मस्तिका तक हमारा हर कोना अपनी खास्यित से आपको खींचता है। नेतरहाट और लोध जल प्रपात जैसे सुरम्य स्थल हमारी संपूर्णता को चार चांद लगाते हैं।

इस बार मेरे भौगौलिक क्षेत्र में विधानसभा के चुनाव चल रहें हैं। 43 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। लेकिन चुनाव में जीते कोई हार तो झारखंड की जनता रही है। बिहार से बटने का विकासवादी उत्साह खत्म हो चुका है। बिहार में विकास है झारखंड अभी बाहरी भीतरी में भितरे जा रहा है। जिस राज्य को देश का सबसे विकसित राज्य होना चाहिए था वह कहां खड़ा है? ईमानदार विमर्श हो। आज राजधानी रांची बिहार की राजधानी से 50 वर्ष पीछे हो गया है, दूसरे शहरों से तुलना क्या करें? सबसे बड़ी समस्या अच्छे समझदार जानकार नेताओं की कमी राज्य को खा रही है। जिस राज्य में 1907 में टाटा स्टील लगा वह आज उद्यौगिक विकास में पिछड़ रहा है। आदिवासी भाई बहन मजदूर बनकर पूरे देश में जा रहें हैं। ईलाज के लिये मारे-मारे फिर रहें हैं। मंत्री हो या संतरी सब दक्षिण भागते हैं ईलाज के लिये। क्षुद्र राजनीति से पनपे भ्रष्ट अधिकारी और निरअपराध जनता टुकूर टुकूर इन निर्लज्जों के घोषणा पत्र को पढ़ती है। राज्य निमार्ण दिवस पर क्या शुभकामना दूं क्षमा।मैं अपने साढ़ें तीन करोड़ कर्मठ जनों के साथ बढ़ रहा हूं। मैं अपनी संस्कृति और विरासतों के साथ संपन्न नहीं होना चाहता हूं। मैं समृद्ध होना चाहता हूं अपने उन मानवीय मूल्यों के साथ जिसे बिरसा मुंडा सहित हमारे महान आदि पूर्वजों से सवांरा है। आज देश की पहली महिला महामहिम राष्ट्रपति द्रोपद्री मुर्मू जी का प्रिये राज्य बना हूं। वे हमारी राज्यपाल बनी फिर राष्ट्रपति। मेरी आबो हवा दुनिया में श्रेश्ठ है। हमारे साल वन हमारी पहचान हैं। मेरी आलोचना का जबाव मैं नहीं देता आज मैं सभी शभुच्छूओं को माफ कर रहा हूं और आलोचको को भी।

# हजारीबाग का प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र है नृसिंह स्थान मंदिर



**अभय कुमार सिंह**

## धर्म

विधि विधान के साथ भगवान श्री हरि को जगाने के बाद भगवान के दर्शन श्रद्धालुओं की उमड़ेगी भीड़

स्थानीय लोगों में एक कहावत है हजारीबाग की तीन पहचान। झील, पंचमंदिर और नृसिंह स्थान। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय मुख्यालय हजारीबाग से छह किलोमीटर दूर बड़कागांव रोड में कटकमदाग प्रखंड अंर्तगत श्री नृसिंह स्थान मंदिर जिले का प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र है। यह प्राचीन धरोहर को लगभग चार सौ बर्ष के इतिहास को संजोए हुए है। यह यह मुगलकाल अकबर के राज्य से लेकर ब्रिटिश शासन और वर्तमान लोकतंत्र का साक्षी भी रहा है। यहां भगवान विष्णु के अवतार नृसिंह की पाँच फीट की प्राचीन प्रतिमा है। जो काले रंग के ग्रेफाइट पत्थर की बनी है। वर्तमान में इसका मूल्य करोड़ो मे बताया जाता है। ऐसी मानता है कि यहां गर्भ गृह में भगवान विष्णु के साथ शिव साक्षात विराजमान है। यहां स्थापित शिवलिंग जमीन से तीन फीट नीचे है। गर्भ गृह में शिव के साथ विष्णु भगवान के विराजमान रहने का का अद्भुत संयोग है। जो वैष्णव और शिव भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसके अलावा भगवान सूर्य देव, नारद, शिव पार्वती और नवग्रह के प्रतिमा दर्शनीय है।गर्भ ग्रह के बाहर हनुमान जी की प्रतिमा है। यहां सालों पर दर्शन पूजन करने श्रद्धालु आते हैं। यहां मुंडन, जनेउ, शादी विवाह व अन्य धार्मिक का आयोजन किए जाते हैं। शहर एवं आसपास लोग नया वाहन खरीदने पर यहां पूजा करने पहुंचते हैं। यह कार्तिक पूर्णिमा के दिन नृसिंह मेला लगता है। मंदिर से कुछ दूरी पर मां सिद्धेश्वरी का मंदिर है जिसे नकटी महामाया मंदिर भी कहते हैं। यह सिद्ध पीठ है। मंदिर परिसर में भगवान विष्णु के दशा अवतार के मंदिर हैं। जिसमे मत्स्य, कुर्म, वाराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम,कृष्ण बुद्ध और कल्कि अवतार के मंदिर शामिल है। इसके अलावा यहां काली मंदिर और लक्ष्मी नारायण का भी मंदिर है।



श्री नृसिंह मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। इसकी स्थापना 1632 ईस्वी में पंडित दामोदर मिश्र ने की थी। जो रामायण के रचनाकार संत तुलसीदास के समकालीन थे। वह संस्कृत और ज्योतिष के विद्वान के होने के साथ-साथ तांत्रिक भी थे। संस्कृत में उन्होंने कई रचनाए लिखी है। वह दुर्लभ पांडुलिपि आज देखरेख के अभाव में खत्म होने के कगार पर हैं। उनके वंशजों का कहना है कि वह औरंगाबाद सीरीश कुटुंबा के रहने वाले थे। उन्होंने बनारस मे शिक्षा दीक्षा लेने के बाद गंगा नदी के किनारे सिद्धेश्वरी घाट पर भगवान विष्णु के उग्र रूप नृसिंह की आराधना कर सिद्धि प्राप्त की थी। उसके बाद वह अपनी माता लवंगा के साथ हजारीबाग खपरियांवा पहुंचे। यहां उन्हें स्वप्न देखा कि भगवान विष्णु उनसे कह रहे हैं कि वह नेपाल के भूसुंडी पहाड़ी में है।यहां उनकी प्रतिमा स्थापित है। जिसे स्वप्न मे लाने का उन्हें आदेश प्राप्त हुआ। इसके बाद वह अपने सहयोगियों के साथ पद यात्रा कर नेपाल पहुंचे। फिर वहां के भूसुंडी पहाड़ी में खुदाई शुरू की। जैसे ही खुदाई शुरू की। पहले खून की धारा बहने लगी। जिससें वह डर गए और भयभीत होकर उन्होंने खुदाई को रोक दिया। फिर रोते हूए भगवान से प्रार्थना करने लगे। उसी रात स्वप्न में भगवान विष्णु ने खुदाई करने का पुनः आदेश दिया। दूसरे दिन जब उन्होंने खुदाई शुरू किया तो भगवान नृसिंह के साथ-साथ मंदिर परिसर में स्थापित अन्य प्रतिमाएं निकली। उसके बाद सभी प्रतिमा को लेकर खपरियांवा पहुंचे। यहां पहले इमली पेड़ के पास स्थापित किया। उसके बाद वर्तमान में जहां मंदिर है। वहां अभी प्रतिमाओं को ले जाकर स्थापित किया। मंदिर के चारों ओर आम व जामुन के वृक्ष लगाएं। जिसे आज भी लोग जमुनिया बागी कहते है। धर्म कर्म में उन्हें बहुत रुचि थी। वह अपनी तरक्की के पीछे भगवान नृसिंह का आशीर्वाद मानते थे। देवघर में उन्होंने पाठक धर्मशाला का निर्माण कराया था। उसके बाद उन्होंने प्राचीन मंदिर का पुर्ननिर्माण करने की योजना बनाई। इसके लिए संकल्प लिया। ऐसी मान्यता है भगवान नृसिंह से मन्नत मांगने के बाद जब फूल गिर जाता है तो उसे भगवान का आशीर्वाद मांगा जाता है। लंबोदर पाठक ने धार्मिक अनुष्ठान के साथ भगवान नृसिंह से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उसके बाद मंदिर के चारों ओर खुदाई शुरू कर दी। इसी दौरान साल 1988 में एकीकृत बिहार के समय जब भूकंप आया । पूरा मंदिर प्राचीन मंदिर धर्मशाला वह अन्य ऐतिहासिक धरोहर जमीजोद हो गया। लेकिन भगवान नृसिंह की प्रतिमा व अन्य विग्रह सुरक्षित रहे। इसके बाद मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हुआ। वर्ष 1995 में वर्तमान मंदिर तैयार हुआ आने के ऐसी मान्यता है कि यहां जलाया गया अखंड दीप और मंदिर की परिक्रमा कभी व्यर्थ नहीं जाती है। दर्शन पूजन के साथ मनवांछित फलों की कामना के लिए. श्रद्धालुओं का आना जाना बना रहता है। जिले के अलावा दूसरे राज्य के लोग शादी विवाह और मन्नत को लेकर बाबा के दरबार में पहुंचते हैं। नृसिंह स्थान को पर्यटन केंद्र बनाने के लिए सरकार प्रयासरत है। लेकिन सरकारी जमीन नहीं रहने के कारण पर्यटन केंद्र नहीं बन पा रहा है। पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में सिर्फ विवाह मंडप का निर्माण कार्य किया गया है। स्थानीय लोग बताते हैं कि यहां धर्मशाला और विवाह घर बनाने की जरूरत है। (ब्यूरो चीफ हजारीबाग)

## स्पीड न्यूज

### परवरिश में मनाया गया बाल दिवस




**कुजू।** पंडित जवाहरलाल नेहरू के जयंती के अवसर पर परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू में बाल दिवस मनाया गया। विद्यालय में नेहरू हाउस के द्वारा चाचा नेहरू के जीवन पर आधारित नाटक को प्रदर्शित किया गया। छोटे-छोटे बच्चे चाचा नेहरू बनकर आए, और चाचा नेहरू के स्लोगन को मंच पर दोहरायें। इससे पूर्व चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि किया गया। बाल दिवस के इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक श्री शैलेंद्र कुमार ने बाल दिवस का संदेश देते हुए बच्चों के अधिकार के बारे में जागरूक किया। साथ ही बताया कि बाल दिवस के अवसर पर हम सबको मिलकर बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए, इसके अलावा हम सभी को चाचा नेहरू के विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प लेनी चाहिए। विद्यालय प्रबंधक विकास कुमार सिंह ने बच्चों को शुभकामनाओं के साथ अपना संदेश दिया और पंडित नेहरू के विचारों को भी प्रस्तुत किया। कहा कि हमारे पंडित नेहरू का कहना था कि आज के बच्चे कल के युग निर्माता होंगे। बच्चे ही देश का भविष्य है इसलिए जरूरी है कि उनकी शिक्षा और उनके कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जाए। हम जितनी बेहतर तरह से बच्चों की देखभाल करेंगे राष्ट्र निर्माण भी उतना ही बेहतर होगा। वही विद्यालय में बच्चों को प्रेरित करने वाली फिल्म भी दिखाई गई और उनकी शिक्षाओं को भी बच्चों को बताया गया। जिससे बच्चे बहुत ही उत्साहित हुए और बाल दिवस को बहुत ही सफलता से धूमधाम से मनाया गया। मौके पर इंचार्ज आकांक्षा मिश्रा ने बच्चों को चाचा नेहरू की जीवनी के बारे में बताया और कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू हमारे भारत के एक लोकप्रिय नेता थे। वही विद्यालय की समन्वयक रश्मि कुजूर ने जवाहरलाल नेहरू के बच्चों के प्रति विचारों और कार्यों को उजागर किया और कहा जवाहरलाल नेहरू जिन्हें हम प्यार से चाचा कहते हैं, उन्हें बच्चों से बेहद प्यार था। बाल दिवस पर बच्चो के बीच चॉकलेट, कलम, पेंसिल आदि दिया गया।

### सर्वोदय निकेतन में याद किये गये नेहरू



**कुजू।** देश के प्रथम पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन राष्ट्रीय बाल दिवस के रूप में सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुजू में मनाया गया। इस अवसर पर मौजूद शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने पंडित नेहरू की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात विद्यालय में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की मजेदार खेल गतिविधियां आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को विद्यालय निदेशक नरसिंह कुमार ने कहा कि बचपन जीवन की वह सुनहरी अवस्था है, जहां जीवन का भविष्य गढ़ा जाता है। वहीं, प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने बच्चो से पंडित नेहरू के आदर्शों का पालन कर अपने जीवन में आगे बढ़ने की अपील की। वहीं, बच्चो को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक सत्य प्रकाश वर्मा, ब्रह्मदेव महतो, मनीष कुमार प्रसाद, अनिल कुमार गुप्ता, जगदीश महतो, सिंधु गुप्ता, सुशांत कुमार सिंहा , संतोष कुमार महतो, रविंद्र नाथ उपाध्याय, वासुदेव सोरेन, अनीता राज मुंडा, पूजा कुमारी, रजनी कुमारी, ज्योति कुमारी, दीपा रानी एवं गजाला परवीन मौजूद रहे।

### ए ला एंग्लाइज में मना बाल दिवस




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में गुरूवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मोत्सव बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर एवं प्राचार्य विजयंत कुमार ने नेहरू जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नृत्य, गायन, खेल-कूद, कविता पाठ, नाटक, भाषण, चित्रकला व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता शामिल थें। इस अवसर पर छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर ह्यचाचा नेहरूह्न की भूमिका निभाई और उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। बच्चों ने देशभक्ति के गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबों का मन मोह लिया। मौके पर सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि बच्चों के सपने हमारे देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। आइए हम उन्हें प्यार, समर्थन और शिक्षा देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखें। उन्होंने पंडित नेहरू के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। केजी की प्राचार्या अंजू पटेल ने कहा कि बाल दिवस हमें बच्चों के अधिकारों और उनके भविष्य के बारे में सोचने का अवसर प्रदान करता है। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। हमें उनकी शिक्षा और विकास के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के जीवन में एक नया जोश भरने और उनकी प्रतिभा निखारने में काफी मददगार साबित होती है। प्राचार्य श्री कुमार ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू बच्चों के काफी चहेते थे। उन्होंने विभिन्न प्रकार के योजनाओं और अपने कार्य प्रणाली से मजबूत भारत की परिकल्पना की। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के बीच मिठाई और उपहार का वितरण किया गया।

# तिवारी महतो के पक्ष में सांसद मनीष जायसवाल ने किया दौरा

## डेढ़ दर्जन से अधिक क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए हजारीबाग सदर, बड़कागांव और बरही विधानसभा क्षेत्र में लगातार चुनावी दौरा करने के बाद वहां चुनाव संपन्न होने के उपरांत अब मांडू और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित आजसू उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव कैंपेन में जान झोंकना शुरू कर दिया है। बुधवार को मांडू और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में दिनभर ताबड़तोड़ तूफानी दौरा करने के बाद गुरुवार को दिन भर मांडू विधानसभा क्षेत्र के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों का चुनावी दौरा कर मांडू विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी निर्मल महतो उर्फ. तिवारी महतो के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया।

सांसद मनीष जायसवाल ने अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत चुरचू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम इंदिरा से किया जिसके दुबा गढ़ा, जरबा और मांडू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मांडू डी, ठाकुर बेड़ा, बड़का चुम्बा, मंझला चुम्बा, तोपा चौक, आरा उत्तरी 96 कॉलोनी, सिरका, सोनडीहा, बड़गांव, नवाडीह, गुड्डूटांड़, चोपड़ा मोड़, केदला हाउसिंग के बाद ड्राइवर हॉट में समापन किया। सांसद मनीष जायसवाल के चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान एनडीए गठबंधन के सभी दलों के कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और हरेक गांवों में एनडीए के समर्थन में लोगों का अभूतपूर्व जन समर्थन प्राप्त हुआ। ग्रामीणों ने बजे बजे के साथ सांसद मनीष जायसवाल का फूल माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया और एनडीए को पूर्ण समर्थन का उन्हें भरोसा जताया।

**जनसंपर्क अभियान से जुड़ी तिवारी महतो की पत्नी सोनोका :** सांसद मनीष जायसवाल के चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान पंचायत बुमरी स्थित ग्राम ठाकुर गोडा में मांडू विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी निर्मल महतो और तिवारी महतो की धर्मपत्नी सोनोका देवी अपने महिला काफिले के साथ जुड़ी और फिर उनके साथ कई गांवों में जनसंपर्क चलाकर अपने पति के पक्ष में लोगों से केला छाप में मतदान करने का अपील किया। तिवारी महतो की पत्नी सोनोका देवी अपने पति के लिए स्टार प्रचारक की भूमिका में खूब पसीना बहा रही हैं ।

मांडू विधानसभा में बदलाव के साथ भ्रष्ट और जातिवाद की प्रतीक बनी गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तिवारी महतो को जिताएं : मनीष जायसवाल

मौके पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र में बदलाव के लिए मतदान करने के साथ झारखंड राज्य से झामुमो, कांग्रेस और राजद की भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता की पर्यायवाची बनी गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेक और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एनडीए की सशक्त सरकार झारखंड में बनाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र के लिए लगातार संघर्ष और जनसेवा में तत्पर रहने वाले समाजसेवी को एवं के क्रम संख्या 02 में केला छाप पर वोट जरूर दें । मौके पर रामगढ़ जिले के बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, अंबिका सिंह उर्फ. खोखा सिंह, पंकज साहा, भाजपा महिला नेत्री रीमा देवी, उपेंद्र सिंह, भोला सिंह, रंजीत साव, मुकेश सिंह, मुकेश कुमार गुप्ता, अमित बेलथरिया, कपिल साव, बबलू कुशवाहा, बीरेंद्र मुंडा, रामानन्द सिंह, रमेश प्रसाद गुप्ता, छोटू सिंह, बजरंगी सिंह, महेश महतो, राजेश सिंह, अलखदेव सिंह, राजू महतो, प्रदीप महतो, सकलदेव महतो, राम अयोध्या साव, हलीम मियां, ललित दास, सुरेंद्र महतो, मनोज महतो, लक्ष्मण मुंडा, ब्रजकिशोर चौधरी, ज्ञानी साव, कान्हाय सिंह, पचू सिंह, रणधीर सिंह, गिरधारी महतो, संजय शर्मा, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त




**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली की कोल माफियाओं के द्वारा माण्डू (कुज्जू) ओपी अन्तर्गत ग्राम-महुआ टुंगरी के आस-पास एक ट्रक में अवैध कोयला लोड कर छिपाकर रखा गया है। जिसे ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए बाहर बेचने के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुअनि दिगम्बर पाण्डेय ओपी प्रभारी कुज्जू के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से रात्रि 11:00 बजे ग्राम-महुआ टुंगरी के आस-पास अलग-अलग स्थान पर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में एक चौदह चक्का ट्रक जिसका रजि० नं0यूपी67एटी-3022 जिसका बीच वाला एक चक्का खुला हुआ को लावारिस हालत में खड़ाकीचड़ में फंसा हुआ पाया। वाहन का तलाशी लेने के क्रम में वाहन के अंदर गाड़ी से संबंधित कागजात एवं डाला का जांच करने पर करीब 25 टन कच्चा कोयला लोड पाया। ट्रक और उसमें लोड कच्चा कोयला के संबंध में दाबेदारी हेतु काफी देर तक इंतजार किया परन्तु काफी समय बीत जाने के बाद भी कोई दाबेदार उपस्थित नहीं हुए, जिसे अवैध मानते हुए ट्रक एवं उसमें लोड कच्चा कोयला करीब 25 टन को जब्त किया गया।

### भुरकुंडा में आज मनेगी गुरूनानक की जयंती

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा में सिख धर्म के प्रवर्तक एवं सिखों के प्रथम गुरू श्री गुरुनानक देव जी के 555वें प्रकाशोत्सव के पावन अवसर पर प्रभातफेरी सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और गुरूवाणी गायन से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। इस अवसर पर बरनपुर से आई तीन सदस्यी महिला पुजारन मनप्रीत कौर, रानी कौर और हरबिंदर कौर ने बुधवार से 48 घंटा का अखंड पाठ का शुभारंभ किया। शुक्रवार को अटूट लंगर का आयोजन किया जायेगा। साथ ही देर शाम गुरूनानक देव जी महाराज के जयंती पर केक काटने के बाद जमकर आतिशबाजियां की जायेगी।

### चुनाव को लेकर रामगढ़ के एसपी ने की बैठक



**रामगढ़।** एसपी अजय कुमार ने सीएपीएफ समादेष्टा, पुलिस उपाधीक्षक (मु०), अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ एवं सभी पुलिस निरीक्षक, थाना/ओपी प्रभारियों के साथ 20 नवंबर को होने वाले द्वितीय चरण के मतदान को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु की गई तैयारियों एवं बलो की प्रतिनियुक्ति को लेकर बैठक की।

### सौंदा पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा पब्लिक स्कूल सौंदा बस्ती में गुरूवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मोत्सव बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य सह सचिव अमित कुमार जवाहरलाल नेहरू के तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी नेहरू जी के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेलकूद मेहंदी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सीनियर विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग, तीन पैरों का दौड़, श्लो साईकिल, मैथेमेटिक्स रेस, निडिल थ्रेड, स्पून रेस और जूनियर विद्यार्थियों के लिए बैलून रेस बिस्किट रेस आदि शामिल थे।

# रामगढ़ में प्रकाशोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** सिख धर्म के संस्थापक एवं सिखों के प्रथम श्री गुरु देव जी के 556 वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर गुरूवार को बिजुलिया स्थित भूपेंद्र सिंह जौली के आवास से 3:00 बजे शोभा यात्रा निकली। शोभा यात्रा में दूसरे समुदाय के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभा यात्रा बिजुलिया स्थित भूपेंद्र सिंह जौली के आवास से 3:00 बजे आरंभ हुई। शोभा यात्रा शहर के बिजुलिया, पुराना बस स्टैंड, लोहार टोला, चट्टी बाजार, थाना चौक, सुभाष चौक से होते हुए श्री गुरुद्वारा सहिब पहुंचकर संपन्न हुई।

**सुसज्जित वाहन पर विराजमान थे श्री गुरुग्रंथ साहिवः** शोभा यात्रा के दौरान श्री गुरुग्रंथ साहिब को एक सुसज्जित वाहन पर विराजमान किया गया था। जिस वाहन पर श्री गुरुग्रंथ साहिव विराजमान थे उसे बहुत ही आकर्षक तरीके से फूलों से सजाया गया था। श्री गुरूग्रंथ साहिब के साथ वाहन पर हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह व सरबजीत सिह मौजूद थे। शोभा यात्रा के साथ पारंपरिक वेशभूषा में पंज प्यारे कुलवीर सिंह, सनप्रीत सिंह, अंगद चंडोक, गुरप्रीत कालरा और यश छाबड़ा चल रहे थे। इनकी पारंपरिक वेशभूषा शोभा यात्रा की शान बढ़ा रही थी। शोभा यात्रा के स्वागत के लिए शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर तोरणद्वारों का निर्माण किया गया था। शोजत्थे में धनबाद के प्रसिद्ध शबद गायक विक्की छाबड़ा और मंजीत छाबड़ा मधुर शबद के जरिये माहौल को खुशनुमा बनाते चल रहे थे।

**विभिन्न संगठनों ने किया स्वागत :** शोभा यात्रा के जगह जगह पंजाबी हिन्दू बिरादरी सहित कई संगठनों ने स्वागत किया। इस दौरान शोभा यात्रा में शाामिल साध संगत का विरिकट, , फल एवं मिठाई आदि से स्वागत किया गया। शोभा यात्रा के दौरान युवाओं ने आतिशबाजी के नजारे से लोगों को अचंभित कर दिया। शोभा यात्रा में रामगढ़ गुरूद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छावड़ा, विंकल कालरा, जोगिंदर सिंह जग्गी, प्रीतम सिंह कालरा, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, रविंदर सिंह छाबड़ा, गुरदीप सिंह सैनी, राजू कालरा, विक्की छाबड़ा, अंगद चंडोक, हरेंद्र छाबड़ा, गुरप्रीत चाना, हरपाल सिंह अरोड़ा, शतप्रीत सिंह मिंटू, राजू छाबड़ा, जगजीत सिंह सोनी, गुरप्रीत सिंह, बबलू छाबड़ा, जगजीत सिंह, रिंटू छाबड़ा, गुरजीत सिंह सलूजा, पुष्विंदर सिंह छाबड़ा, गुरजीत सिंह शान, पप्पू जस्सल, कुलवंत सिंह मारवाह, रणजीत सिंह , हरजीत सिंह, रोमी छाबड़ा, जगजीत सिंह जग्गी, अंगद चंडोक, मनप्रीत कौर सैनी, गुरबख्श कौर, बलविंदर कौर आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### उच्च विद्यालय में मनी नेहरू की जयंती



**इचाक।** बाल दिवस के अवसर पर सी एम आदर्श उच्च विद्यालय इचाक में देश के ऊजार्वान प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मनाया गया। सबसे पहले चाचा नेहरू के तस्वीर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं सचिव माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए, फिर बारी बारी से सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी पुष्प अर्पित कर सुमन अर्पित किए। बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक बताया कि चाचा नेहरू के जन्मदिवस के रूप में बाल दिवस मनाया जाता है ,यह देश के प्रथम प्रधानमंत्री थे ।वही विद्यालय के सचिव श्री मनीष कुमार ने बताया कि इनका जन्म 14 नवंबर 18 89 ई को इलाहाबाद जो वर्तमान में प्रयागराज है इनके पिता का नाम मोतीलाल नेहरू एवं माता का नाम स्वरूप रानी था पिताजी पैसे से वकील थे ।वही प्रोफेसर मनोज कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताएं कि उनके शासनकाल में ही भारत और चीन के बीच 28 अप्रैल 1954 को पंचशील समझौता पर हस्ताक्षर हुए। इन्होंने नौ बार जेल की यात्राएं झोली। 1942 से 1946 के बीच कारावास के दौरान डिस्कवरी ऑफ इंडिया पुस्तक लिखी। बच्चों इनका निधन 27 मई 1964 ई को हृदय घाट से इनका निधन हो गया इन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सुई धागा रेस में सुई धागा रेस में सुई धागा रेस में मनीषा कुमारी वर्ग दसम प्रथम दूतिये फूल कुमारी वर्ग 8, 100 मी रेस में गणेश कुमार क्लास 7 प्रथम दूतिए सूरज कुमार वर्ग 7 गुब्बारा रेस में प्रथम लक्ष्मीकुमारी वर्ग 3 द्वितीय अनुष्का कुमारी वर्ग 6 एवं तरह-तरह के कार्यक्रम किए गए एवं बच्चों और बच्चों के मनोबल को ऊंचा किया गया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलने के लिए धर्मेंद्र कुमार की विशेष भूमिका रही इसमें मुन्ना पांडे वासुदेव पांडे ओमकार मेहता कुमारी अंजली सीके राना बैजनाथ कुमार मेहता राजेश प्रसाद सुरेंद्र शर्मा मनोज कुमार का सरहनीय योगदान रहा।

### ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में मना बाल दिवस



**दारु।** दारू प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने अपनी-अपनी विद्यालयों में विविध प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया और बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इन कार्यक्रमों में बच्चों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें एक अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल, दारू में बाल दिवस का आयोजन उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए कई मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें स्पून रेस, मैथ रेस, चेयर रेस, अल्फाबेट गेम जैसी रोचक गतिविधियाँ शामिल थीं। बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही बच्चों ने बाल दिवस के महत्व पर सुंदर-सुंदर भाषण भी प्रस्तुत किए, जिसमें उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के बच्चों के प्रति प्रेम और उनके योगदान के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र भूषण प्रसाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू का बच्चों से विशेष लगाव था, और उनके इसी प्रेम के कारण उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए बताया कि शिक्षा से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को नेक मार्ग पर चलने और मेहनत से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के निदेशक बजरंग सहाय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल दिवस सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों की असीमित क्षमताओं को पहचानने और उन्हें सशक्त बनाने का अवसर है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आत्मविश्वास, शिक्षा और अनुशासन के माध्यम से अपनी क्षमताओं को निखारें। बच्चों को यह संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि समय का सम्मान और निरंतर प्रयास से वे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाने चाहिए और हर कठिनाई का सामना साहस और दृढ़ता के साथ करना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं में मंजू सहाय, प्रकृति प्रिया, यशोदा देवी, कुमारी कनक रानी, प्रियंका कुमारी, रेखा देवी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद थीं।

### जरबा और चरही पंचायत में कई समस्यायें

**चरही।** जरबा और चरही पंचायत के समस्याओं से घिरा हुआ है ।इसे देखने वाला कोई नहीं है। जरबा पंचायत के ग्रामीणों ने लिखित आवेदन हजारीबाग सांसद को दिया है ।जिसमें लिखा है कि चरही घाटी के यूपी मोड़ में तीखा गुमावदार सड़क होने के कारण सड़क होते रहती है ।इस घाटी में कई लोगों की जाने चली गई है ।इस घुमावदार सड़क को ठीक कराकर दुर्घटना को रोका जाय ।वहीं चरही-घाटो मार्ग पर भी कई दुर्घटना घट चुकी है ।इस मार्ग पर ओवर ब्रिज की आवश्यकता है ।ताकि लोग दुर्घटना होने से बच सके ।इसी प्रकार चौदह माइल रेलवे ओवर ब्रिज के पास साइडिंग की ओर से आने वाले माल वाहक वाहनों के द्वारा अन्य वाहनों को क्षतिग्रस्त कर देते हैं ।इससे भी जान-माल की क्षति होती है ।इसे भी दुरुस्त करने की जरूरत है ।आगे लिखा है कि मांडू विधुत सब स्टेशन का वितरण नेटवर्क काफी लंबा होने के कारण चरही और जरबा बारह गावं क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति सही से नहीं हो पाती है ।इस लिये जरबा के दासोखाप में नया विद्युत सब स्टेशन लगाया जाय ।गिरीडीह-रांची इंटर सिटी का ठहराव चरही रेलवे स्टेशन में हो ताकि चरही, तापीन,बारह गावं,चुरचू,मांडू, कुजू और बलसगरा आदि नागरिकों को रांची आने-जाने में सुविधा हो सके ।चौदह माइल एनएच-33 पर फॉर लेन के किनारे पूर्व सांसद के द्वारा पक्का यात्री शेड का निर्माण कराया गया था ।लेकिन फोर लेन सड़क का निर्माण होने के कारण एनएचएआई के द्वारा तोड़ दिया गया ।आज यात्री शेड नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।जरबा और चौदह माइल चौक पर विधुत हाई मास्क लाइट लगाया जाय ।जिसमें लोगों को अंधेरे से निजात मिल सके ।तथा इंद्रा 15 माइल भाया कोठिया टांड़ पथ में पंद्रह माइल से लगभग 500 मीटर पथ अधूरा पड़ा है ।यह सड़क वनविभाग की भी पर पड़ी है ।जिस कारण अधूरा है ।इसे पूरा कराया जाय। चरही को प्रखंड बनाया जाय। सांसद आर्दश सांसद ग्राम जरबा में अवस्थित बूढ़ी नदी के किनारे छठ घाट,राजस्व एवं ऐतिहासिक तालाब,जमुना तालाब तक मिट्टी-मोरम एवं पीसीसी 1200 फिट पथ तथा महिला स्नान घाट का निर्माण कराया जाय ।जरबा के पश्चिम में स्थित मौजा बासाडीह और इंद्रा में निमी बांध तालाब ,दो स्नान घाट एवं सीढ़ी का निर्माण कराया जाये।

# बिरसा मुंडा : शोषण और जुल्म के विरुद्धसशक्त आवाज

**विजय केसरी**

**भगवान** बिरसा मुंडा जीवन पर्यंत शोषण और जुल्म के विरुद्ध संघर्षरत रहे थे। मानो जुल्म और शोषण की कोख से उनका जन्म हुआ था । उनका संपूर्ण जीवन संघर्ष में बीता था। उन्होंने शोषण और जुल्म के खिलाफ आदिवासी समाज को संगठित कर ब्रिटिश हुकूमत खिलाफ एक बड़े जंग का ऐलान किया था। फलस्वरूप आदिवासी समाज को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी थी। ब्रिटिश हुकूमत के बढ़ते मालगुजारी ने आदिवासी समाज को और भी आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया था। आदिवासी समाज ने इस बढ़ोतरी का खुलकर विरोध किया था। पहले से गरीब आदिवासी समाज, ऊपर से भयंकर अकाल ने काफी तबाह कर दिया था। प्रांत भर में भीषण अकाल पड़ने के बावजूद अंग्रेजी हुकूमत ने मालगुजारी बढ़ा दिया था। यह अंग्रेजी हुकूमत की आदिवासियों के विरुद्ध जुल्म की पराकाष्ठा थी। बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत के इस जुल्म के खिलाफ संपूर्ण आदिवासी समाज को एकजुट किया था। उन्होंने समाज के हर तबके की भलाई के लिए यह कदम उठाया था । उन्होंने जमीदारी प्रथा और सूदखोरी प्रथा का भी कड़ा विरोध किया था। वे एक साथ तीन-तीन मोर्चे पर संघर्ष कर रहे थे। एक और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उनका जंग जारी था । वहीं दूसरी ओर जमींदारों के खिलाफ भी संघर्षरत थे। तीसरे मोर्चे पर सूदखोरी के खिलाफ भी लड़ रहे थे ।

बिरसा मुंडा ने एक साथ तीन - तीन मोर्चे पर लड़कर राजशाही प्रथा को समाप्त कर लोकतंत्रात्मक और स्वतंत्र भारत निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। बिरसा मुंडा अदम्य साहस के प्रतिमूर्ति थे। उनकी डिक्शनरी में डर नाम की कोई चीज नहीं थी । बाल काल से ही उन्होंने जुल्म और शोषण के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद किया था। उनकी कथनी और करनी एक थी । वे सहज, सरल और मृदुभाषी प्रकृति के व्यक्ति थे। उनमें दया कूट-कूट कर भरी हुई थी। वे एक न्याय प्रिय व्यक्ति थे। उन्होंने सदा सत्य मार्ग का अनुसरण किया था। ईश्वर के प्रति उनमें गहरी आस्था थी। वे एक सुसंस्कृत, सुसंगठित और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना चाहते थे। वे सामाजिक भेदभाव, ऊंच-नीच को समाज के लिए अहित मानते थे । वे समाज का सर्वांगीण विकास चाहते थे। उनकी सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, सब के प्रति समान भाव, जुल्म और शोषण के खिलाफ पूरी शक्ति से लड़ना, अदम्य साहस ने उन्हें भगवान बिरसा के रूप में तब्दील कर दिया था। बिरसा मुंडा इस धरा पर मात्र 25 वर्षों तक रहे थे । इतनी कम उम्र में उन्होंने जो कार्य किया सदा समाज को प्रेरित करता रहेगा। हम सबों को बिरसा मुंडा के जीवन से समाज सेवा करने की सीख लेनी चाहिए। आज लोग थोड़ा सा समाज सेवा कर, समाज सेवा का बखान करते थकते नहीं। वहीं दूसरी ओर बिरसा मुंडा ने अपने किसी भी उद्बोधन में समाज सेवा की कोई चर्चा तक नहीं की बल्कि उन्होंने तन, मन, धन से समर्पित होकर समाज सेवा किया था।

बिरसा मुंडा का उदय जुल्म और शोषण के खिलाफ हुआ था। उनका जीवन सदा सकल समाज के लिए अनुकरणीय रहेगा। इसलिए आज की पीढ़ी को बिरसा मुंडा के साहसपूर्ण और गौरवपूर्ण कार्यों से परिचित होना जरूरी है। बिरसा मुंडा का जन्म मुंडा जनजाति के गरीब परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम सुगना मुंडा और माता नाम करमी मुंडाईन था। ये दोनों गरीब कृषक थे। बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवम्बर 1875 को झारखण्ड के खुंटी जिले के उलीहातु गाँव में हुआ था। ये निषाद परिवार से थे । उन्होंने साल्गा गांव में प्रारम्भिक पढाई के बाद चाईबासा, गोस्नर एवंजिलकल लुथार विधालय में पढ़ाई किया था। । वे अन्य छात्रों से अलग थे । वे हमेशा शांत रहा करते थे। वे विचार मंथन करते रहते थे । वे एक आज्ञाकारी छात्र थे। वे जरूरत पड़ने पर ही बोला करते थे । इनका मन हमेशा अपने समाज को ऊपर उठाने में लगा रहता था । ब्रिटिश शासक के शोषण से समाज को कैसे मुक्त किया जाए ? इतनी छोटी उम्र में यह विचार करते रहते थे । उन्होंने आदिवासी समाज को अंग्रेजों से मुक्ति पाने के लिए अपना नेतृत्व प्रदान किया था । 1894 में मानसून ना होने के कारण संपूर्ण छोटानागपूर में भयंकर अकाल पड़ गया था। वहीं दूसरी ओर भयंकर महामारी भी फैल गई थी। इस प्रतिकूल स्थिति में बिरसा मुंडा ने पूरे मनोयोग से अपने लोगों की सेवा की थी।



**( 15 नवंबर, भगवान बिरसा मुंडा की 149 वीं जयंती पर विशेष)**

बिरसा मुंडा ने मुंडाओं को एकत्र कर अंग्रेजो से लगान माफी के लिए आन्दोलन किया था। इस कारण 1895 में उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया और हजारीबाग केन्द्रीय कारागार में दो साल के कारावास की सजा दी गई थी। । लेकिन बिरसा मुंडा और उनके शिष्यों ने क्षेत्र की अकाल पीड़ित जनता की सहायता करने की ठान रखी थी । बिरसा मुंडा के हजारीबाग जेल में रहने के बावजूद उनके शिष्यों ने उनके निर्देश पर अकाल पीड़ितों को मुफ्त अनाज और महामारी से जूझ रहें लोगों की हर संभव मदद की थी। इन्हीं गुणों और कार्यों के कारण उन्होंने अपने जीवन काल में ही एक महापुरुष का दर्जा पा लिया था । लोग उन्हें एक अवतारी पुरुष के रूप में देख रहे थे । लोग उनसे प्रेम करने लगे थे। यह प्रेम ईश्वर के प्रेम करने जैसा था। लोग आज भी बिरसा मुंडा को भगवान का अवतार मानते हैं। उनके प्रति सच्ची श्रद्धा भी रखते हैं। उन्हें इस इलाके के लोग ₹धरती आबा₹के नाम से पुकारते और पूजते हैं । उनके प्रभाव की वृद्धि से पूरे इलाके के मुंडाओं में संगठित होने की चेतना जागी थी।

1897 से 1900 के बीच मुंडाओं और अंग्रेज सिपाहियों के बीच कई युद्ध हुए थे। बिरसा मुंडा और उसके चाहने वाले लोगों ने अंग्रेजों की नाक में दम कर रखा था। अगस्त 1897 में बिरसा मुंडा और उसके चार सौ सिपाहियों ने तीर कमानो से लैस होकर खूंटी थाने पर धावा बोला दिया था । 1898 में तांगा नदी के किनारे मुंडाओं की भिड़ंत अंग्रेज सेनाओं से हुई थी, जिसमें पहले तो अंग्रेजी सेना हार गई थी, लेकिन बाद में इसके बदले उस इलाके के बहुत से आदिवासी नेताओं की गिरफ़्तारियां हुईं थीं।

1900 में डोम्बरी पहाड़ पर एक और संघर्ष हुआ था । जिसमें बहुत सी औरतें व बच्चे मारे गए थे। उस स्थान पर बिरसा मुंडा ने लोगों को सम्बोधित किया था। बिरसा मुंडा ने उस जनसभा में लोगों से कहा था कि जुल्म और शोषण के खिलाफ उनका यह संघर्ष जीवन पर्यंत जारी रहेगा। वे अंग्रेजों को भगा कर ही दम लेंगे। उन्होंने एक एक जन से आखरी सांस तक लड़ने के लिए अपील की थी। बिरसा मुंडा के इस उद्बोधन का ऐसा असर हुआ था कि लोग कई मिनटों तक तालियां बजाते रहे थे । बिरसा मुंडा की जय के नारों से से पूरा रणभूमि गूंज उठा था। बिरसा मुंडा के इस उद्बोधन से अंग्रेजी हुकूमत की ईट से ईट हिल गई थी । इस उद्बोधन के कुछ दिनों बाद बिरसा मुंडा के प्रमुख शिष्यों की गिरफ़्तारियां हुईं थीं। इसके बाद भी अंग्रेजो के खिलाफ आदिवासी समाज का संघर्ष रुका नहीं था। अन्त में अंग्रेजी हुकूमत के सिपाहियों ने बिरसा मुंडा को 3 जनवरी 1900 को चक्रधरपुर के जमकोपाई जंगल से गिरफ़्तार कर लिया था । बिरसा मुंडा की गिरफ्तारी के बावजूद अंग्रेजो के खिलाफ उनका संघर्ष रूका नहीं बल्कि और भी प्रबल होता चला गया था । बिरसा मुंडा के तेज संगठन प्रक्रिया और युद्ध रणनीति से अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिल गई थी। बिरसा मुंडा अंग्रेजों के आंखों के किरकिरी बन गए थे। अंग्रेजी हुकूमत, बिरसा मुंडा को जीवित देखना नहीं चाहते थे । अंततः अंग्रेज अपनी इस साल में सफल हो गए थे। अंग्रेजों ने बिरसा मुंडा को खाने में जहर मिला कर दे दिया था। बिरसा मुंडा ने 9 जून 1900 रांची के कारागार अंतिम सांस में लीं थीं। अंग्रेजों द्वारा बिरसा मुंडा की छल से हत्या के बावजूद उनके अनुयायियों ने संघर्ष को रोका नहीं, बल्कि उनके विचारों से प्रेरणा पाकर संघर्षरत रहे थे ।

आज भी बिहार,उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के आदिवासी इलाकों के लोग में बिरसा मुंडा को भगवान की तरह पूजा करते हैं। 15 नवंबर को बिरसा मुंडा के इस झारखंड की पवित्र भूमि पर आगमन होने के कारण ही इसी दिन झारखंड अलग प्रांत का नींव रखा गया था। अब झारखंड अलग प्रांत का 24 वर्ष पूरा हो गया । झारखंड अलग प्रांत अपने 25 वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। झारखंड अलग प्रांत के संघर्ष की कहानी भी बहुत प्रेरणादाई है। झारखंड अलग प्रांत बनने के बाद उम्मीद थी कि झारखंड एक शोषण मुक्त राज्य बनेगा। यह प्रांत बिरसा मुंडा के सपनों के अनुकूल पुष्पित और पल्लवित होगा। लेकिन झारखंड की राजनीतिक अस्थिरता ने इसके विकास पर 14 वर्षों का ग्रहण लगा दिया था। झारखंड विधानसभा का चुनाव दो चरणों में पूरा होना है। 23 नवंबर को विधानसभा का परिणाम सामने आ जाएगा।

## झारखंड चुनाव

# भाजपा आदिवासी और मूलवासी को घुसपैठिये बोलती है : सीएम हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका/बोकारो।** जिले के मसलिया प्रखंड के मसानजोर पंचायत के आश्रम चापुड़िया फुटबाल मैदान में गुरुवार को चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि यहां के गरीबों के बारे में किसानों के बारे में हमलोगों से कोई अधिक नहीं जान सकता है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की व्यवस्था कराई गई है। जिससे गरीबों की स्थिति में सुधार हो सके। गरीब इतना बोझ के नीचे दबा हुआ है कि बेचारा अपने पैर पर खड़ा नहीं हो पा रहा है। इसलिए हमने संकल्प लिया और सारा बकाया बिजली बिल माफ किया। झारखण्ड की जनता को आज हम यह आस्वासन देते हैं कि 24 घण्टे बिजली आप जलाएं। लेकिन आपके घर का बिजली बिल ही नहीं आएगा। ये लोग सीएनटी एसपीटी करता है। यहां के आदिवासी मूलवासी को घुसपैठिये बोलता है। अजीब स्थिति है। देश का प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री रोटी माटी बेटी का बात करता है। लेकिन भाइयों यही लोग है जो विकास के नाम पर हमलोगों को विस्थापित करता है। यही लोग हैं जिनके राज्यों में आदिवासियों, दलितों के ऊपर पेशाब किया जाता है। लेकिन कोई सीएम न पीएम एक शब्द भी नहीं बोलता। आज एक आदिवासी मुख्यमंत्री बना है तो यह उनके आंखों में चुभ रहा है। मुझे झूठे केस में डालकर जेल भेजने का काम किया। सोचा कि झुक जाएंगे लेकिन उनको यह पता नहीं की आदिवासी समाज दलित समाज मूलवासी इनको सबक सिखाएगा। मित्रों 20 नवंबर को गठबंधन के पक्ष में जम कर मतदान करें।



### बोकारो में बोले हेमंत- हम न बटें हैं न ही टूटे हैं

दूसरी तरफ झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बोकारो जिले के चंदनकियारी में झामुमो प्रत्याशी उमाकांत रजक गोमिया से झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र कुमार महतो और बेरमो विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के समर्थन में भाजपा और आजसू पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने कहा कि हम न बटें हैं न ही टूटे हैं। हमें झूठे केस में फंसाया गया। इस बार झारखंड की जनता एक है और अपने वोट के जरिये इन्हें जरूर कूटेंगे। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री यहां लोगों को बरगलाने के लिए लगभग एक वर्ष से लगे हुए हैं जबकि उनका प्रदेश बाढ़ में डूब रहा है। हमलोगों ने वहां की जनता की मदद की। अंत में श्री सोरेन ने जनता जनार्दन से चंदनकियारी में झामुमो के उमाकांत रजक गोमिया में झामुमो के योगेंद्र कुमार महतो और बेरमो में कांग्रेस के जयमंगल सिंह को भारी मतों से विजयी बनाकर भाजपा को एक सीख देने की अपील की।

## मंईयां सम्मान योजना से भाजपा घबरा गयी : कल्पना



**साहिबगंज।** झामुमो की स्टार प्रचारक विधायक कल्पना सोरेन ने गुरुवार को राजमहल में झामुमो प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। राजमहल में अंतराज्यीय बस स्टैंड में झामुमो प्रत्याशी मो ताजउद्दीन उर्फ एम टी राजा के पक्ष में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कल्पना ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने कम समय में जो विकास का काम किया है, उसकी बदौलत झारखण्ड के बहु हम आपके पास आशीर्वाद मांगने आए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता जवाब देगी कि समाज को तोड़ने वालों की सरकार बनेगी या जोड़ने वाले की। आज मंइयां सम्मान योजना से 55 लाख महिलाओं के खाते में राशि खटाखट जा रही है, जो हेमंत सोरेन की सोच है। आप लोगों का सहयोग मिलेगा तो आने वाले समय महागठबंधन की सरकार अपने बचे हुए विकास कार्य को तेजी से पूरा करेगी। कल्पना ने कहा कि मंइयां सम्मान योजना से भाजपा घबरा गई है।

## एक रहोगे तो सुरक्षित रहोगे : हिमंता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**उधवा/साहिबगंज।** राजमहल विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनंत कुमार ओझा के पक्ष में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने गुरुवार को जनसभा को संबोधित किया। हिमंता बिस्व सरमा ने एम टी राजा उर्फ मोहम्मद ताजुद्दीन एवं पूर्व मंत्री आलमगीर आलम। मौजूदा मंत्री इरफान अंसारी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदुओं को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया और लोगों से ऐसे प्रयासों को विफल करने के लिए एकजुट रहने का आग्रह किया। हिमंता ने गुरुवार दोपहर को राजमहल विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नीति गठबंधन पर वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर घुसपैठ पर अंकुश नहीं लगाया गया तो 20 साल में झारखंड में हिंदुओं और आदिवासियों के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। हिमंता विश्व सरमा ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र के उधग प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में एक रैली के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि जहां 1951 का जिक्र करते हुए की हिंदू और आदिवासी की आबादी यहां तेजी से घट रही है, वहीं मुस्लिम आबादी बढ़ रही है शर्मा ने दावा किया कि संथाल परगना में 90 प्रतिशत आबादी हिंदू और आदिवासियों की रही है, लेकिन अब इसमें गिरावट आई है। साथ ही मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी हुई है। क्योंकि हेमंत सोरेन ने घुसपैठियों को वोट बैंक के लिए जगह दी है। सरमा ने कहा, एक रहोगे तो सुरक्षित रहोगे। सरमा ने झामुमो पर वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदुओं को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया और लोगों से ऐसे प्रयासों को विफल करने के लिए एकजुट रहने का आग्रह किया। एक रहोगे तो सुरक्षित रहोगे।

## राज्य को लूटने में लगी है हेमंत सरकार: बाबूलाल

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी परितोष सोरेन के पक्ष में गुरुवार को बाबूलाल मरांडी ने चुनावी सभा को संबोधित किया। सभा का आयोजन शिकारीपाड़ा कॉलेज मैदान में किया गया। जिसमें पार्टी प्रत्याशी परितोष सोरेन के साथ जिला अध्यक्ष गौरव कांत प्रसाद भी उपस्थित हुए। लोगों को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार और उनके सभी सहयोगी इस राज्य को लूटने में लगे हैं। बालू-पत्थर-कोयला सहित अन्य खनिज पदार्थ की लूट तो हो ही रही है साथ ही साथ वे यहां के जमीन की भी लूट कर रहे हैं। मरांडी ने चुनौती देते हुए कहा कि वे साबित कर दें कि मेरे सरकार के समय या फिर अर्जुन मुंडा या फिर रघुवर दास के समय किसकी जमीन हड़पी गई या लूटी गई। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जो सहयोगी कांग्रेस है उन्होंने हमेशा लोगों के जमीन को लूटा है, विस्थापन का दंश झेलने के लिए लोगों को मजबूर किया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ने जो कहती है वह करती है।



## पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने में लगा हूं : अनूप सिंह



**बेरमो।** संडेबाजार फुटबॉल मैदान में गुरुवार को बेरमो विधायक सह महागठबंधन कांग्रेस प्रत्यासी कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनूप कुमार सिंह द्वारा आयोजित एक विशाल चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुचे जिनका स्वागत 51 किलो के माला के साथ साथ गुलदस्ता देकर किया गया। जबकि इस चुनावी सभा का संचालन कांग्रेस के वरीय नेता सुबोध सिंह पवार द्वारा किया गया। इस मौके पर बघेल के साथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर व विधायक साहू भी उपस्थित थे। विधायक सह प्रत्याशी सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बेरमो को सजाने व संवारने का उनके पिता स्व राजेंद्र प्रसाद ने किया और वे उन्ही के नक्शे कदम पर चल कर अपने पिता के अधुरे काम व सपने को पुरा करने की कोशिश मे जुटा हुं। उन्होंने अपने साढ़े तीन साल के कार्यकाल में क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी है। भाजपा सिर्फ चुनाव के समय ही आपके बीच आते हैं और आपको गुमराह कर आपसे वोट लेकर राज करते हैं उसे आपसे कोई लेना देना नहीं।

## जामा का बेटा हूं, सेवा ही मेरा धर्म : सुरेश मुर्मू

**दुमका।** जामा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने गुरुवार को महारो स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा का यह चुनाव केवल विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री चुनने के लिए नहीं है बल्कि यह चुनाव जामा विधानसभा क्षेत्र की जनता के भविष्य को तय करने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उनके जैसे अति गरीब आर्थिक पृष्ठभूमि वाले कार्यकर्ता पर तीसरी बार विश्वास जताते हुए जामा से चुनाव में प्रत्याशी बनाया है। स्वयं को जामा का बेटा बताते हुए सुरेश मुर्मू ने कहा कि वे जामा क्षेत्र की जनता के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहते हैं और भविष्य में भी रहेंगे। यह चुनाव भू, कोयला, बालू और गिट्टी माफिया को संरक्षण देने वालों एवं ग्रामवासी गरीब किसान कार्यकर्ता के बीच का है।

## बेरमो कोयलांचल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी जनसभा, बोले

# बंटोगे तो कटोगे एक रहोगे तो सेफ और नेक रहोगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/फुसरो/बोकारो।** बेरमो कोयलांचल स्थित करगली फुटबॉल मैदान सह विनोद बिहारी महतो फुटबॉल मे तथा स्थित पुस्तकालय मैदान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 24 साल पहले अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड बनाया था, लेकिन झामुमो और कांग्रेस ने इसका विरोध किया था। योगी आदित्यनाथ ने लोगों से अपील किया। कि वे कमल के निशान पर वोट देकर एनडीए प्रत्याशियों को जिताएं। वे बेरमो विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार रवींद्र पांडेय एवं गोमिया विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो के समर्थन में आए थे। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का नया स्वरूप निखर रहा है, जहां देश की सुरक्षा मजबूत हुई है और पाकिस्तान की हर हरकत का जवाब भारत के सैनिक दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन और 10 करोड़ घरों में शौचालय जैसी सुविधाएं दी हैं। जबकि विपक्ष सिर्फ बयान बाजी करता है। योगी ने झारखंड के लिए भाजपा का वादा दोहराया कि पार्टी राज्य के लोगों को 500 रुपये में सिलेंडर और दो मुफ्त सिलेंडर देगी।योगी ने जनता से अपील किया कि वे बेरमो से रविंद्र कुमार पांडे और गोमिया से डॉक्टर लंबोदर महतो को जीताकर राज्य में स्थायी और सुरक्षा बनाए रखने में योगदान दें। वही करगली मे आयोजित चुनावी सभा में लोगो की भारी भीड़ उमड़ आई थी। एक अनुमान के अनुसार लगभग 50 हजार के आसपास की भीड़ उमड़ी थी। योगी अदित्यनाथ के मंच पर आते ही हर तरफ जय श्री राम के नारे लगने लगे। भीड़ को बहुत ही मुश्किल से शांत करवाया गया। वही श्री योगी ने अपने संबोधन में वर्तमान महागठबंधन की सरकार को कोसते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब जब हम बटे है तब तब हमे नुकसान उठाना पड़ा है। इस लिए हमारा कहना है कि बटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो सेफ और नेक रहोगे। इस नारे के बाद पुरे सभा में लोगो की शोर शुरू हो गई। संचालन जिला महासचिव अनिल स्वर्णकार द्वारा किया गया। मंच पर भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुमार पांडेय के अलावा गोमिया विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो, डॉ प्रहलाद वर्णवाल, विनय कुमार सिंह, गिरजा देवी, विनोद महतो, काशीनाथ सिंह, मंत्री नितिन नवीन आदि के नेतागण उपस्थित थे।




### बोकारो में भी गरजे सीएम योगी



बोकारो। बोकारो विधानसभा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेक्टर 5 स्थित पुस्तकालय मैदान में भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण के पक्ष में चुनावी सभा की। मंच पर प्रत्याशी बिरंची नारायण, चंदनकियारी प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी कुमार अमित डॉ प्रकाश सहित कई वरिष्ठ नेतागण मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि भाजपा स्व वाजपेयी के सपनों का झारखण्ड बनाने को प्रतिबद्ध है। यहां डबल इंजन की सरकार बनेगी तभी विकास संभव है। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठियों की चर्चा करते हुए कहा कि एक रहेंगे तभी सेफ रहेंगे। बटेंगे तो कटेंगे। योगी ने जनता से कांग्रेस झामुमो व राजद के बहकावे में नहीं आने की अपील की।

# जनजातीय सम्मेलन का आगाज आज, उद्घाटन समारोह में बजेंगे 401 नगाड़े

- देश भर से 168 जनजातियों के 2500 प्रतिनिधि करेंगे शिरकत
- देश भर के आदिवासी व्यंजन शहरवासियों के घर पहुंचायेगा जोमैटो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारत की जनजातीय पहचान के सबसे प्रमुख आयोजनों में से एक, 'संवाद 2024' का आयोजन 15 से 19 नवंबर तक जमशेदपुर के गोपाल मैदान में होने जा रहा है। धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर शुरू होने वाले इस पांच दिवसीय महोत्सव में 32 जनजातियों के प्रतिनिधित्व में 401 नगाड़ों की गूंज के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी।

उक्त जानकारी संवाद के मेजबान टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ सौरव राय ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि संवाद अगले दशक में कदम रखते हुए नए उत्साह के साथ अपना सफर जारी रखेगा। इस बार संवाद 2024 में कई नये प्रतिभागियों की भागीदारी देखी जायेगी, जो पिछले एक दशक से जुड़े नियमित प्रतिभागियों से प्रेरित हैं। इसी प्रेरणा से 40 नए होम कुक्स भी पहली बार इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे, जो लंबे समय से संवाद से जुड़े लोगों की यात्रा से प्रेरित होकर यहां पहुंचे हैं।

बताया कि गोपाल मैदान में इस बार 19 नये स्टॉल्स सजाये जायेंगे, जहां नयी जनजातियों के कारीगर अपनी विशिष्ट कला, परंपराएं और संस्कृति को प्रस्तुत करेंगे। 99 नये जनजातीय उपचारक अब तक की यात्रा से प्रेरणा लेकर आने वाले दशक के लिए एक नयी दिशा निर्धारित करेंगे। शाम के समय आप नेगी, हाजोंग, कोकणी और परजा जनजातियों की पहली प्रस्तुतियों का आनंद उठा सकेंगे, जो संवाद में पहली बार अपनी संस्कृति की झलक पेश करेंगे। गोपाल मैदान में कुल 45 स्टॉल्स लगाये जायेंगे, जिनमें 28 जनजातियों के 117 कलाकार 31 जनजातीय कला रूपों का प्रदर्शन करेंगे। भारत की विविध जनजातियों की कला और हस्तशिल्प का स्वरूप यहां रोजमर्रा के हस्तनिर्मित उत्पादों में झलकेगा घर की सजावट से लेकर परिधानों तक। इसके अलावा 31 स्टॉल्स जनजातीय उपचारक लगायेंगे, जहां औषधीय पौधों के स्टॉल पर प्रदर्शन से जनजातीय चिकित्सा पद्धतियों का ज्ञान साझा किया जायेगा।



संवाद के बारे में जानकारी देते टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ सौरव रॉय। साथ में हेड जिरेन टोपनो।

## एक्सपीरियंस जोन में लें जनजातीय व्यंजनों का स्वाद

8 स्टॉल्स, जिनमें एक एक्सपीरियंस जोन भी शामिल होगा, में विभिन्न जनजातीय व्यंजनों का प्रदर्शन किया जायेगा, जहां आप भारत की विविध जनजातियों द्वारा प्रस्तुत व्यंजनों का स्वाद चख सकते हैं। एक विशेष आकर्षण 'आतिथ्य क्षेत्र' होगा, जहां औषधीय पौधों से बने लोकप्रिय व्यंजनों का फ्यूजन देखने को मिलेगा। इतना ही नहीं, 15 से 19 नवंबर 2024 तक संवाद के दौरान, आप जोमैटो ऐप पर मेन्यू ऑफ द डे से अपने पसंदीदा व्यंजन पूरे दिन ऑर्डर भी कर सकते हैं। इस दौरान हमारे जनजातीय होम कुक्स कार्यशालाओं में भाग लेंगे, जहां वे खाद्य उद्योग में आगे की दिशा और पारंपरिक व्यंजनों को स्वास्थ्यवर्धक विकल्प के रूप में लोकप्रिय बनाने पर विचार-विमर्श करेंगे। 30 जनजातियों का प्रतिनिधित्व करते हुए 100 अनोखे व्यंजन हर दिन 15 से 19 नवंबर तक गोपाल मैदान में शाम 6 से 9 बजे तक प्रदर्शित किये जायेंगे। हस्तशिल्प स्टॉल्स और जनजातीय भोजन के कियोस्क्स भारत की विविध जनजातियों की संगीतमय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सजाये गये हैं, जिससे प्रत्येक दर्शक जनजातीय संस्कृति की गहरी समझ और ज्ञान में डूबकर उसका अनुभव कर सके।

> इस वर्ष, संवाद 2024 के मंच से 30 अनूठी साहित्यिक, फिल्मी, कलात्मक और संगीत रचनाएं पहली बार उनके रचनाकारों द्वारा दुनिया के सामने प्रस्तुत की जायेंगी। रिदम्स ऑफ द अर्थ समूह के 75 जनजातीय संगीतकार अपनी दूसरी एल्बम का अनावरण करेंगे, जिसे लद्दाख आधारित बैंड दा शग्स का सहयोग प्राप्त होगा। - **जिरेन टोपनो, टीसीसी प्रमुख।**

> अब तक की अपनी यात्रा में, संवाद ने भारत की 705 अनुसूचित जनजातियों में से 253 जनजातियों को एक मंच पर लाकर उनकी प्रेरणादायक कहानियों और अनुभवों को साझा किया है, साथ ही जनजातीय पहचान की अभिव्यक्ति के लिए सुरक्षित और सशक्त मंच प्रदान किये हैं। -**सौरव राय, सीईओ।**

## स्पीड न्यूज

### सिंहभूम चेंबर का दिवाली मिलन समारोह गुजराती सनातन समाज में आज

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री दीपावली मिलन समारोह 15 नवंबर को संध्या 7.30 बजे से गुजराती सनातन समाज, बिष्टुपुर में आयोजित करेगा। सिंहभूम चेंबर प्रत्येक वर्ष दीपावली पर अपने सदस्यों के परिवार सहित सामूहिक मिलन हेतु दीपावली मिलन समारोह आयोजित करती है जिसमें सदस्य अपने परिवार संग सम्मिलित होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सहभोज का आनंद लेते हैं।

### दयावती मोदी पब्लिक स्कूल चांडिल में मनाया गया बाल दिवस



**चांडिल।** गुरुवार को बाल दिवस पर दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम किया गया। जिसमें नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्या शंपा बनर्जी ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा बच्चों के लिए फूड फेस्टिवल का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों ने तरह-तरह के खानपान, खेल कूद तथा नृत्य का आनंद लिया।

### ऑल इंडिया होप लाइन का जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता एक को

**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया होपलाइन के द्वारा 1 दिसंबर 24 को जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता 2 भाग में आयोजन किया गया है। भाग प्रथम में कक्षा 8 से लेकर 12 वीं तक छात्र छात्राए भाग लेंगी जिसका विषय 21 वीं सदी के बदलाव पर आधारित है,वहीं भाग दितीय में उद्योग विकास एवं पर्यावरण संरक्षण एक साथ नही हो पाएगा का विषय है। जिला स्तरीय स्कूल एवं कॉलेज में संस्था के द्वारा प्रतियोगिता फॉर्म वितरित कर दिया गया है। यह सभी जानकारी संस्था के कोर कमेटी के अध्यक्ष अविनाश कौर ने दी है।

### सीनी-कांड्रा रेलखंड पर युवक का शव बरामद

**गम्हरिया।** सीनी- कांड्रा रेलखंड के अप लाइन पोल संख्या 394/ एस4 पर डुमरा बांस बांध के समीप गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे लगभग 25 वर्षीय एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटनास्थल से कुछ दूरी पर युवक की बाइक खड़ी पायी गयी। युवक का सिर और धड़ अलग है। ड्यूटी पर तैनात गैंगमैन ने इसकी सूचना कांड्रा स्टेशन मास्टर और आरपीएफ पुलिस को दी।

### जानलेवा हमला कर घायल किया

**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया स्थित केडिया पेट्रोल पंप के समीप बीते बुधवार की देर रात टाटा स्टील ग्रोथ शॉप कर्मी अनूप प्रसाद उर्फ पिंटू प्रसाद द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर जगन्नाथपुर के विनय सिंह पर जानलेवा हमला करते हुए मारपीट कर उनसे लूटपाट की।

# ईवीएम जमा कर टाटा लौट रहे सुबोध प्रसाद समेत दो की मौत

- सरायकेला-चाईबासा मुख्य मार्ग पर कुड़ी मोड़ के पास सड़क दुर्घटना
- दुर्घटना में मां-बेटा गंभीर रुप से घायल, चल रहा है इलाज





खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**गम्हरिया।** गुरुवार की अहले सुबह करीब छह बजे सरायकेला-चाईबासा मुख्य मार्ग पर कुड़ी मोड़ के पास दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में गम्हरिया के जगन्नाथपुर मार्ग संख्या 11 निवासी सुबोध प्रसाद की मौत हो गई जबकि उनका मित्र ओम प्रकाश घायल हो गए। वे अपने एक मित्र ओम प्रकाश के साथ पश्चिमी सिंहभूम के भरभरिया से चुनाव डयूटी कर बाइक से वापस अपने घर आ रहे थे। उक्त दुर्घटना में सिदमा निवासी पवन पूर्ति की भी मौत हो गई जबकि उनकी भाभी पूनम और 10 वर्षीय पुत्र दुर्गा पूर्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए सरायकेला सदर अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, गम्हरिया निवासी सुबोध प्रसाद अपनी बाइक से मित्र ओम प्रकाश के साथ चुनाव डयूटी समाप्त कर लौट रहे थे। जबकि विपरीत दिशा से एक बाइक पर सवार सरायकेला के सिदमा गांव निवासी पवन पूर्ति अपनी भाभी और पुत्र के साथ पठानमारा जा रहे थे। इसी क्रम में कुड़ी मोड़ के समीप दोनों बाइक में आमने सामने सीधी टक्कर हो गयी। मौके पर पहुंची सरायकेला पुलिस से मृतक के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना के बाद सुबोध प्रसाद के घर पर कोहराम मच गया। परिवार में उनकी पत्नी, एक पुत्र और दो पुत्री है।

## एक नजर में

### चुनावी विश्लेषण कर सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए निर्दलीय प्रत्याशी शिव शंकर सिंह

**जमशेदपुर।** विधानसभा चुनाव में बुधवार को हुए मतदान के सम्पन्न होने के साथ ही लगभग एक महीने की चुनावी गहमागहमी के खत्म होने के बाद गुरुवार के दिन निर्दलीय उम्मीदवार शिव शंकर सिंह के लिए सामाजिक कार्यों में भाग लेते नजर आये। लगभग एक महीने बाद सुबह 7 बजे जगने के बाद सबसे पहले उन्होंने पिता का आशीर्वाद लेकर योग क्रियाओं का अभ्यास किया। योगा के सम्पन्न होने और सुबह के नाश्ता के पूरा होने के बाद उन्होंने कार्यकताओं संग चुनावी विश्लेषण किया और लगभग सभी मतदान केंद्रों में हुए मतदान की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें मतदाताओं के अपने पक्ष में भारी उत्साह के साथ मतदान करने को अवगत कराया। कार्यकताओं संग चुनावी विचार विमर्श के बाद वह कई सामाजिक कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। इस दौरान जरूरतमंदों के लिए आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल होने के अलावा रिफ्यूजी कॉलोनी में गुरुद्वारा में गुरु पूर्णिमा के पूर्व संध्या के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

### आगाज ने आशीर्वाद भवन में की जनसेवा



**जमशेदपुर।** सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के 555 वे प्रकाश पर्व को समर्पित, सामाजिक संस्था आगाज ने बाराद्वारी स्तिथ आर्शीवाद भवन में बुजुर्गों के बीच नाश्ते की सेवा की, आगाज के संस्थापक अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि गुरुनानक देव जी महाराज जी को जगत गुरु कहा जाता है, उनके द्वारा लंगर की जो प्रथा आरंभ हुई, वो रहती दुनिया तक चलती रहेगी। उसके अनुरूप ही आगाज के सदस्यों द्वारा एक प्रयास किया गया। आशीर्वाद भवन में रह रहे बुजुर्गों के लिए नाश्ते की सेवा का आज की सेवा कार्य में महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष मंजीत आनंद, सेंट्रल सिख नौजवान सभा के चेयरमैन दमनप्रीत सिंह, समाजसेवी चंचल भाटिया, संस्था के संस्थापक अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, मलविंदर सिंह, जगप्रीत सिंह जे डी, प्रीति गुप्ता, मनीष कुमार, सुखदेव सिंह, जसबीर सिंह, आशीर्वाद भवन के परमेश्वर जी का सहयोग रहा।

### दीन बंधु ट्रस्ट ने सबर बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस



**जमशेदपुर।** बाल दिवस पर दीन बंधु ट्रस्ट ने बामनी बरडीह सबर टोला में सबर परिवार के बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। ट्रस्ट के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती ने बताया कि बच्चों को मिठाई, चॉकलेट, बिस्कुट आदि उपहार स्वरूप दिया गया। बच्चे उपहार पाकर आनंदित हुए। वहीं समाजसेवी अरूण मांडी एवं डालसा पीएलवी नागेन्द्र कुमार ने बाल दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के जन्म दिन 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि नेहरू जी को भारत के नौनिहालों से काफी प्यार था और बच्चे भी नेहरू जी को चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। सबर लोग विलुप्त होने के कगार पर हैं और विकास से कोसों दूर हैं। बाल दिवस एवं पर्व त्योहार से सबर लोग वंचित रहते हैं, इसलिए दीनबंधु ट्रस्ट ने बाल दिवस पर सबर परिवार के बच्चों के साथ मनाने का निर्णय लिया, ताकि सबर बच्चे भी बाल दिवस मना सकें। इसे सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती,नागेन्द्र कुमार,अरुण मार्डी आदि का अहम योगदान रहा।

### आजसू जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने पत्नी संग 213 नंबर बूथ पर किया मतदान



**जमशेदपुर।** बुधवार को सुबह 9 :30 बजे आजसू जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी पत्नी संग पूर्वी विधानसभा 48 के 213 नंबर बूथ पर मतदान किया। अप्पू ने कहा कि इस बार का मतदान राष्ट्र हित में और भ्रष्टाचार के खिलाफ मतदान किया । झारखंड प्रदेश खुशहाली के पथ पर आगे बढ़े शिक्षा का संचार हो स्वास्थ्य सुरक्षा में सुधार हो अराजकता महंगाई में कमी आए रोजगार का सृजन हो इन्हीं संकल्प और विश्वास के साथ सभी को मतदान में हिस्सा लेना चाहिए अत्यधिक लोग मतदान करे और देश और राज्य का गौरव बढ़ायें।

## सुदूर लखाईडीह में बनाया बूथ पहली बार में 80 प्रतिशत मतदान

- ग्रामीणों ने बूथ बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग का जताया आभार



खबर मन्त्र ब्यूरो


**जमशेदपुर।** डुमरिया प्रखंड के सुदूर दुर्गम क्षेत्र में पहाड़ियों से घिरे लखाईडीह गांव के ग्रामीण विधानसभा चुनाव में मतदान को लेकर काफी उत्साहित थे। लखाईडीह के मतदाता इससे पहले भीतर आमदा के 274 नंबर बूथ पर वोटिंग करने जाते थे। इस बार नया बूथ लाखाईडीह गांव में स्थापित किया गया। भीतर आमदा से लखाईडीह की दूरी मुख्य सड़क से लगभग 24 किलोमीटर है और पहाड़ जंगल के रास्ते यह दूरी करीब 3 किलोमीटर है। पोटका विधानसभा क्षेत्र का लखाईडीह गांव झारखंड एवं ओडिशा के बॉर्डर पर स्थित है। यह गांव शैडो एरिया के रूप में जाना जाता है और पूरी आबादी अनुसूचित जनजाति की है। यहां मोबाइल नेटवर्क की भी सुविधा नहीं है।

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान स्थानीय निवासियों ने समाचार पत्रों के माध्यम से लखाईडीह में पोलिंग बूथ बनाने का अनुरोध किया था।

## पिकॉक वैली के मोरों की सेवा करने के लिए पहुंचे टाटा स्टील के कर्मचारी

- एफएएमडी डिवीजन के कर्मियों ने दान किये अनाज और बर्तन





पिकॉक वैली पहुंचे एफएएमडी के इंचार्ज पंकज सतीजा व साथी और पिकॉक वैली में अनाज चुगते मोर।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**भुवनेश्वर।** पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाते हुए, टाटा स्टील के फेरो एलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के कर्मचारियों ने राजधानी के बाहरी क्षेत्र में नाराज गांव के पास स्थित पिकॉक वैली में बुधवार को अनाज, टिकाऊ भंडारण डिब्बे और अन्य आवश्यक सामग्री दान की, जिससे राष्ट्रीय पक्षी के संरक्षण को प्रोत्साहन मिल सके।

कर्मचारी स्वयंसेवा कार्यक्रम के तहत, टाटा स्टील एफएएमडी के कर्मचारियों ने गांव के कान्हू चरण बेहरा से संपर्क किया, जो पिछले कुछ वर्षों से पिकॉक वैली में राष्ट्रीय पक्षियों को नियमित रूप से भोजन करा रहे हैं। कर्मचारियों ने मोरों के भोजन और देखभाल के लिए आवश्यक अनाज और अन्य सामग्री दान कीं। पिकॉक वैली के मोरों को भोजन के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए, टाटा स्टील एफएएमडी के कर्मचारियों ने सामूहिक प्रयास कर अनाज और अन्य जरूरी सामग्री एकत्रित की और उन्हें मोरों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया।

## विद्या भारती चिन्मया स्कूल, टेल्को में बाल दिवस पर कौशलोत्सव का सफल आयोजन





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मय विद्यालय में बाल दिवस के विशिष्ट अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव श्री विष्णु चंद्र दीक्षित के प्रोत्साहन एवं विद्यालय प्राचार्या मीना विल्खू के मार्गदर्शन तथा उप प्राचार्य मान सिंह, तापस चक्रवर्ती, वाई श्रीनिवास एवं उप प्राचार्या डॉ सरिता कुमारी के निर्देशन में 11वीं एवं 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के कौशल प्रदर्शन के लिए कौशलोत्सव 2024 का आयोजन किया गया; उत्सव का शुभारंभ प्रार्थना व ज्ञान दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मौके पर पंडित नेहरू व उनके व्यक्तित्व को रेखांकित किया गया। तत्पश्चात प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। पंडित नेहरू की जयंती मनाने के साथ विद्यार्थियों में बचपन की भावना और उसके उज्ज्वल भविष्य को स्वीकार करने तथा उसके जश्न मनाने के लिए कौशल उत्सव के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों ने विविध संकायों एवं विषयों से संबंधित 15 प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया।

## पूर्णिमा साहू ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए कार्यकर्ताओं व प्रशासन का जताया आभार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण और सफल मतदान के बाद भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने सभी मतदाताओं, मतदान कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों, और विशेष रूप से भाजपा कार्यकताओं के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में जमशेदपुर पूर्वी के देवतुल्य मतदाताओं ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए बड़ी संख्या में हिस्सा लिया और इस क्षेत्र में लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखा।

पूर्णिमा साहू ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मैं जमशेदपुर पूर्वी के सभी मतदाताओं का दिल से धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने जिम्मेदारीपूर्वक अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत किया। इस शांतिपूर्ण मतदान की सफलता में भाजपा कार्यकताओं के परिश्रम, समर्पण और निष्ठा का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है।

# चुनाव के बाद नेताजी लोग रहे रिलेक्स, प्रियजनों संग बिताया समय

- पूर्णिमा ने बेटी संग बिताये समय, किया अध्ययन
- डॉ अजय ने गिटार बजा कर मिटाया तनाव
- शिव शंकर सामाजिक लोगों से मिल कर हुए रिलैक्स
- बन्ना गुप्ता पूजा पाठ कर गये स्ट्रांग रूम, फिर दूसरे चरण के प्रचार में निकले









1. बेटी अराध्या के साथ समय बिताती भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू। 2. अपने नीलडीह आवास पर गिटार बजा कर रिलेक्स होते कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार। 3. अपने केबुल टाउन आवास पर प्रियजनों के साथ गप-शप करते निर्दलीय प्रत्याशी शिवशंकर सिंह। 4. चुनाव के अगले दिन अपने साथियों के साथ गप-शप करते जद यू प्रत्याशी सरयू राय।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के दो चर्चित चुनाव क्षेत्रों पूर्वी जमशेदपुर और पश्चिम जमशेदपुर के प्रत्याशियों ने चुनाव के बाद पहली सुबह अपने प्रियजनों के साथ समय बिता कर चुनावी थकान उतारी। जमशेदपुर पूर्व की भाजपा प्रत्याशी एक माह तक अपनी इकलौती बेटी अराध्या से दूर रहीं, चुनाव प्रचार के भागम-भाग के दौरान वे चैन से बेटी के पास बैठ नहीं पा रही थीं, तो उनके प्रतिद्वंद्वी डा अजय कुमार एक माह अपने पसंदीदा गिटार वादन से दूर रहे। जमशेदपुर पूर्व में आकर्षण का केंद्र रहे निर्दलीय प्रत्याशी शिव शंकर सिंह चुनावी भागमभाग के बीच अपने साथियों के साथ बैठ नहीं पा रहे थे, सो उन्होंने भी आज सुबह चाय-नाश्ते के साथ साथियों के साथ गप-शप किया। जमशेदपुर पश्चिम के जद यू प्रत्याशी सरयू राय जहां सुबह-सुबह भुवेश्वरी मंदिर टेल्को जाकर पूजा अर्चना की और वहां से आकर अपने सहयोगियों के साथ गप-शप कर समय गुजारा। कांग्रेस प्रत्याशी सह सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सुबह-सुबह अपनी पत्नी संग मंदिर गए और पूजा की। फिर नाश्ता कर को-ऑपरेटिव कॉलेज जाकर स्ट्रांग रुम का निरीक्षण किया और फिर इंडिया गठबंधन के लिए दूसरे चरण का प्रचार करने वे शहर से बाहर निगल गए। निर्दलीय प्रत्याशी विकास सिंह ने सुबह का समय अपने बच्चों संग बिताया।

**पूर्णिमा से दिन भर चिपकी रही बेटी अराध्या, परिवार और समर्थकों संग भी बिताया समय :** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में जमशेदपुर पूर्वी समेत राज्य के 43 विधानसभा सीटों पर बुधवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान के अगले दिन गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने अपने परिवार और समर्थकों के साथ समय बिताकर दिन को पूरी सरलता से बिताया। उन्होंने दिन का अधिकतर हिस्सा अपने परिवार के साथ बिताया, जहां उन्होंने अपनी बेटी आराध्या के साथ समय बिताकर घर के काम-काज भी निपटाये। सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए पूर्णिमा साहू ने रक्तदान शिविर में भी हिस्सा लिया। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए समाज सेवा की भावना को प्रोत्साहित किया। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्णिमा साहू ने रक्तदान के महत्व पर भी प्रकाश डाला और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

दिन के फुर्सत के दौरान उन्होंने कई प्रेरणादायक पुस्तकों का अध्ययन किया और राजनीति के विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चाएं कीं। अपने आवास पर आए महिलाओं, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ राजनितिक चर्चा करते हुए उन्होंने योजनाओं को भी साझा किया।

**चुनाव समाप्ति के बाद आज डॉ अजय ने गिटार बजाये, आराम किया**

**जमशेदपुर।** चुनाव समाप्त होने व ईवीएम के स्ट्रांग रुम में सील होने बाद गुरुवार को कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार का दिनचर्या बदल गया। सुबह चाय चुश्की के साथ अखबार पढ़े, गिटार बजाए उसके बाद तैयार होकर को-ऑपरेटिव कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम का निरिक्षण करने निकल पड़े। को-ऑपरेटिव कॉलेज परिसर में कार्यकर्ता पहले से मौजूद थे। सभी कार्यकर्ताओं के साथ स्ट्रांग रुप का निरिक्षण किया साथ पार्टी के कैंप में कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया। फिर टेल्को स्थित एक दूकान का उद्घाटन किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला जीतने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को निर्णायक चौथा टी20 मैच और श्रृंखला जीतने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम के लिये रिंकू सिंह का बल्लेबाजी क्रम और खराब फॉर्म चिंता का सबब होगा। संजू सैमसन और तिलक वर्मा के शतकों के अलावा भारतीय बल्लेबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन नहीं किया है। भारत फिलहाल श्रृंखला में 2-1 से आगे है लेकिन 3-1 से जीतने के लिए बल्लेबाजों पर जिम्मेदारी होगी। भारत के लिए वांडरर्स हमेशा से भाग्यशाली रहा है जहां उसने 2007 में पाकिस्तान को हराकर पहला टी20 विश्व कप जीता था। एक साल पहले पिछली टी20 श्रृंखला में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शतक जमाकर टीम को जीत दिलाई थी। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने 16 में से 13 मैच जीते हैं और इस बार वह श्रृंखला जीतकर लौटना चाहेंगे। पिछली बार श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ रही थी चूंकि एक मैच बारिश की भेंट हो गया था। टी20 क्रिकेट के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में शुमार रिंकू सिंह का फॉर्म भी चिंता का सबब है जो पिछले कुछ महीने से अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि छठे या सातवें नंबर पर उतरने से वह सहज होकर खेल नहीं पा रहे हैं। भारत में अगला टी20 विश्व कप 2026 में है और सूर्यकुमार के पास रिंकू में आत्मविश्वास भरकर उनके प्रदर्शन को ढर्रे पर लाने का पूरा समय है। स्पष्टता के अभाव में उनके जैसे हुनरमंद क्रिकेटर को खोने का जोखिम भारतीय टीम नहीं उठा सकती। मौजूदा श्रृंखला में रिंकू दो मैचों में छठे और एक मैच में सातवें नंबर पर उतरे और 28 रन ही बना सके। निचले क्रम पर उतरने से 11, 9 या 8 रन का स्कोर चिंता का विषय नहीं है लेकिन असल चिंता इस बात की है कि इसके लिए उन्होंने कुल 34 गेंदें खेल डाली। आइपीएल के दौरान भी रिंकू को 15 मैचों में कुल 113 गेंद ही खेलने को मिली थी यानी प्रति मैच 7.5 गेंद। एक फिनिशर के तौर पर रिंकू को हर पारी में करीब दस ही गेंद मिल सकती है। इससे शायद उनके आत्मविश्वास पर असर पड़ा है क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वह आक्रामक खेलें या सहायक की भूमिका में रहें। रिंकू ने अधिकांश समय पांचवें नंबर पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन जब संजू सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर और तिलक वर्मा तीसरे नंबर पर उतर रहे हैं तो रिंकू को हार्दिक पांड्या से पहले उतारना कठिन है। टीम प्रबंधन को इस मसले का तुरंत हल निकालना होगा। भारत ने अपने 15 में से 12 खिलाड़ियों को पहले तीन मैचों में आजमाया है और अब देखना है कि तेज गेंदबाज यश दयाल या विशाख विजयकुमार को पहला मौका मिलता है या नहीं।





## वांडरर्स क्रिकेट स्टेडियम पिच रिपोर्ट

अब बात करते हैं वांडरर्स स्टेडियम की पिच की। पिछले मैच की तरह यहां भी बल्लेबाजों के लिए पहली पारी में बैटिंग करना आसान होगा। हालांकि, तेज गेंदबाजों के लिए यहां करने के लिए बहुत कुछ होता है। पेस और बाउंस गजब का होता है तो लंबे कद के साउथ अफ्रीकी पेसरों के पास भारत के लिए मुश्किल खड़ी करने का मौका होगा। अगर भारतीय टीम पहले बैटिंग करती है तो उसके कुछ शुरूआती विकेट जल्दी गिर सकते हैं। इससे सूर्यकुमार यादव की टीम को बचना होगा।

## वांडरर्स स्टेडियम में टॉस कितना अहम

वांडरर्स स्टेडियम में खेले गये टी20 इंटरनेशनल मैचों के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो कुल 26 मुकाबले हुए हैं। रोचक बात यह है कि पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 13 और इतने ही मैच पहले बॉलिंग करने वाली टीम ने जीते हैं। इस लिहाज से देखा जाए तो टॉस बहुत अहम नहीं रहता है, लेकिन पहले बैटिंग करने वाली टीम का औसत स्कोर 171 रन है, जबकि दूसरी पारी का औसत स्कोर घटकर 145 रन हो जाता है। यानी अगर पहले बैटिंग करते हुए किसी टीम ने बड़ा स्कोर बना दिया तो दूसरी पारी में बैटिंग करना उतना भी आसान नहीं होता है। यानी रिकॉर्ड के लिहाज से टॉस अहम नहीं होने के बावजूद मौका मिलने पर कोई भी टीम बैटिंग चुनेगी।

## वांडरर्स स्टेडियम का ऐसा है रिकॉर्ड

इस मैदान पर हाईएस्ट स्कोर 260 रन हैं, जो श्रीलंका ने केन्या के खिलाफ बनाए थे, जबकि लोएस्ट स्कोर 83 रन बांग्लादेश के नाम है। इस मैदान पर साउथ अफ्रीका ने सबसे अधिक 208 रनों का लक्ष्य फतह किया था जो वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला गया था। सबसे कम रन डिफेंड करने का रिकॉर्ड भी साउथ अफ्रीका के नाम है। उसने बांग्लादेश के खिलाफ 118 रन डिफेंड किए थे। यानी अगर गेंदबाजी तगड़ी की जाए तो सवा सौ रन बहुत हैं, लेकिन अगर बल्लेबाजों का दिन हो तो 200 का स्कोर भी आसानी से पाया जा सकता है।

## दोनो टीम इस प्रकार हैं

**भारत** : संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, विजय कुमार विशाक, रवि बिश्नोई।

**दक्षिण अफ्रीका** : एडेन मार्कराम, रयान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, पैट्रिक क्रूगर, मार्को जानसन, एंडिले सिमलेन, गेराल्ड कोएत्जी, केशव महाराज, लूथो सिपाम्ला

**समय** : रात 8 :30 बजे।
कहां देखें मैच
टीवी पर : स्पोर्ट्स 18
लाइव स्ट्रीमिंग : जियोसिनेमा ऐप और वेबसाइट पर।





## उप्र के माधव और आर्यन दूसरी में जूझारू बल्लेबाजी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के माधव कौशिक (नाबाद 33) और आर्यन जुयाल (नाबाद 35) ने कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के ग्रुप सी मुकाबले की दूसरी में जूझारु बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए मैच में वापसी करते हुए दिन का खेल समाप्त होने के समय एक विकेट पर 78 रन बना लिये है। हालांकि उप्र अभी कर्नाटक से पहली पारी के आधार पर108 रन पीछे है। कर्नाटक ने गुरुवार को बुधवार के पांच विकेट पर 127 रन से आगे खेलना शुरू किया। इस दौरान कृष्णन श्रीजीत ने अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 153 गेंदों में 110 रन बनाये तथा यशोवर्धन परंतप (55) की शानदार पारी खेली। विद्याधर पाटिल (38), श्रेयस गोपाल (15) और मोहसिन खान (शून्य) पर आउट हुये। कर्नाटक की पहली पारी 79 .5 ओवर में 275 रन पर सिमटी। उप्र की ओर से शिवम मावी और आकिब खान ने तीन-तीन विकेट लिये। वी निगम को दो विकेट मिले। सौरभ कुमार और कृतज्ञ सिंह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## वर्षा बाधित टी-20 मे आस्ट्रेलिया ने पाक को 29 रनों से हराया

**ब्रिसबेन।** ग्लेन मैक्सवेल (43) और मार्कस स्टॉयनिस (नाबाद 21) की शानदार बल्लेबाजी के बाद जेवियर बार्टलेट और नेथन एलिस (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने वर्षा बाधित पहले टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 29 रनों से शिकस्त दी। इसकी के साथ आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली हैं। ग्लेन मैक्सवेल को उनकी तूफानी बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। आस्ट्रेलिया के 93 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत बेहद खराब रही। पाकिस्तान ने 2 .3 ओवर में 16 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गवां दिये। अब्बास अफरीदी ने टीम के लिये सर्वाधिक (नाबाद 20) रनों की पारी खेली। हसीबउल्लाह खान (12) और शाहीन शाह अफरीदी (11) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तान के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान निर्धारित सात ओवरों में नौ विकेट पर 64 रन ही बना सकी और 29 रनों से मुकाबला हार गई। आस्ट्रेलिया की ओर से जेवियर बार्टलेट और नेथन एलिस ने तीन-तीन, एडम जम्पा ने दो और स्पेंसर जॉनसन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारतीय टीम का अभ्यास सत्र, बल्लेबाजों ने शॉर्ट गेंद तो गेंदबाजों ने बाउंसर की प्रैक्टिस की

एजेंसी

**पर्थ।** भारतीय क्रिकेट टीम ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच से पहले पर्थ में नेट पर कड़ा अभ्यास किया। कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर टीम के सभी सदस्य आस्ट्रेलिया पहुंच चुके हैं। रोहित के व्यक्तिगत कारणों से पहले टेस्ट में नहीं भाग लेने की संभावना है। गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल, सहायक कोच रेयान टेन डोशेट और अभिषेक नायर की निगरानी में पूरी टीम बुधवार को पर्थ में अभ्यास सत्र में शामिल हुई। बीसीसीआइ द्वारा जारी एक वीडियो में खिलाड़ियों को वॉर्म अप सेशन के बाद गेंदबाजी और बल्लेबाजी करते देखा जा सकता है। गेंदबाजों ने जहां बाउंसर डालने की प्रैक्टिस की, वहीं बल्लेबाजों ने शॉर्ट बॉल को खेलने का अभ्यास किया। विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल समेत सभी बल्लेबाज शॉर्ट बॉल को खेलते दिखे। वहीं, हर्षित राणा, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज उछाल भरी विकेट का भरपूर इस्तेमाल करते दिखे।इस वीडियो में अभिषेक नायर कहते हैं, यहां आना और इससे पार पाना भारतीय क्रिकेटरों के लिए सबसे मुश्किल चुनौतियों में से एक है। मुझे लगता है कि हमारे यहां आने से पहले गौती भाई (गौतम गंभीर) ने लड़कों से बात की थी। बुमराह, विराट, ऐश (अश्विन) जैसे कुछ सीनियर खिलाड़ियों ने युवा खिलाड़ियों को बताया कि जब वे पहली बार युवा खिलाड़ी के रूप में यहां आए थे और उनके साथ काफी सीनियर खिलाड़ी थे। उन्होंने तब महसूस किया था कि एक बार जब आप आस्ट्रेलिया सीरीज खत्म कर लेते हैं, तो आप एक बेहतर क्रिकेटर के रूप में लौटते हैं। मुझे लगता है कि भारतीय युवा खिलाड़ी मैदान पर उतरने को बेताब हैं और उम्मीद है कि इस दौरे के अंत तक नाम कमा लेंगे। वहीं, गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि दोनों टीमें एक दूसरे कोई भी मौका देने को तैयार नहीं होंगी और सीरीज में कड़े सत्र देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर की सबसे बड़ी टक्कर है। इस दौरान दो ऐसी टीमें भिड़ने जा रही हैं जो किसी को एक इंच भी मौका नहीं देंगी। सीरीज के दौरान कठिन सत्र होने वाले हैं। इसलिए मुझे उम्मीद है कि अगले पांच टेस्ट मैच में गहमा-गहमी देखने को मिलेगी। टेस्ट में पांच दिन का खेल होता है और दिन के खेल के बाद जब आप सुकून से बैठते हैं तो मन में यह होना चाहिए कि आज मैंने अपना सबकुछ दिया है। भारत कथित तौर पर पर्थ स्टेडियम की कठोर और उछाल वाली सतह के लिए अपनी तैयारी पुख्ता करने के लिए शुरूआती टेस्ट से पहले इंट्रा-स्क्वाड गेम खेलेगा। भारतीय कप्तान की गैरमौजूदगी में केएल राहुल या अभिमन्यु ईश्वरन भारत के लिए पारी का आगाज करने के प्रबल दावेदार हैं। यह सीरीज भारत के लिए बहुत महत्व रखती है क्योंकि उन्हें अन्य परिणामों पर निर्भर हुए बिना विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 के लिए क्वालिफाई करने के लिए पांच में से चार मैच जीतने की जरूरत है।





## बीसीसीआइ महिला टी-20 चेलेंजर ट्राफी के लिए हिमाचल की चार क्रिकेटर का चयन

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट ऐसोसिएशन की चार महिला क्रिकेटरों का बीसीसीआइ की ओर से आयोजित की जाने वाली महिला टी-20 चेलेंजर ट्राफी के लिए चयन हुआ है। चयनित महिला क्रिकेटर में हरलीन देयोल को कप्तान बनाकर टीम ए का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा टीम-बी में सोनल ठाकुर व निकिता चौहान और टीम-सी में यमुना राणा को शामिल किया गया है। चेलेंजर ट्राफी का आयोजन रांची में 17 से 27 नवंबर तक किया जाएगा। इसमें लीग मुकाबलों का आयोजन 17 से 25 नवंबर तक किया जाएगा, जिसमें चार टीमें ए, बी, सी और डी आपस में टकराएंगी। इसके बाद सेमीफाइनल में विजेता रहने वाली टीमों में 27 नवंबर को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। उधर, हिमाचल प्रदेश क्रिकेट ऐसोसिएशन एचपीसीए के महासचिव अवनीश परमार ने बताया कि राज्य की चार महिला क्रिकेटर का चेलेंजर ट्राफी में चयन होना गर्व के पल हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई है।

## स्नेहल और कश्यप के तिहरे शतकों से गोवा ने अरुणाचल को पारी और 551 रनों से हराया

**पोरवोरिम।** स्नेहल कौथंकर (नाबाद 314) और कश्यप बाकले (नाबाद 300) के तिहरे शतकों की बदौलत गोवा ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप में मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश को पारी और 551 रनो से करारी शिकस्त दी। गोवा की बल्लेबाजी की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। उसने दूसरे ही ओवर में ईशान गाडेकर (तीन) का विकेट गंवा दिया था। इसके बाद कश्यप बाकले ने सुयश प्रभुदेसाई के साथ दूसरे विकेट के लिये 102 रन जोड़े। 18वें ओवर में जय भावसार ने सुयश प्रभुदेसाई (73) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्नेहल कौथंकर ने आतिशी पारी खेलते हुए 215 गेंदों में 45 चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 314) रनों की पारी खेली। कश्यप बाकले ने 269 गेंदों में 39 चौके और दो छक्कों की मदद से (नाबाद 300) रन बनाये। गोवा ने 92 ओवर में 727 पर पारी घोषित कर दी।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने थाईलैंड को 13-0 से रौंदा




**राजगीर।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 के तीसरे ग्रुप चरण के मैच में थाईलैंड को 13-0 से हराया। गुरुवार को यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारत की ओर से दीपिका ने (तीसरे, 19वें, 43वें, 45वें, 45+वें), प्रीति दुबे ने (नौवें, 40वें), लालरेमसियामी ने (12वें, 56वें) और ब्यूटी डुंगडुंग ने (30वें), नवनीत कौर ने (53वें) और मनीषा चौहान ने (55वें, 58वें) मिनट में गोल किए।

# मेसी ने रचा इतिहास, रोनाल्डो का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अन्य क्लबों में अपने शानदार प्रदर्शन की तरह, लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के लिए मेजर लीग फुटबॉल में भी शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 19 मैचों में 20 गोल और 16 असिस्ट के साथ 2024 सीजन का समापन किया। अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार ने अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ अपने हालिया मुकाबले में टीम के लिए एक गोल किया, लेकिन यह इंटर मियामी की 2-3 से हार को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। इस परिणाम के साथ, इंटर मियामी को एमएलएस कप प्लेऑफ से बाहर कर दिया गया। बार्सिलोना के दिग्गज ने 850 करियर गोल किए, यह एक ऐसा रिकॉर्ड है जिसे पुर्तगाली स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो पहले ही हासिल कर चुके हैं। हालांकि, सबसे कम मैचों में यह उपलब्धि हासिल करने के मामले में मेसी ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। रोनाल्डो ने 1,179 आधिकारिक मैचों में 850 गोल किये, जबकि मेसी ने 1,081 आधिकारिक मुकाबलों में यह किया।



### 1000 गोल करने का टारगेट

रोनाल्डो ने हाल ही में एक पुरस्कार समारोह में टिप्पणी की थी कि वह अपने करियर में 1,000 गोल करने का लक्ष्य रखेंगे। उन्होंने पुर्तगाली फुटबॉल महासंघ में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, अगर मैं 1,000 गोल कर लेता हूं, तो बढ़िया। लेकिन अगर मैं ऐसा नहीं भी कर पाता, तो भी मैं इतिहास में सबसे ज्यादा आधिकारिक गोल करने वाला खिलाड़ी हूं। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, मैं खुद को दोषी मानता हूं जीवन में, कुछ चीजों में, फुटबॉल में, व्यक्तिगत स्तर पर, मैं अब वर्तमान में जीता हूं, और मुझे लगता है कि यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। हमें ज्यादा आगे की सोचने की जरूरत नहीं है, मैं अब ज्यादा आगे की नहीं सोच सकता. बस इतना हीः वर्तमान में जियो, वर्तमान का आनंद लो. मैं अब जो भी करने के लिए फिट हूं, मैं करूंगा।

### रोनाल्डो और मेसी रिकॉर्ड्स


बता दें कि, अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने 8 बैलन डी'ओर खिताब जीते हैं जबकि रोनाल्डो ने अपने करियर में 5 जीते हैं। बाएं पैर वाले इस अर्जेंटीनी खिलाड़ी ने 8 बार फीफा विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीता है, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी के पास 5 ऐसे पुरस्कार हैं।

## बडौदा ने मेघालय को पारी और 261 रनों से हराया

**विजयवाड़ा।** सलामी बल्लेबाज ज्योत्सनील सिंह (121) और शाश्वत रावत (121) की शतकीय पारियों के बाद ऑफ स्पिनर महेश पिथिया और निनाद राठवा की शानदार गेंदबाजी के दम पर बडौदा ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी के ग्रुप ए मुकाबले में मेघालय को पारी और 261 रनों से हरा दिया है। मेघालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बडौदा के स्पिनर महेश पिथिया ने 25 रन देकर छह विकेट लेकर घातक गेंदबाजी की। बल्लेबाजी करने उतरी मेघालय की टीम पूरी टीम 36 .5 ओवर में महज 103 के स्कोर पर समेट गयी। मेघालय की ओर से आकाश चौधरी ने सबसे अधिक (40) रन बनाये। उसके बाद अजय दुहान ने (20) और सुमित कुमार (12) रन बनाकर आउट हुये। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बडौदा के लिए महेश पिथिया ने छह, भार्गव भट्ट ने दो विकेट चटकाये। क्रुणाल पंड्या और निनाद राठवा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## क्वार्टर फाइनल में हारीं पीवी सिंधु

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु कुमामोटो मास्टर्स जापान 2024 में महिला एकल के राउंड ऑफ 16 (प्री क्वार्टर फाइनल) में कनाडा की मिशेल ली से हार गईं। इसी के साथ भारत का कुमामोटो मास्टर्स टूनामेंट में सफर समाप्त हो गया है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने मुकाबले में अच्छी शुरूआत की, लेकिन अंत तक वह अपनी लय को बनाए नहीं रख पाईं और उन्हें मिशेल ली से 21-17, 16-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। उनसे पहले लक्ष्य सेन और महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हारकर बाहर हो चुके हैं। करीब सवा घंटे तक चले मुकाबले में सिंधु ने अच्छी शुरूआत की और 21-17 से पहला गेम जीता। दूसरे गेम में कनाडा की खिलाड़ी मिशेल ली ने वापसी की और 21-16 से यह गेम अपने नाम किया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। एक समय स्कोर 17-17 से बराबर था, लेकिन मिशेल ली ने लगातार चार अंक बनाकर यह मुकाबला अपने नाम कर लिया।



# राज्यकर्मियों का तीन प्रतिशत डीए बढ़ा

## नीतीश कैबिनेट का फैसला

एजेंसी

**पटना।** नीतीश कैबिनेट की बैठक में सरकार ने बिहार के राज्यकर्मियों के डीए में तीन प्रतिशत का इजाफा करने का फैसला लिया है। साथ ही सोशल मीडिया और ऑनलाइन मीडिया के लिए नई नियमावली को स्वीकृति देने के साथ ही 38 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर अपनी स्वीकृति दी है।

मुख्यमंत्री सचिवालय के कैबिनेट हॉल में गुरुवार को संपन्न नीतीश कैबिनेट ने सातवें वेतनमान वाले कर्मियों का 1 जुलाई 2024 से बढ़े हुए डीए का लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा नीतीश कैबिनेट ने सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने को लेकर बड़ा फैसला लिया है। पटना के शहरी क्षेत्र के अंतर्गत शहरी व्यवस्था को लेकर पटना डीएम के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने को लेकर एक अलग टीम के गठन को कैबिनेट में मंजूरी दे दी है। बिहार सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत सल्य कक्षा सहायक के नियमावली को मंजूरी दे दी है।



एक अन्य महत्वपूर्ण मामले में कैबिनेट ने बिहार स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत बिहार दंत चिकित्सा सेवा के नियमावली को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री गृह सहायता 2024 को भी स्वीकृति दी गई है। उद्योग विभाग के तीन एजेंडा को मंजूरी मिली है। ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत ग्रामीण सड़क प्रबंधन कार्यक्रम को लागू करने को मंजूरी दी गई है। सरकार ने बिहार नगरपालिका संशोधन अधिनियम के तहत 210 अतिरिक्त पदों को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राज्य सरकार के हिस्से की राशि को घटा दिया गया है। सीतामढ़ी के पुनौराधाम में पर्यटन विभाग के अंतर्गत 50 पॉइंट 50 एकड़ भूमि की अधिकरण को मंजूरी दी गई है।

पटना शहरी क्षेत्र में अंतर्गत शहरी व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए पुलिस उपाधीक्षक के तीन पद, पुलिस निरीक्षक के तीन पद, पुलिस अवर निरीक्षक के नौ पद, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक के 18 एवं सिपाही के 120 पदों सहित कुल 153 पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है। कैबिनेट ने शौर्य पुरस्कार विजेताओं एवं मरणोपरांत उनके निकटतम आश्रितों को दी जा रही नगद पुरस्कार की राशि में बढ़ोतरी को भी मंजूरी दे दी है।

## एक नजर में

### मोटरसाइकिल की टक्कर से युवक घायल


घटनास्थल पर उपस्थित लोग।

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के चंदवंशी टोला के समीप मझिआंव- गढ़वा मुख्य सड़क पर दुर्घटना में पलामू जिले के ऊंटरी रोड थाना क्षेत्र के जामडीह गांव निवासी स्वर्गीय चलीतर मेहता के 28 वर्षीय पुत्र मानदेव मेहता गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाते ही थाना प्रभारी आकाश कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस मंगवाकर उन्हें अस्पताल भिजवाया। स्थानीय सीएचसी स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार मझिआंव बाजार की ओर आ रही मोटरसाइकिल की चपेट में पड़ जाने के कारण मानदेव मेहता गंभीर से घायल हो गए। कहा गया कि थाना क्षेत्र के जोगी वीर गांव निवासी मनउवर खान के 25 वर्षीय पुत्र टिंकू खान अपने नई मोटरसाइकिल से बाजार आ रहे थे। इसी बीच पांव पैदल मुख्य सड़क क्रॉस करने के दौरान मानदेव मेहता मोटरसाइकिल की चपेट में आ गए। और बुरी तरह से घायल हो गए। जबकि मोटरसाइकिल चालक टिंकू खान भी आंशिक रूप से घायल हुए हैं। उन्हें भी प्राथमिक उपचार किया गया। इधर थाना पुलिस द्वारा चालक टिंकू खान को हिरासत में लेते हुए मोटरसाइकिल को जप्त कर लिया गया है।

### बाल फिल्म महोत्सव में श्रीकांत, बुधिया सिंह, नील बटे सन्नाटा, कुंगफू पांडा फिल्मों का प्रदर्शन

**पटना।** बिहार फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड की ओर से आज पटना के सिनेपोलिस एवं आईनॉक्स पीवीआर सिनेमा हॉल में बाल फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया। बाल फिल्म महोत्सव में कक्षा 5 से 6 एवं कक्षा 7 से 8 तक के बच्चों ने नि:शुल्क विभिन्न फिल्मों का लुत्फ उठाया। इस महोत्सव में दोनों सिनेमाहाल में दो ऑडी में कुल 14 शो का प्रदर्शन किया गया, जिसमें मुख्यत: श्रीकांत, बुधिया सिंह, नील बटे सन्नाटा, कुंगफू पांडा 4, डिसबेकल मी 4, मोटू पतलू, द किंग ऑफ किंग्स और पाव पेट्रोल, द माइटी मूवी जैसी फिल्में शामिल रही। कई फिल्मों में बच्चों के साथ एक अभिभावक ने भी फिल्म देखा। इस फिल्म प्रदर्शन में पटना के लगभग 20 विद्यालयों के 2000 छात्रों एवं उनके अभिभावकों ने हिस्सा लिया। फिल्म प्रदर्शन में आए बच्चों ने अपने विचार जाहिर करते हुए कहा कि यह हम सब के लिए एक अनूठा अनुभव है और हम सबको इसमें बहुत आनंद आया।

### सांसद शांभवी के वेतन का इस्तेमाल 'पढ़ेगा समस्तीपुर, बढ़ेगा समस्तीपुर' के लिए होगा

**पटना।** बिहार के समस्तीपुर से लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास (लोजपा रामविलास ) की सांसद शांभवी चौधरी ने अपने कार्यकाल के पांच वर्षों के वेतन का उपयोग 'पढ़ेगा समस्तीपुर, बढ़ेगा समस्तीपुर' के लिए करने का आज एलान किया। श्रीमती चौधरी ने गुरुवार को समस्तीपुर जिले के स्थापना दिवस के अवसर पर 'पढेगा समस्तीपुर, बढ़ेगा समस्तीपुर' कार्यक्रम की घोषणा की। इसका उद्देश्य उन बच्चियों को शिक्षा प्रदान करना है, जिन्होंने पैसे की कमी के कारण अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़ दी है।

### दुष्कर्म मामले में दोषी युवक को सात वर्षों की कैद

**पटना।** बच्चों का लैंगिक अपराध से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की बिहार में पटना स्थित विशेष अदालत ने एक नाबालिग से चलती रेल में दुष्कर्म करने के मामले में दोषी युवक को आज सात वर्षों के सश्रम कारावास के साथ ही 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा ने मामले में सुनवाई के बाद अभियुक्त विजय उर्फ.अनिल पासवान को भारतीय दंड विधान और पॉक्सो अधिनियम की अलग-अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को छह माह के कारावास की सजा अलग से भुगतानी होगी। साथ ही अदालत ने पीड़िता को मुआवजे के तौर पर दो लाख रुपये दिए जाने का आदेश पटना जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है।

### रिश्वत मामले में एफसीआई प्रबंधक को सजा

**पटना।** बिहार में पटना स्थित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने रिश्वत के मामले में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के एक पूर्व प्रबंधक को आज दो वर्ष छह माह के सश्रम कारावास के साथ ही कुल 30 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश अविनाश कुमार ने मामले में सुनवाई के बाद मुजफ्फरपुर जिले में एफसीआई के तत्कालीन प्रबंधक नागेंद्र प्रसाद सिंह को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की अलग-अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को तीन माह के कारावास की सजा अलग से भुगतानी होगी।

### राजग की डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों से राजद की बेचैनी बढ़ी : मंगल

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडे ने आज कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों से मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में बेचैनी बढ़ गई है। श्री पांडे ने प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के दावे को गुरुवार को नकारते हुए कहा कि दरभंगा आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निर्णय से लेकर शिलान्यास तक का कार्य राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग सरकार की देन है। एम्स निर्माण से जुड़ा हर फैसला राजग ने मिलकर लिया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल के बाद केंद्रीय टीम द्वारा स्थल परीक्षण किया गया। निर्माण-स्थल का मिट्टी परीक्षण, कनेक्टविटी, बिजली, पानी आदि की उपलब्धता के राज्य सरकार के आश्वासन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर बिहार में दूसरे एम्स के निर्माण का शिलान्यास हुआ है।

### बिहार के आरा में 15 नवंबर से होगा तीन दिवसीय माता शबरी क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन

आरा। बिहार के भोजपुर जिले के आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में आगामी 15 नवंबर से माता शबरी क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। माता शबरी क्रिकेट टूनार्मेंट में महादलित परिवार के बच्चे अपना जलवा बिखेरेंगे।


## स्पीड न्यूज

### मोबाइल शॉप में अज्ञात चोरों ने की चोरी


उपस्थित लोग।

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड स्थित वैष्णवी मोबाइल शॉप में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने वेंटिलेटर तोड़ लगभग 100 से अधिक मोबाइल की चोरी कर ली है। इधर मोबाइल दुकान के प्रोपराइटर सुप्रीम प्रसाद के द्वारा थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में वैष्णवी मोबाइल शॉप के प्रोपराइटर सुग्रीम प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक दिन की भांति सुबह में जब मैं दुकान खोलने आया। और शटर उठाने के बाद पता चला कि दुकान में रखा लगभग 100 मोबाइल की चोरी हो गई। जिसकी अनुमानित लागत 12 से 15 लाख लगाई गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि मेरे दुकान के सामने बांस की सीढ़ी पड़ा हुआ है। संभवत: अज्ञात चोरों के द्वारा निमार्णाधीन शिव मंदिर परिसर से सीढ़ी लाकर दुकान में लगा वेंटीलेटर तोड़ घुसकर चोरी किया गया है। इधर भुक्तभोगी के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने संदेहास्पद स्थिति में दो लोगों को पकड़ थाना ले जाकर पूछताछ कर रहे हैं। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि भुक्तभोगी के द्वारा मोबाइल दुकान में चोरी का आवेदन दिया गया है। पुलिस अपना काम कर रही है। उम्मीद है मोबाइल चोर जल्द ही गिरफ्त में होंगे।

### नीतीश ने प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को दी श्रद्धांजलि



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को आज उनकी जयंती के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्री कुमार ने पंडित जवाहर नेहरू की जयंती के अवसर पर नेहरू पथ स्थित नेहरू पार्क, पुनाईचक में आयोजित राजकीय समारोह में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# राज्यपाल पहुंचे भागलपुर, स्टेडियम का किया उद्घाटन

एजेंसी



**भागलपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को भागलपुर पहुंचे कुलाधिपति सह राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय स्टेडियम परिसर में बने मंच से संबोधित करते हुए बीते दिनों कुलसचिव के साथ कर्मचारियों के द्वारा मारपीट किए जाने और कार्यालय में हुई तोड़फोड़ की घटना को लेकर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए कर्मचारियों को चेतावनी दी।

इसके साथ ही आगे इस तरह की घटना नहीं होने को लेकर सचेत भी किया। राज्यपाल ने कहा कि अगर किन्हीं को कोई परेशानी हो तो हमसे आकर मिले। इस तरह से विश्वविद्यालय में अशैक्षणिक गतिविधि कहीं से उचित नहीं है। आपको असुविधा है तो ठीक ढंग से योग्य व्यक्ति के सामने रखने का प्रयास कीजिए। मैं इसको दुर्घटना कहता हूं और ऐसी दुर्घटना नहीं होनी चाहिए। इस घटना की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। अगर इस तरह की घटना फिर होती है तो हमको जो करना होगा वह हम करने के लिए सक्षम है। वहीं खेलो इंडिया के तहत बने इनडोर स्टेडियम के बनने की शुरूआत 2021 में हुई थी जिसका उद्घाटन 2024 के लास्ट में हो रहा है। जिसको लेकर भी राज्यपाल ने आपत्ति जाहिर की।

उन्होंने कहा कि स्टेडियम के निर्माण में इतना समय नहीं लगना चाहिए। वहीं पटना के नजदीक के एक विश्वविद्यालय के बारे में उन्होंने कहा कि वहां पर स्विमिंग पूल का टेंडर 2019 में पास कर दिया गया और ठेकेदार को पेमेंट भी दे दिया गया। लेकिन आज तक वहां एक ईट तक नहीं लगी है। विश्वविद्यालय में काम में हो रही देरी को लेकर भी कुलाधिपति ने आपत्ति जाहिर की है। इसके पूर्व कुलाधिपति ने डॉ राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने खेलो इंडिया द्वारा निर्मित बहुउद्देशीय प्रशाल स्टेडियम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इसके पूर्व राज्यपाल ने स्वास्थ्य केंद्र में योगा तथा फिजियोथेरेपी केंद्र के नए भवन का शिलान्यास भी किया। इस दौरान सांसद अजय मंडल, एमएलसी, कुलपति टीएमबीयू डॉ जवाहर लाल, प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार, एसडीएम, सिटी डीएसपी, कुलसचिव डॉ रामाशीष पूर्वे एवं काफी संख्या में विश्वविद्यालय के अधिकारी मौजूद थे।

# चुनाव का सफल आयोजन पर जिपस रंजनी ने दी बधाई

- देश के चौथे स्तंभ पत्रकार बंधुओं को भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिल से आभार व्यक्त किया
- चुनाव के परिणाम हमारे क्षेत्र के विकास, समृद्धि एवं रोजगार के लिए मील का पत्थर साबित होगा

खबर मन्त्र संवाददाता


रंजनी शर्मा।

**भवनाथपुर।** गढ़वा जिले में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न होने पर भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा ने बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि विधानसभा चुनाव में निष्पक्ष मतदान कर न्याय देने वाले मतदाताओं को हृदय से धन्यवाद है।

विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जामुआर, एसपी दीपक पांडेय सहित जिले के सभी पदाधिकारी, कर्मचारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस जवान, स्वास्थ्य सहिया, आंगनवाड़ी सेविका, मतदान कर्मियों साथ ही सभी सहयोगी बंधुओं को बहुत बहुत बधाई। साथ ही मै देश के चौथे स्तंभ पत्रकार बंधुओं को भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिल से आभार व्यक्त करती हूं। उनकी सक्रिय सहभागिता से यह चुनाव सफल हुआ। उन्होंने कहा कि इस चुनाव ने लोकतंत्र की मजबूती को प्रदर्शित किया है। मैं आशा करती हूं कि यह परिणाम हमारे क्षेत्र के विकास, समृद्धि एवं रोजगार के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## बाल दिवस पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# शारीरिक व मानसिक विकास के साथ सामाजिक विकास में भी है सहायक है खेल : एमपी केशरी

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम का उद्घाटन करते निदेशक व अन्य।

**गढ़वा।** शहर के जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल में बाल दिवस के मौके पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा एलकेजी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर राष्ट्रगान के साथ की गई। इस दौरान छात्राओं ने स्वागत गान की प्रस्तुति की। जबकि प्रत्येक हाउस कैप्टन ने अपने-अपने फ्लैग के साथ बैंड के धुन पर मशाल के साथ मार्च पास्ट निकाला।

मौके पर निदेशक मदन केशरी ने कहा कि खेल बच्चों के संपूर्ण विकास में सहायक है। खेलकूद न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह खिलाड़ी को एक साथ कई स्किल्स भी सीखना है। जो जीवन में एक बेहतर इंसान बनने में मदद करता है। इससे शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास भी होता है। खेल हमारे जीवन से नकारात्मकता दूर कर अच्छे ऊर्जा का संचार करता है। उपप्राचार्य बी के ठाकुर ने स्वागत भाषण तथा शिक्षक खुर्शीद आलम ने खेल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान एलकेजी, यूकेजी के लिए टॉफी रेस तथा बैलून रेस, कक्षा 1 और 2 के लिए टॉफी रेस, मैथ रेस, फ्रॉग रेस जबकि थ्री और फोर के लिए 25 मी. का रेस, चेयर रेस, मैथ रेस, रोप पुल, 6 और 7 के लिए 100 मी. रेस, चेयररेस, मैथ रेस, रोप पुल रेस, सीनियर क्लास 8 से लेकर 12वीं के बच्चों के लिए 200 मीटर रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप, जैवलिन थ्रो, डिस्क थ्रो, रोप पुल, घड़ा फोड़ आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सफल संचालन में वीरेंद्र शाह, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, नीरा शर्मा,सरिता दुबे, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, ज्योति कुमारी, पूजा प्रकाश, शिवानी गुप्ता, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# वीणा एकेडमी में धूमधाम से मना बाल दिवस


कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

**गढ़वा।** शहर के चिनियां मोड़ काली मंदिर के समीप स्थित वीणा एकेडमी में गुरुवार को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर कोचिंग के निदेश पूनम प्रभाकर, संरक्षक सर्वेश प्रभाकर एवं संस्थान के सभी छात्र, छात्राओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत की। मौके पर निदेशक पूनम प्रभाकर ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थान के संरक्षण सर्वेश प्रभाकर ने कहा कि आप अपना लक्ष्य प्राप्त कर अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें। साथ ही बेहतर समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने बच्चों को आगामी दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा में बेहतर सफलता प्राप्त करने, टाइम मैनेज करने आदि के बारे में मोटिवेट किया। इस दौरान सभी बच्चों ने बेहतर रिजल्ट प्राप्त करने का संकल्प लिया। मौके पर सभी छात्र-छात्राओं सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## दरभंगा: कामेश्वर सिंह धार्मिक न्यास पर अंधाधुंध फायरिंग, अपराधी गिरफ्तार

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत दरभंगा महराज के द्वारा देश-विदेशों में स्थित मंदिरों के देख रेख करने के लिए बनाए गए कामेश्वर सिंह धार्मिक न्यास ट्रस्ट कार्यालय में घुसकर हथियारबंद अपराधी ने लाठी-डंडा से पीट कर दो लोगों को घायल करने के साथ अंधाधुंध फायरिंग की। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के रामबाग किला परिसर अवस्थित महाराज कामेश्वर सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के कार्यालय में गुरुवार को हथियारबंद व्यक्ति ने अंधाधुंध फायरिंग की। इससे आसपास दहशत का माहौल हो गया। मोहल्ले के लोगों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। उसके पास से देसी मास्केट, 42 कारतूस एवं एक धारदार बड़ा चाकू बरामद हुआ है।

# दो अलग-अलग जगहों पर शराब पीने से दो लोगों की मौत


खबर मन्त्र संवाददाता


जांच करती पुलिस।

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 के लोहरपुरवा निवासी चंद्रदेव रजक के 40 वर्षीय पुत्र शशि बैठा और कांडी थाना क्षेत्र के भंडरिया गांव निवासी शंभू रजवार के 22 वर्षीय पुत्र प्रभात कुमार की मौत हो गई। यह दोनों घटना बुधवार की देर रात की बताई जा रही है।

लोहरपुरवा मामले में गुरुवार की सुबह मृतक शशि बैठा के भाई संतोष कुमार रजक के द्वारा थाना में लिखित रूप से आवेदन देते हुए शराब पीने से मौत के मामले में जांच करने के लिए आग्रह किया है। संतोष रजक ने कहा है की शराब पीने से मौत हो गया है हमारे गांव में शराब चार जगह नैन तारा कुंवर पति स्वर्गीय अमेरिका राम, बसंत साव पिता स्वर्गीय कपिल देव साव, गौरी कुंवर पति स्वर्गीय कपिल देव साव एवं माया कुंवर पति स्वर्गीय रंजय चौधरी के यहां मिलता है। वही आवेदन में या भी लिखा है कि कुछ दिन पहले वहीं शराब पीने से ही गांव एक लोग की मौत हुई है। और शराब से ही हमारे भाई की भी मौत हुई है। यहां शराब नहीं बंद होने से इससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि और भी मौत हो सकती है। वही अपने भाई की मौत के बाद नैन तारा कुंवर से बोले की हमारे भाई को जहरीली शराब देकर मार दिए हो। इस पर नैन तारा ने उल्टा ही हम सब परिजनों को गाली गलौज करने लगी और बोली कि जहां जाना है वहां जाओ हम समझ लेंगे साथ ही मारपीट करने की भी धमकी देने लगी। साथ ही परिजनों एवं ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार की देर शाम शशि बैठा नैन तारा कुंवर के दरवाजे के सामने बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था और नयनतारा ने बताई की इस घर ले जाओ। लोगों ने यह भी कहा कि इसकी स्थिति उसके घर के अंदर ही खराब होने लगी थी उसके बाद उसे बाहर किया गया है। परिजनों के द्वारा घर ले जाया गया उसके बाद हालत गंभीर देख स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि लोहरपुरवा में कई ऐसा घर है जो जहरीली शराब बनाकर बिक्री कर रहे हैं जिससे यहां के लोगों की मौत हो रही है और यहां के निवासियों पर भी असर पड़ रहा है। साथ ही कहा कि यहां शराब बंद होना जरूरी है। इसके बाद परिजनों के द्वारा थाना में आवेदन दिया गया और पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तैयारी कर ही रहे थे। उसके बाद कुछ लोगों के द्वारा नैन तारा कुंवर के बचाव के पक्ष में उतर गए और परिजनों को उल्टा सीधा समझाया इसके बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से इनकार करने लगे। काफी देर समझाने बुझाने और मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार के द्वारा पुणः शव को अपने कब्जे लिया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया, जिसका दाह संस्कार कोयल नदी में किया गया।

## राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में 500 एथलीटों ने भाग लिया



**पूर्णिया।** पूर्णिया जिले में राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024-25 का पूर्णिया में आयोजन का आज दूसरा दिन रहा।आज के खेल में विभिन्न जिले से आए 500 एथलेटिक्स के खिलाड़ी तथा विभिन्न जिलों के हॉकी की अंडर 17 की टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में आज हॉकी अंडर 17 बालिका वर्ग का फाइनल खेला गया । हॉकी अंडर 17 बालिका वर्ग में भोजपुर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। फाइनल का मैच पूर्णिया तथा सिवान के बीच हुआ जिसमें सिवान की टीम विजेता बनी एवं पूर्णिया की टीम उपविजेता रही। हॉकी अंडर 17 बालिका वर्ग का पारितोषिक वितरण कार्यक्रम कन्या उच्च विद्यालय पूर्णिया में किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा पोडियम फिनिश करने वाले तीनों टीमों को ट्रॉफी तथा सभी खिलाड़ियों को मेडल दिया गया। उप विकास आयुक्त पूर्णिया के द्वारा सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित खिलाड़ियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई दी गई।

राज्यस्तरीय विद्यालय अंडर 19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आज 100 मीटर में पटना के मनीष कुमार जयसवाल ने प्रथम, पूर्वी चंपारण के आलोक कुमार ने द्वितीय तथा पटना के अभिनव सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।400 मीटर में गया के आयुष आर्य ने प्रथम, वैशाली के अंशु आर्य ने द्वितीय तथा बांका के बादल कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर में अरवल के संजीत कुमार ने प्रथम, गया के सौरव राज ने द्वितीय तथा भागलपुर के ऋषि कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## पेज एक का शेष

### घुसपैठ से झारखंड का अस्तित्व खतरे में : योगी

यूपी के सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन झारखंड को नक्सलियों का गढ़ बनाने की कोशिश कर रहा है। इंडी वाले सिर्फ झारखंड को लूटने आये हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में लव जिहाद, लैंड जिहाद को खत्म करने के लिये योगी मॉडल पर काम करना होगा। झारखंड में भी लव जिहा, लैंड जिहाद को खत्म करने के लिए डबल इंजन की सरकार बनना तय करें। लूट और भ्रष्टाचार फैलाने वालों के लिये राज्य में जगह नहीं होनी चाहिए। अटलजी ने झारखंड राज्य बनाया था। उनका सपना था कि विकसित झारखंड बनायेंगे। अगर झारखंड विकास करेगा तो देश विकास करेगा। उन्होंने बोकारो विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण और चंदनकियारी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी को विजयी बनाने की अपील की।

### डबल इंजन ने लूटा, हेमंत ने विकास किया

झामुमो नेता ने इस हेमंत सरकार की उपलब्धियां गिनायी। उन्होंने 20 नवंबर को गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की। कल्पना ने भाजपा पर झारखंड सरकार एवं सीएम सहित आदिवासियों को परेशान करने और अपमानित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में पहले चरण में के चुनाव में जनता ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान किया। अगली सरकार इंडिया गठबंधन की बनने वाली है। उन्होंने भाजपा नेताओं को संथाल परगना के बजाय अपने शासित राज्यों के आदिवासियों के हितों का ख्याल रखने की नसीहत दी। कल्पना सोरेन ने कहा कि उपस्थित भीड़ से साफ पता चलता है कि उनकी जीत हो रही है। अब 23 तारीख का चुनाव परिणाम बताएगा कि यहां भाजपा का अंत हो चुका है। जामताड़ा मंत्री इरफान अंसारी इंडिया का मुकाबला सोरेन परिवार की बहू सीता सोरेन भाजपा उम्मीदवार से है।

स्पीड न्यूज

# ट्रंप ने रुबियो को विदेशमंत्री और तुलसी को खुफिया निदेशक किया नामित

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात के बाद अहम घोषणा की। उन्होंने फ्लोरिडा के सीनेटर मार्को रुबियो को विदेशमंत्री और पूर्व कांग्रेस सदस्य और लेफ्टिनेंट कर्नल तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में नामित किया। राष्ट्रपति जो बाइडन से भेंट के बाद वाशिंगटन से फ्लोरिडा की वापसी के समय ट्रंप ने यह घोषणा की। रुबियो कभी ट्रंप के मुखर आलोचक रहे हैं। आज वह उनके सबसे बड़े समर्थक हैं। इसके अलावा ट्रंप ने फ्लोरिडा के कांग्रेसी मैट गेट्ज को अमेरिका के अटॉर्नी

## मैट गेट्ज होंगे अमेरिका के अटॉर्नी जनरल



जनरल के रूप में नामित किया। उन्होंने लेफ्टिनेंट कर्नल तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक रूप में नियुक्त करने का ऐलान किया। उल्लेखनीय है, रुबियो रूढ़िवादी नेता हैं। चीन, क्यूबा और ईरान के खिलाफ उनका रुख कठोर रहा है। इस वर्ष वह ट्रंप के उपराष्ट्रपति पद के लिए संभावित उम्मीदवारों में शामिल थे। ट्रंप ने एक बयान में फ्लोरिडा के सीनेटर मार्को रुबियो की प्रशंसा की है। रुबियो सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के उपाध्यक्ष और विदेश संबंध समिति

### अमेरिकी कांग्रेस की पहली हिंदू सदस्य तुलसी गबार्ड को मिली अहम जिम्मेवारी

के सदस्य भी हैं। उन्होंने चीन पर सख्त रुख अपनाते हुए टिकटॉक जैसे सोशल मीडिया ऐप्स के खिलाफ आवाज उठाई। विदेशमंत्री के रूप में नामित करते हुए ट्रंप ने रुबियो के बारे में कहा कि वह हमारे देश के लिए मजबूत वकील होंगे। हमारे सहयोगियों के सच्चे दोस्त होंगे। हमारे विरोधियों के खिलाफ कभी भी पीछे नहीं हटेंगे। यह जानना दिलचस्प है कि रुबियो का चयन दो व्यक्तियों के बीच लंबी और जटिल कथानक का हिस्सा है। 2016 में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की दौड़ के दौरान रुबियो ने ट्रंप की आलोचना करते हुए उन्हें धोखेबाज कलाकार और राष्ट्रपति पद के लिए प्रयास करने वाला सबसे अशिष्ट व्यक्ति कहा था। इस पर ट्रंप ने भी उन्हें छोटा मार्को कहकर मजाक उड़ाया था। इसके बाद समय के साथ जैसे-जैसे ट्रंप का प्रभाव बढ़ा, रुबियो ने भी अपना रुख बदलते हुए ट्रंप का समर्थन करना शुरू कर दिया। ट्रंप की घोषणा के अनुसार पूर्व डेमोक्रेट और अमेरिकी कांग्रेस की पहली हिंदू सदस्य तुलसी गबार्ड अब राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में काम करेंगी। वह चार बार कांग्रेस सदस्य रहीं। 2020 में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार और बेस्ट सेलिंग लेखिका हैं। गबार्ड मध्य पूर्व और अफ्रीका के युद्ध क्षेत्रों में तीन बार तैनात रहीं। वह अनुभवी सैनिक हैं। हाल ही में गबार्ड डेमोक्रेटिक पार्टी छोड़कर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हुई थीं। उन्होंने 21 साल की उम्र में हवाई राज्य प्रतिनिधि सभा में अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की। 9/11 के हमलों के बाद वो अमेरिकी सेना में भर्ती होकर इराक में तैनात रहीं। गबार्ड ने साल 2020 में डेमोक्रेटिक पार्टी छोड़ दी थी और अब उन्हें ट्रंप समर्थक माना जाता है। तुलसी गबार्ड की नियुक्ति की खबर सबसे पहले रोजर स्टोन ने अपने एक्स अकाउंट पर साझा की। स्टोन लंबे समय से ट्रंप के मित्र और सलाहकार हैं। सीआईए का नेतृत्व करने के लिए ट्रंप की पसंद जॉन रैटक्लिफ के साथ तुलसी व्हाइट हाउस की शीर्ष खुफिया सलाहकार होंगी। वह 18 जासूसी एजेंसियों की देखरेख करेंगी और राष्ट्रपति की डेली ब्रीफ (खुफिया सारांश) तैयार करने के लिए जिम्मेदार होंगी। ट्रंप ने अपनी नवीनतम कैबिनेट की घोषणा करते हुए कहा कि मैट गेट्ज को बेहद प्रतिभाशाली और मजबूत वकील बताया है। उन्होंने विलियम एंड मैरी कॉलेज ऑफ लॉ से कानून की पढ़ाई की है। उन्होंने न्याय विभाग में जरूरी सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कांग्रेस में खुद को प्रतिष्ठित किया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के लिए सबसे अहम काम न्याय व्यवस्था में पक्षपात को खत्म करना है। मैट गेट्ज सरकार की अनुचित शक्तियों को खत्म करेंगे, हमारी सीमाओं की सुरक्षा करेंगे, अपराधी समूहों से लड़ेंगे और न्याय विभाग में लोगों का खोया हुआ विश्वास फिर से बहाल करेंगे।

## दिल्ली का फूला दम एक्यूआई 400 पार

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार दूसरे दिन वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक श्रेणी में है। गुरुवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक( एक्यूआई) 400 पार कर गया । वायु प्रदूषण और सर्दी बढ़ने के साथ ही सांसों पर संकट बढ़ गया है। राजधानी की हवा में सुबह फैली जहरीली चादर के कारण एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी घटकर 300 मीटर पर पहुंच गई। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, सुबह दिल्ली का औसत एक्यूआई 434 दर्ज किया गया।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम तथा चुराचांदपुर जिले से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मणिपुर पुलिस तथा अन्य सुरक्षा बलों ने मणिपुर पुलिस के एक आईजीपी की देखरेख में बड़ाबेकरा थाना अंतर्गत थांगबोइपुंजी, नारायणपुर गांव और जिरीबाम थाना के चंपानगर में घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान जिरीबाम जिले के चंपानगर क्षेत्र से दो डबल बैरल 12 बोर, एक 2 इंच मोर्टार, 36 जिंदा बैरल कारतूस और पांच खाली बैरल कारतूस बरामद किए गए।

## पाकिस्तान में 12 आतंकी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षाबलों को खुफिया आधारित आतंकवादियों के खिलाफ अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबलों ने बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और उत्तरी वजीरिस्तान में अलग-अलग मुठभेड़ में 12 आतंकवादियों को मार गिराया। आईएसपीआर के अनुसार, सुरक्षाबलों को यह सफलता बुधवार को मिली। 12-13 नवंबर को सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर उत्तरी वजीरिस्तान जिले के सामान्य क्षेत्र मीरान शाह में खुफिया आधारित ऑपरेशन शुरू किया।

# कांग्रेस के नेता विदेश में कहते हैं आरक्षण खत्म कर देंगे : मोदी

## ओबीसी को बांटकर सत्ता हासिल करने में जुटा विपक्ष

महाराष्ट्र विस चुनाव

एजेंसी

**संभाजीनगर/मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वे ओबीसी को आपस में लड़ाकर सत्ता हासिल करने में जुटा है। उन्होंने दावा किया कि अगर कांग्रेस को सरकार में आने का मौका मिला, तो एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण रोक देगी। मोदी ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में मुकाबला संभाजी महाराज को मानने वाले देशभक्तों और औरंगजेब का गुणगान करने वालों के बीच है राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए छत्रपति संभाजीनगर में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता और एजेंडा अभी भी वही है, इसलिए पिछले 10 वर्षों से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज का प्रधानमंत्री इन्हें बर्दाश्त ही नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता विदेश में जाकर खुलेआम बयान देते हैं कि वह आरक्षण को खत्म कर देंगे। अब अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कांग्रेस और आघाड़ी वाले एससी, एसटी और ओबीसी समाज को छोटी-छोटी जातियों में बांटने का षड्यंत्र रच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सोच रही है कि ओबीसी जातियों में बंटेगा तो उसकी ताकत कम हो जाएगी और जब समाज की ताकत कम हो जाएगी तो उसे बैठे-बैठे ही फायदा मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि यहीं से कांग्रेस सत्ता में वापसी की तलाश कर रही है। अगर कांग्रेस को सरकार में आने का मौका मिला तो वह एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण रोक देगी। मोदी ने लोगों से इन साजिशों से बचने और एकजुट रहने का आह्वान करते हुए एक बार फिर एक हैं तो सेफ हैं का नारा बुलंद किया। पिछली लगभग सभी चुनावी जनसभाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुद्दे को जोरशोर से उठाया है और एक हैं तो सेफ हैं का नारा बुलंद किया है।

मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र का यह चुनाव केवल नई सरकार चुनने का ही चुनाव नहीं है। इस चुनाव



में एक ओर संभाजी महाराज को मानने वाले देशभक्त हैं और दूसरी ओर औरंगजेब का गुणगान करने वाले लोग हैं। कुछ लोग संभाजी महाराज के हत्यारे में अपना मसीहा देखते हैं। संभाजी महाराज मराठा साम्राज्य की नींव रखने वाले मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे बड़े पुत्र थे। महज 32 साल की उम्र में मुगल बादशाह औरंगजेब ने उनकी हत्या करवा दी थी। मोदी ने कहा कि पूरा महाराष्ट्र जानता है कि छत्रपति संभाजीनगर को यह नाम देने की मांग शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे ने उठाई थी और ऐसा करके महायुति सरकार ने उनकी इच्छा पूरी की। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि औरंगाबाद को छत्रपति संभाजीनगर बनाने पर सबसे ज्यादा तकलीफ कांग्रेस और एमवीए को हुई।

### जम्मु-कश्मीर के लिए अलग संविधान लाने की योजना बना रही कांग्रेस

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने अनुच्छेद 370 को बहाल करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया है। जब हमने कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्त किया तो कांग्रेस ने संसद और अदालत में इसका विरोध किया। अब वे फिर से अनुच्छेद 370 को बहाल करने और कश्मीर में एक अलग संविधान बनाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हर भारतीय चाहता है कि कश्मीर में सिर्फ डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का संविधान हो।

## आदिवासी ही देश के मूल मालिक : राहुल



**मुंबई।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को नंदूरबार की चुनावी सभा में कहा कि आदिवासी ही भारत के मूल मालिक हैं लेकिन उन्हें सरकार में उनके हिस्से की भागीदारी नहीं मिल रही है। उन्हें यह भागीदारी सिर्फ संविधान से ही मिलेगी। राहुल गांधी नंदूरबार में महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में आदिवासी आबादी 8 प्रतिशत है तो भागीदारी भी 8 प्रतिशत होनी चाहिए। केंद्र सरकार जब 100 रुपये खर्च करती है, तो आदिवासी के लिए केवल 10 पैसे तय किए जाते हैं। राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार के लोग सभी आदिवासियों को वनवासी कहते हैं, वे आपके अधिकार छीन रहे हैं। आपकी जमीन, जल, जंगल छीनकर अरबपतियों को दिया जा रहा है। आदिवासी ही भारत के मूल मालिक हैं।

# गाइडेड पिनाका रॉकेट के सभी परीक्षण सफल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गाइडेड पिनाका रॉकेट के सभी 12 परीक्षण पूरे कर लिए हैं, जिसके बाद अब इनके उत्पादन का रास्ता साफ हो गया है। सभी उड़ान परीक्षण तीन चरणों में विभिन्न फील्ड फायरिंग रेंजों में किए गए हैं। परीक्षणों के दौरान रॉकेटों के मापदंडों रेंजिंग, सटीकता, स्थिरता और कई लक्ष्यों पर फायर की दर का आकलन किया गया। लॉन्चर उत्पादन एजेंसियों ने अपग्रेड किए गए लॉन्चरों से रॉकेटों के परीक्षण किये हैं। डीआरडीओ ने गुरुवार को बताया कि प्रोविजनल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट्स (पीएसक्यूआर) वैलिडेशन ट्रायल के हिस्से के रूप में हथियार प्रणाली के उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे किये गए हैं। सटीक हमला करने में सक्षम पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम पूरी तरह से स्वदेशी है, जिसे आमार्मेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट ने रिसर्च सेंटर इमारत, रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला और प्रूफ एंड एक्सपेरीमेंटल एस्टेब्लिशमेंट के सहयोग से डिजाइन और विकसित किया गया है। पिनाका रॉकेट के लिए म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड और इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड ने गोला-बारूद तथा टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और लार्सन एंड टूब्रो ने लॉन्चर और बैटरी कमांड पोस्ट तैयार किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस प्रणाली के सफल पीएसक्यूआर सत्यापन परीक्षणों के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस निर्देशित पिनाका हथियार प्रणाली के शामिल होने से सशस्त्र बलों की तोपखाने की मारक क्षमता में और वृद्धि होगी।


**भारतीय सेना में शामिल होने से तोपखाने की मारक क्षमता बढ़ेगी**



## उप्र में पीसीएस की पीटी अब एक ही दिन होगी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा को एक ही दिन में कराने का निर्णय लिया । दिसंबर में प्रस्तावित आरओ/ एआरओ की प्रारंभिक परीक्षा को स्थगित कर दिया । प्रयागराज में प्रदर्शनकारी छात्रों की मांगों के मद्देनजर सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपीपीएससी को छात्रों के साथ संवाद व समन्वय बनाकर आवश्यक निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

## ब्रिटेन की लेखिका हार्वे ने जीता बुकर पुरस्कार



**लंदन।** साहित्य का जाना माना बुकर पुरस्कार वर्ष 2024 में ब्रिटेन की लेखिका सामंथा हार्वे को उनके उपन्यास ऑर्बिटल के लिए दिया गया है। यह उपन्यास अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर एक दिन की कहानी है, जिसे उन्होंने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान लिखा है। सामंथा हार्वे 2019 के बाद यह पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला हैं।बीबीसी के अनुसार, सुश्री हार्वे को लंदन के ओल्ड बिलिंग्सगेट में एक समारोह में विजेता घोषित किया गया।

